आज

प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, रविवार ८ नवम्बर, २०२६ सौर २२, कार्तिक कृष्ण १५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १६, मूल्य ३.०० रुपये

ame

ADVANCE MEDICAL ENGINEERING

Happy Diwali

May the Festival of Lights bring happiness, prosperity and good health to all.

Your Partner in Complete Healthcare Solutions

"Committed to Excellence. Driven by Innovation. Focused on Your Health."



Mr. Ajay Dubey
Director

Trusted Partnership | Quality Assurance | Complete Hospital Solutions | Expert Technical Support | After Sales Service



ICU & Critical Care Equipment



OT & Surgical Solutions



Hospital Furniture & Infrastructure



Medical Devices & Accessories



Installation & AMC Support

9721140762 | 7379768000

info@advancemedicalengineering.com

www.advancemedicalengineering.com

D-58/12 A 66, Ashok Bhawan, Gandhi Nagar Colony,
Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh – 221002

Since 1980
Goldiee GROUP

इस दिवाली
कोई रिश्ता अधूरा न रहे।

गोल्डी परिवार की ओर से दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



गोल्डी

जहाँ जाए रिश्ते बनाए



डबल इंजन
SPRINKOO™
One One INSTANT NOODLES

For online sales visit - www.goldieeonlinestore.com

www.goldiee.com 1800 123 201201 customercare@goldiee.com
/goldieegroupofficial /goldieegroupofficial /GoldieeGroup /goldieegroupofficial

धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा की नगर पंचायत बूढ़नपुर की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यालय नगर पंचायत बूढ़नपुर
आज़मगढ़।

नगर पंचायत बूढ़नपुर आप से निम्न अपेक्षाएं करते हैं

1. नगर पंचायत को स्वच्छ सुन्दर बनाने में सहयोग करें।
2. जन्म मृत्यु का पंजीकरण समय से करा लें यह आपको काम देगा।
3. प्रतिबन्धित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दें, दैनिक प्रयोग से पॉलिथीन को दूर हटा, पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के थैले को अपनायें। व्यापारी अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर पॉलिथीन का प्रयोग न करें
4. अतिक्रमण एक संज्ञेय अपराध है, सार्वजनिक नालों, नालियों एवं सड़कों की पटरियों पर अतिक्रमण न करें।
5. खुले स्थान पर शौच करना एक सामाजिक अपराध है। अतः एव खुले स्थान पर शौच न करें एवं नाली में मल इत्यादि न बहायें। इसको करने पर आपके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही की जा सकती है।
6. संक्रमण रोग से बचने के लिये सड़े-गले सामानों का प्रयोग न करें।
7. भवन मानचित्र नियम के अन्तर्गत रहते हुए नगर पंचायत बूढ़नपुर से स्वीकृत करायें तथा भवन का निर्माण स्वीकृति मिलने के बाद ही करायें।
8. नगर के प्रत्येक भवन स्वामी कम से कम दो वृक्ष अवश्य लगायें।



मंशाराम
अध्यक्ष
नगर पंचायत बूढ़नपुर, आजमगढ़



गुडलक सिंह
नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि (समाजसेवी)



आशीष कुमार राय
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बूढ़नपुर, आजमगढ़

पत्रांक- मेमो / न0प0बू /2026-27

धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर नगर पालिका बिलरियागंज की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलरियागंज, आजमगढ़
स्वच्छ सर्वेक्षण, 2027

हम सब ने ठाना है। बिलरियागंज को स्वच्छ बनाना है।। वृक्ष धरा का भूषण है। करता दूर प्रदूषण है।।
मन में यह संकल्प जगाये। प्लास्टिक कभी प्रयोग में न लाये।। स्वच्छता अपनाये। बीमारी दूर भगाये ।।

नगर पालिका परिषद बिलरियागंज आप से निम्न अपेक्षाएं करते हैं

1. प्लास्टिक / थर्माकॉल का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इस का उपयोग करता हुआ पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही एंव अर्थदण्ड का प्राविधान है।
2. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य कराये। 3. गृहकर, व्यवसाय कर एंव जलमूल्य की अदायगी समय से करें।
4. पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एंव नगर पालिका परिषद का सहयोग करें। 5. नं0 पा0 प0 बिलरियागंज आज़मगढ़ को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। खुले में शौच करना एंव गंदगी फैलाना एक सामाजिक अपराध है। खुले में शौच करने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही एंव अर्थदण्ड लगाया जायेगा।
6. जल ही जीवन है इसे अनावश्यक न बहाये। 7. सार्वजनिक पोखरी, तालाब, मैदान सड़क नाला नाली के उपर अवैध अतिक्रमण न करें।
8. प्रकाश विन्दु को न तोड़े, दिन में बल्ब आदि जलता पाया जाने पर नगर पालिका परिषद को सूचित करें।
9. नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त सड़क पर कूड़ा न डाले। नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें।
10. सूखा कूड़ा एंव गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबीन में डाले। 11. कोई पैसा कृत्य न करें, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो तथा जनमानस को हानि हो।
12. (DCCC) टोल फ्री नं0-1533

यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बिलरियागंज, आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बिलरियागंज, आजमगढ़

पत्रांक- मेमो / न0पा0प0वि/2026-27 दिनांक 05.11.2026

समस्त सभासदगण एवं नगरवासी, नगर पालिका परिषद,बिलरियागंज-आजमगढ़

आज

प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

वाराणसी, रविवार ८ नवम्बर, २०२६ सौर २२, कार्तिक कृष्ण १५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १६, मूल्य ३.०० रुपये



ई२० पेट्रोल में २० फीसदी से अधिक इथेनॉल मिलानेका राहुलने किया दावा

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल में निर्धारित मात्रा से अधिक इथेनॉल मिलाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक के सात जिलों में पेट्रोल के 14 नमूनों की जांच में 11 में 20 फीसदी से अधिक इथेनॉल पाया गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कर्नाटक सरकार ने सात जिलों से पेट्रोल के नमूने लेकर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में उनकी जांच कराई। जांच में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आई ओ सी एल) के एक नमूने में 31.2 फीसदी और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) के एक नमूने में 30.5 फीसदी इथेनॉल मिलने का दावा किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि उपभोक्ता निर्धारित कीमत पर पेट्रोल खरीद रहे हैं, लेकिन उन्हें निर्धारित मात्रा से अधिक इथेनॉल मिला ईंधन दिया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि 20 फीसदी से अधिक इथेनॉल मिलाने वाली तेल कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई कब की जाएगी।

प्रदेश कर्मचारियों को तीन प्रतिशत डीए वृद्धिका तोहफा

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य से प्रभावी होगी। इस संबंध में शासनादेश भी शनिवार को जारी किया गया है। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान नवंबर 2026 के नियमित वेतन के साथ किया जायेगा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश के नियमित कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय



कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान पर कार्यरत पदधारकों का महंगाई भत्ता (डीए) 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अब कर्मचारियों को 60 प्रतिशत के स्थान पर 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2026

६० से बढ़कर ६३ प्रतिशत हुआ महंगाई भत्ता

निकायों और अन्य पात्र कर्मचारी वर्गों को भी राहत देने वाला है। शासनादेश के अनुसार, 1 जुलाई से 31 अक्तूबर 2026 तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान के लिए अलग-अलग श्रेणियों के कर्मचारियोंके (शेष पृष्ठ सात पर)

टेक महिंद्राके एशिया हेड की गोली मारकर हत्या

फरीदाबाद (एजेंसी)। हरियाणा के फरीदाबाद से एक बड़ी और हैरान करने वाली खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां धनतेरस की रात पार्किंग विवाद में टेक महिंद्रा के एशिया हेड परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि, सेक्टर-21सी स्थित एक बहुमंजिला इमारत की पार्किंग में पड़ोसी मोनू शर्मा से कहासुनी के बाद उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी। परमजीत को नौ गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपनी लाइसेंसी पिस्टल से करीब 15 राउंड फायरिंग करने के बाद परिवार सहित फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, परमजीत धनखड़ का परिवार सेक्टर-21सी की बिल्डिंग नंबर-641 में पहली मंजिल पर रहता था और आरोपी मोनू शर्मा का परिवार बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर रहता है। (शेष पृष्ठ सात पर)



जिन लोगों ने राम को अपमानित किया वह अयोध्या आना चाहते हैं-मुख्यमंत्री

अयोध्या (आससे)। दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से अयोध्या की भव्यता और त्रेतायुग की स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आज की अयोध्या उसी त्रेतायुग की याद



दिलाती है, जब 14 वर्ष का वनवास पूरा कर प्रभु श्रीराम, माता जानकी, अनुज लक्ष्मण और पवनसुत हनुमान के साथ अयोध्या लौटे थे। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई 'अवधपुरी अति रुचिर बनायी, देवन्ह सुमन बृष्टि नभ लायी' का उल्लेख करते हुए कहा कि आज अयोध्या में बिल्कुल वैसा ही अलौकिक दृश्य दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से रामलला के विराजमान होने के समय भी आसमान से पुष्पवर्षा का ऐसा ही दिव्य दृश्य देखने को मिला था। सीएम योगी ने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि सुनने में आया है कि कुछ लोग अयोध्या आना चाहते हैं। लेकिन अयोध्या आने से पहले वह साधु संतों से माफी (शेष पृष्ठ सात पर)

श्रीरामजन्मभूमि मंदिर संपूर्ण हिंदू स्वाभिमान का स्मारक-उपराष्ट्रपति

अयोध्या (आससे)। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने श्रीरामजन्मभूमि मंदिर को संपूर्ण हिंदू स्वाभिमान का स्मारक बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आंदोलन और रामभक्तों के महान त्याग व बलिदान के कारण ही नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और पिछले 12 वर्षों से देश का नेतृत्व कर रहे हैं, योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और वह स्वयं एक छोटे किसान परिवार से निकलकर भारत के उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचे।



स्थापित है। उपराष्ट्रपति शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्याधाम में दीपोत्सवके 10वें संस्करण को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर और हिंदू (शेष पृष्ठ सात पर)

करीब 500 वर्षों तक रामजन्मभूमि लाखों रामभक्तों की आस्था और अधूरी आकांक्षा का केंद्र बनी रही। सदियों के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद आखिरकार श्रीराम जीते और आज उनकी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर

उस्ताद बिस्मिल्लाह खां का पुश्तैनी घर गिराने पर देश से माफी मांगे भाजपा-आराधना

लखनऊ (आससे)। शहनाई सम्राट उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ के वाराणसी स्थित पुश्तैनी घर पर बुलडोज़र चलाये जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नाराजगी जतायी है। जारी बयान में उन्होने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ को तीनों पद्म पुरस्कारों पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषणके साथ-साथ देशके सर्वोच्च नागरिक सम्मान (शेष पृष्ठ सात पर)



बारहको परिवार संग अयोध्या जायेंगे अखिलेश, करेंगे रामललाके दर्शन

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 12 दिसम्बर को परिवार के साथ अयोध्या जायेंगे। यहां वह राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। सपा नेता और पूर्व मंत्री पवन पांडे ने अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे की तारीख की जानकारी दी। पवन पांडे के मुताबिक, अखिलेश यादव के साथ उनकी पत्नी डिंपल यादव, बेटा और बेटी भी अयोध्या पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि सपा प्रमुख का यह दौरा पूरी तरह धार्मिक (शेष पृष्ठ सात पर)

चढ़ावा किसी की निजी जागीर नहीं, जवाबदेही तय होनी चाहिए-कांग्रेस

नयी दिल्ली (आससे)। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपना हमला तेज करते हुए, कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि चंदा और चढ़ावा देश की आस्था है, किसी की निजी जागीर नहीं तथा इसकी चोरी का पूरा सच देश के सामने आना चाहिए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाय। विपक्षी दल ने इस मुद्दे पर तीन सवाल भी किये। पार्टी ने पूछा क्या आठ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होना ही पर्याप्त है? पूरे (श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र) ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन की स्वतंत्र जांच क्यों नहीं होनी चाहिए? (शेष पृष्ठ सात पर)



अशोक मसाले

स्वाद जिंदगी में, मस्त बना ले...

Ashok CHHOLE MASALA

Ashok SABJI MASALA

Ashok SHAHI PANEER MASALA

*Serving Suggestions

शुभ दीपावली

दीपों से रोशन हर द्वार,
स्वाद से महके हर त्योहार !



commaddesign.com

अशोक गृह उद्योग केन्द्र प्रा० लि० | 51/92, नयागंज, कानपुर-208001 (इंडिया)

Toll Free No.: 1800 120 1957 | Website: www.ashokmasale.in | Email: agukl@ashokmasale.in

मंटोरा ग्रुप की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

From the house of

बावर्ची®



MANTORA OIL PRODUCTS PVT. LTD.

26/49 Birhana Road, Kanpur Pin-208001
info@mantoragroup.com
Follow Us:

Trade Enquiry Contacts:

Edible Oil Division No:. 9307605069

Soap Division No:. 8808712345

Toll Free No:. 1800 121 1227

आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

हत्या की आशंका

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के बिरोही गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब घर से करीब 100 मीटर दूर आम के पेड़ पर 32 वर्षीय युवक का शव चद्दर के फंदे से लटकता मिला। मृतक की पहचान शिवशंकर यादव उर्फ दयाशंकर यादव पुत्र स्व. लालता प्रसाद के रूप में हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। मृतक के बड़े भाई कृपाशंकर यादव ने बताया कि शिवशंकर दो माह पूर्व गुजरात की एलएंडटी कंपनी में नौकरी करने गया था। 15 अक्टूबर को घर में आयोजित मुंडन संस्कार में शामिल होने आया था। इसके बाद शनिवार को वापस नौकरी पर चला गया था। पिछले दो दिनों से उसका मोबाइल बंद बता रहा था। मृतक की पत्नी सोनी देवी भी मायके गई हुई है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार शाम 6ः21 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन स्थित एटीएम से साढ़े छह हजार रुपये निकालने का मैसेज मोबाइल पर आया था। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। घटना के बाद छोटे भाई राहुल सहित परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर अष्टभुजा चौकी पुलिस, विंध्याचल पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

इलाज के दौरान तीसरे घायल की भी मौत

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई थीं जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक का ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही मातम छा गया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारीकला गांव निवासी नेता उर्फ रामेश्वर की इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर मीरजापुर में इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। परिजन ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मारने से हुई मौत का मुकदमा दर्ज कराया है।ट्रक व बाइक टक्कर इतनी जोरदार थी कि राम सिगार की ट्रक के टायर के नीचे दबाने से मौके पर ही मौत हो गई। बबुलेश की इलाज के दौरान पीएचसी हलिया में मौत हो गई। वहीं नेता उर्फ रामेश्वर को गंभीर चोटें आई थी, जिसकी मौत ट्रामा सेंटर हो गई है। उमाशंकर ग्राम बंजारीकला, थाना ड्रमण्डगंज की ओर से थाना हलिया में दी गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

हनुमान मंदिरों में हुआ भव्य श्रृंगार, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

छानबे। क्षेत्र के गैपुरा स्थित अंजनेयधाम में हनुमान जी का भव्य श्रृंगार, आरती, पूजन, शोभायात्रा, मानस पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. कृपाशंकर द्विवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अशोक धर दुबे प्रेमी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। इसी क्रम में बरबटा स्थित रामजानकी मंदिर के प्राचीन हनुमान मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सर्रोई, कटरा सर्रोई, गोनौरा, सदलूपुर, बिहसड़ा बाजार, दुगौली, चेहरा और सुमतिया स्थित हनुमान मंदिरों में भी धार्मिक आयोजन हुए। सभी मंदिरों में हनुमान जी का भव्य श्रृंगार, आरती, पूजन, हवन और मानस पाठ किया गया। इस दौरान जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।



फरियाद सुनते सीडीओ। छाया:आज

ब्रेक फेल होने से दो ट्रकों में भिड़ंत, केबिन में फंसा चालक

छानबे। गैपुरा-लालगंज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर मोर्चा पहाड़ी के पास शनिवार सुबह करीब आठ बजे ढलान पर दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। आगे चल रही ट्रक में पीछे से दूसरी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीछे वाली ट्रक का चालक सूरज आदिवासी (22) निवासी घोघम, थाना हनुमना, मध्य प्रदेश घायल हो गया। वह ट्रक के केबिन में स्टेयरिंग के पास फंस गया। सूचना पर पहुंची गैपुरा पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सर्रोई में भर्ती कराया गया। घायल चालक सूरज ने बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल होने के कारण आगे चल रही ट्रक से टक्कर हो गई। दोनों ट्रक मध्य प्रदेश के हनुमना से गिट्टी लादकर चील्ह जा रहे थे। पीएचसी के चिकित्सक डॉ. रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि घायल चालक का उपचार किया गया है। उसके पैर में चोट आई है।

संतों का सत्संग सुन हजारों श्रद्धालु हुए भावविभोर

भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद, बताया सत्संग और प्रभु नाम जप का महत्व

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव में शनिवार को मानव उत्थान सेवा समिति हरिद्वार के तत्वावधान में भव्य सत्संग समारोह आयोजित किया गया। इसमें हरिद्वार से पधारे संत विलक्षणा आनंद महाराज, साध्वी सुजाता बाई और साध्वी महादेवी के प्रवचनों को सुनकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संतों ने कहा कि सत्संग में पहुंचना सौभाग्य की बात है। संतों के मार्गदर्शन से ही मनुष्य को ईश्वर प्राप्ति का मार्ग मिलता है। भगवान की भक्ति के लिए निर्मल मन और सच्चे भाव की आवश्यकता होती है। प्रभु का नाम जपने और सत्संग से मन के विकार दूर होते हैं। साध्वी सुजाता बाई ने भगवान श्रीराम के नागपाश प्रसंग का वर्णन करते हुए गरुड़ जी के संशय और कागभुशुंडी जी से कथा श्रवण कर उसके समाधान की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुरारी पटेल, बीके सिंह, शीतला प्रसाद, शालिग्राम पटेल और मनोज सिंह ने संतों का स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, विकास उर्फ छोटू सोनकर और ताराचंद्र अग्रहरि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

मंडी समिति के महा दीपोत्सव में दीप प्रज्ज्वलन

कृषक दुर्घटना योजना के लाभार्थी को मिला तीन लाख का चेक

अहरौरा। धनतेरस एवं दीपावली के पावन अवसर पर शुक्रवार की शाम कृषि उत्पादन मंडी समिति अहरौरा परिसर में महादीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अहरौरा के सभासद कुमार आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी को तीन लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कुमार आनंद ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि समाज में खुशियां, सकारात्मकता और आपसी सौहार्द का प्रकाश फैलाने का अवसर है। किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत कर देश के खाद्यान्न भंडार को समृद्ध करते हैं। ऐसे में किसानों और उनके परिवारों की सुरक्षा तथा संकट के समय आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना जरूरतमंद किसान परिवारों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने का माध्यम है। उन्होंने मंडी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों की इस आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक सहभागिता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर मंडी समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनकर, सचिव रविकांत ओझा, मंडी इंस्पेक्टर राम आसरे मौर्य, मंडी सहायक सूरज कुमार, मयंक जायसवाल, गुड्डू सोनकर, मुन्नू सोनकर सहित मंडी समिति के कर्मचारी, व्यापारी एवं किसान उपस्थित रहे।

आगामी त्योहारों को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

हलिया। आगामी त्योहारों को लेकर क्षेत्र के बाजारों में रौनक है दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। हलिया, देवरी, कोटाघाट, शिवप्रताप सिंह बाजार, अदवा कालोनी और हथेडा सहित आसपास के बाजारों में दुकानदारों ने त्योहार को देखते हुए अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। दीपावली को लेकर लोग घरों की सजावट, पूजन सामग्री, मिट्टी के दीपक, मोमबत्ती, झालर,मिठाई, फल फूल की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, बच्चों और युवाओं में पटाखों तथा सजावटी सामान की खरीद दारी किया कुल मिलाकर दीपावली पर्व को लेकर लोग अपने घरों को सजाने तथा त्योहार की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

तहसील दिवस पर सीडीओ ने सुनी समस्याएं

हलिया। लालगंज तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी अजीत कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। तहसील दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, चकरोड, आवास, नाली, सड़क, पेयजल सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखते हुए न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान सीडीओ विजय कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर जाकर स्थलीय जांच करते हुए निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, एसडीएम अजीत कुमार ने राजस्व से संबंधित मामलों को सुनते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

धूमधाम से मना एनटीपीसी सिंगरौली का स्थापना दिवस

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी लिमिटेड का 52वां स्थापना दिवस एनटीपीसी सिंगरौली में हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर आयोजित समारोह का मुख्य आकर्षण चिल्का झील परिसर में 150 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का भव्य उद्घाटन एवं ध्वजारोहण रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण संरक्षण और संगठनात्मक एकजुटता की झलक देखने को मिली। समारोह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ई. प्रभाकर राव रहे। वहीं वनिता समाज की अध्यक्षा श्रीमती ई. निर्मला राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत आकर्षक मानव आकृति निर्माण से हुआ। इसके बाद केंद्रीय विद्यालय से चिल्काझील तक प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चिल्काझील परिसर में मुख्य अतिथि ई. प्रभाकर राव ने 150 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का उद्घाटन कर ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बीच आसमान में लहराते विशाल तिरंगे ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना का संचार किया। यह विशाल तिरंगा शक्तिनगर क्षेत्र की नई पहचान बनने के साथ आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं वनिता समाज की अध्यक्षा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद प्रशासनिक भवन पार्क में एनटीपीसी ध्वज फहराया गया और एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के स्थापना दिवस संदेश का विभिन्न सभागारों में सीधा प्रसारण किया गया।सेवा भवन पार्क में आयोजित मुख्य समारोह में एनटीपीसी ध्वजारोहण, केक कटिंग एवं गुब्बारे छोड़कर स्थापना दिवस की खुशियां मनाई गईं। परियोजना प्रमुख ई. प्रभाकर राव ने एनटीपीसी परिवार के सभी कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं सहयोगियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की पांच दशकों से अधिक की विकास यात्रा देश की ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक प्रगति, तकनीकी नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण का प्रतीक है। एनटीपीसी सिंगरौली ने देश की प्रथम सुपर ताप विद्युत परियोजना के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।ॅ

महान दल के जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग मनायी दीपावली

हलिया। दीपावली के पावन पर्व पर शनिवार को महान दल के युवा जिला अध्यक्ष एड चंद्रभान मौर्य ने अपने निजी आवास पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और एकता के साथ रहने की प्रेरणा देता है। त्योहारों के माध्यम से लोगों को एक दूसरे के करीब आने और आपसी संबंधों को मजबूत बनाने का अवसर मिलता है।सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के लोगों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

अपना दल (एस) की बैठक में संघटन की मजबूती पर जोर

मीरजापुर। अपना दल (एस) की जिला संगठन की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय पथरिया रोड पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंजी. रामलौटन बिंद ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच वंश नारायण पटेल तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव लाल बहादुर पटेल रहे। बैठक का शुभारंभ पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में नगर, मड़िहान, चुनार, मझवां और छानबे विधानसभा के अध्यक्षों ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। जिलाध्यक्ष ने संगठन की कमियों को दूर करने और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों से जनसंपर्क बढ़ाने, मतदाता सूची का सत्यापन करने और नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि वंश नारायण पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) किसानों, नौजवानों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज है। संगठन की मजबूती के आधार पर 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को सफलता मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की। बैठक में 29 नवंबर को प्रयागराज में प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने सभी विधानसभाओं से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान छह लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें अजय पाल बिंद, मुंशीलाल बिंद, धर्मेंद्र कुमार धरकार, अभिषेक राज धरकार, गोपीनाथ कोल और लालजी कोल शामिल रहे। नवागत सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, दुखरन सिंह पटेल, ज्ञानचंद कनौजिया, सुनील सिंह पटेल, सतीश बिंद, जिला उपाध्यक्ष राधिका बेलदार, राधेश्याम पटेल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान सहित विभिन्न मंचों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बैठक का समापन किया गया।

बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम बनाने का निर्देश

नरक चतुर्दशी पर भक्तों ने मंदिर पर टेका मत्था

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के महुगढ़ी गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर नरक चतुर्दशी व हनुमान जयंती के अवसर भक्तों की भारी भीड़ रही। मंदिर पुजारी पंडित कृपाशंकर शुक्ल ने बताया कि नरक चतुर्दशी व हनुमान जयंती के अवसर पर करीब दस हजार भक्तों ने संकटमोचन हनुमान जी का दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर पुजारी ने बताया कि प्राचीन हनुमान मंदिर की महिमा अपरम्पार है यहां आने वाले भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

रंग बिरंगी झालरों से सजा घर-आंगन

दीपावली की पूर्व संध्या पर बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़

सोनभद्र। दीपक पर्व दीपावली की पूर्व संध्या पर जिले के सभी बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने अपने-अपने जरूरतों की सामानों की खरीदारी की। बाजार में देर रात तक सामानों की खरीदारी की गई। राबर्ट्सगंज स्थित बाजार में इलेक्ट्रानिक, पटाखों, मिठाईयों, कपड़ों, आभूषणों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। घरों को रंग बिरंगी झालरों, बत्तियों से सजाया गया था जो रात के समय मनोहारी दिखाई दे रहा था। रात के समय झालरों की रंग बिरंगी नजारा देखते ही बन रही थी। जगह-जगह महिलाओं द्वारा आकर्षक ढंग से रंगोली बनाई गई थी बच्चों में आतिशबाजी करने का एक अनोखा अंदाज देखने को मिला। बीते शुक्रवार को कई विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विभिन्न रंगों में रंगोली बनाकर शिक्षकों को प्रभावित किया। दीपावली के दिन लोग अपने-अपने घरों में लक्ष्मी गणेश की पूजन अर्चन कर धन संचय के साथ सुख समृद्धि की कामना करेंगे। दीपावली मनाने को लेकर बच्चों के साथ-साथ युवाओं में खासा उत्साह देखा गया।



लक्ष्मी-गणेश की पूजन अर्चन कर धनसंचय,सुख समृद्धि की कामना करेंगे आज

पेड़ से लटका मिला आढ़ती का शव

बीते कुछ महीनों से व्यवसाय के हिसाब-किताब को लेकर डिप्रेशन में चल रहे थे करूणाकांत, परिजनों में कोहराम

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दुद्धी कस्बा स्थित बीआरडी पीजी कॉलेज के ठीक पीछे वन विभाग के नर्सरी परिसर में शनिवार को आढ़ती का शव पलास के पेड़ से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त 58 वर्षीय करुणाकांत उर्फ लल्लन प्रसाद, पुत्र बासदेव, निवासी वार्ड नं 08 दुद्धी के रूप में हुई है। घटना स्थल पर मृतक की बजाज सिटी 100 बाइक भी पाई गई है, जिसके सहारे पलास के पेड़ तक पहुंचकर यह कदम उठाए जाने की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग के एक कर्मचारी ने नर्सरी परिसर में पेड़ से शव को लटकते हुए देखा। कर्मचारी जिसके बाद तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों और कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा कि मृतक करुणाकांत उर्फ लल्लन प्रसाद आढ़ती का व्यवसाय किया करते थे। बीते कुछ महीनों से व्यवसाय के हिसाब-किताब को लेकर वे काफी डिप्रेशन में चल रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि सुबह अपने (आढ़त गद्दी) के दुकान पर मजदूरों के साथ पुताई कराने को लेकर निकले हुए थे। लेकिन अचानक मौत की खबर मिली।

अवैध देशी शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र। जिले की थाना मांची पुलिस ने शनिवार को समय करीब 11:30 बजे चेकिंग के दौरान ग्राम चिचलिक से अवैध शराब की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिकअप वाहन में लदी 1 हजार 845 फरूटी पाउच कुल 369 लीटर ब्लू लाइन देशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब की कीमत 1लाख 47 हजार 600 रूपये बताई जाती है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे आसपास के क्षेत्रों से फुटकर में शराब खरीदकर एकत्र करते थे तथा उसे बिहार ले जाकर दोगुने दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। अभियुक्त रविरंजन मेहता, पुत्र नवल किशोर निवासी ग्राम डुमर सोता थाना कांडी जिला गढ़वा झारखण्ड, शौरभ कुमार पुत्र महेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम तिलोखर थाना चिउटिया जिला रोहतास बिहार, विष्णु कुशवाहा पुत्र अशोक मेहता ग्राम चरकोनवा थाना पन्नूगंज जिला सोनभद्र के निवासी हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मांची पर मु0अ0सं0 61/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर, विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, थाना मांची, जनपद सोनभद्र, उपनिरीक्षक राजनाथ सिंह यादव, राधेश्याम सिंह यादव, हेड कांस्टेबल श्यामलाल, थाना मांची, जनपद सोनभद्र शामिल रहे।

मोरवा निरीक्षक ने संभाली यातायात व्यवस्था

सिंगरौली। धनतेरस पर बाजार में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मोरवा थाना निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए। बाजार के बागी रेडियो हाउस रोड, सिंडिकेट बैंक रोड, गुरुद्वारा रोड आदि विभिन्न मार्गों और प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग कर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। इसके चलते बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों व चार पहिया वाहनों की आवाजाही नहीं होने दी गई।

महिला कामन हाल का एसबीए अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट ने शनिवार की शाम महिला कामन हाल का शिलान्यास विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया। निर्माण होने पर अब सोनभद्र बार एसोसिएशन की महिला अधिवक्ताओं की परेशानी दूर हो जाएगी। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि महिला अधिवक्ताओं की परेशानी को देखते हुए कामन हाल बनवाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिलान्यास होने के बाद से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, ताकि महिला अधिवक्ताओं को यथाशीघ्र सुविधा मिल सके। इसकी मौके पर मौजूद सभी लोगों ने सराहना की है। इस मौके पर महामंत्री योगेश कुमार दूबे गीता गौर, आनंद मिश्रा, पवन मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंघल, अखिलेश पांडे, राजीव सिंह गौतम, विजय प्रकाश पांडे, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रभात मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, धीरज सिंह, नरेंद्र सिंह, रमेश कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

हनुमान की आराधना करने से ऊर्जा, जीवन की बाधाएं होती हैं दूर

डाला(सोनभद्र)। स्थानीय नगर क्षेत्र के बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर जय हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान मंदिर को फूल-मालाओं समेत रंग-बिरंगी झालरों व गुब्बारों से सजाकर शनिवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सुबह 11 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार से मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के बाद संगीतमय हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। इसके बाद हनुमंत लाल की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जय हनुमान सेवा समिति के जिम्मेदार सदस्य जगदीश तिवारी ने कहा कि इस दिन हनुमान जी की आराधना करने से नकारात्मक ऊर्जा, भय और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।हनुमत भक्तों के सहयोग से समिति द्वारा विगत चौदह वर्षों प्रत्येक मंगलवार की शाम सुंदरकांड पाठ का आयोजन होता चला आ रहा है वर्ष भर में दो बार हनुमान जयंती मनाई जाती है चैत्र माह की हनुमान जयंती पर अखंड रामायण पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन होता है।इस दौरान रामनरेश पाठक, संजय मित्तल,संतोष त्रिपाठी,वरुण चौधरी,दक्ष सिंह,ओम प्रकाश तिवारी, कृपाशंकर चौबे आदि मौजूद रहे।

संघटन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाये जाने का आह्वान

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को डीबीए सचिवालय में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जगजीवन सिंह एडवोकेट एवं संचालन एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने किया। इस मौके पर ट्रस्ट के संचालक मंडल के अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एडवोकेट ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वेलफेयर ट्रस्ट सोनभद्र का उद्देश्य अधिवक्ता साथियों के हितों की रक्षा करना, उनके कल्याण के लिए सार्थक प्रयास करना तथा जरूरतमंद अधिवक्ताओं को सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराना है।

प्रदूषणकी भयावहता

ज्योतिका महापर्व दीपावली आज पूरे देश और विदेशमें बसे भारतीय प्रवासी पूरे उल्लास और हर्षोल्लासके साथ मना रहे हैं। यह हिन्दुओंका प्रमुख त्योहार है जिसे प्रकाश पर्वके नामसे भी जाना जाता है। तमसो मां ज्योतिर्गमय इस पर्वका मूल भाव है। इस पर्वको बुराईपर अच्छाई, अज्ञानपर ज्ञान और अन्धेरेपर प्रकाशकी जीतका प्रतीक माना जाता है। इस पर्वपर रातभर पटाखे जलाये जाते हैं और आतिशबाजी भी जमकर की जाती है जिससे वायु प्रदूषण लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शुद्ध वायु जीवनके लिए अत्यन्त आवश्यक है जो प्रदूषणके कारण प्राणघातक होता जा रहा है। पूरे विश्वमें वायु प्रदूषणकी भयावहताका सहज अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि प्रति वर्ष ८० लाखसे अधिक लोग असामायिक मौतोंके लिए वायु प्रदूषणके चलते उत्पन्न हुई बीमारियां जिम्मेदार हैं। वायु प्रदूषणके कारण अस्थमा, कैंसर, स्ट्रोक और फेफड़ेकी असाध्य बीमारियां होती हैं, जो लोगोंकी मृत्युका कारण बनती हैं। यह दुर्भाग्यकी बात है कि इसके बावजूद वायु प्रदूषण राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बन पाया। वायु प्रदूषणके अनेक कारण हैं। बड़े-बड़े कल-कारखानों, वाहनोंसे निकलने वाला धुंआ जिससे भारी मात्रामें कार्बनका उत्सर्जन होता है जिसके कण हवामें मिलकर वायुको प्रदूषित करते हैं। सर्वोच्च न्यायालयने दिल्ली एनसीआरमें बार-बार पैदा हो रहे वायु प्रदूषणके संकटपर गम्भीर चिन्ता जतायी और वाहनोंसे होने वाले उत्सर्जनको वायुकी गुणवत्ता बिगाड़नेका बड़ा कारण बताया। अनेक अध्ययन भी यह स्वीकार कर चुके हैं कि वायु प्रदूषणमें वाहनोंके उत्सर्जनकी एक बड़ी भूमिका है। ट्रैफिक जाम भी एक बड़ी समस्या है, इससे वाहनोंकी रफ्तार थम जाती है और वे रेंगते हुए चलने लगते हैं और वे अधिक विषाक्त धुंआ छोड़ते हैं। ट्रैफिक जामका प्रमुख कारण सड़कोंपर अतिक्रमण है जिसे रोकनेमें जिला प्रशासन पूरी तरह विफल है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठने वायु प्रदूषणसे जुड़े नियामक ढांचेका पड़ताल सम्बन्धी मामलेकी सुनवाईके दौरान वाहनोंसे होने वाले प्रदूषणको नियंत्रित करने वाले उपायोंकी प्रभावशीलतापर सवाल उठाये। यह गम्भीर चिन्ताकी बात है कि इतने उपायोंके बावजूद एक्यूआई ४०० तक पहुंच रहा है। वायु प्रदूषणकी यह स्थिति केवल दिल्ली एनसीआरतक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब तो उत्तर भारतके छोटे शहर भी प्रदूषणकी चपेटमें हैं। इसलिए अब जरूरी है कि इसपर नियंत्रणके लिए सख्त और प्रभावी कदम उठाया जाय।

सुप्रीम फैसला

आरक्षणका उद्देश्य केवल कुछ वर्गोंको सुविधा देना नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और सामाजिक रूपसे वंचित समुदायोंको समान अवसर उपलब्ध कराना है। ऐसेमें आरक्षणके लाभार्थियोंकी पात्रता तय करनेके मानदण्ड भी संविधानकी मूल भावना और सामाजिक न्यायके सिद्धान्तोंके अनुरूप होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालयका यह स्पष्ट कहना कि सार्वजनिक क्षेत्रके उपक्रमों और निजी क्षेत्रमें कार्यरत माता-पिताके वेतन या आयके आधारपर उनके बच्चोंको क्रीमीलेयरमें नहीं रखा जा सकता। न्यायालयने ११ मार्च, २०२६ के अपने फैसलेको दोहराते हुए स्पष्ट किया है कि माता-पिताके पद, सेवाकी स्थिति और श्रेणीके साथ-साथ अन्य निर्धारित मानकोंपर भी विचार करना आवश्यक है। विशेष रूपसे सार्वजनिक क्षेत्रके उपक्रमों और निजी क्षेत्रमें कार्यरत कर्मचारियोंके मामलेमें सरकारी सेवाके समकक्ष पद और स्थितिका आकलन किये बिना केवल वेतनको आधार बनाना उचित नहीं है। यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्रीमीलेयरकी अवधारणाका उद्देश्य आरक्षणका लाभ उन लोगोंतक पहुंचाना है, जिन्हें वास्तवमें इसकी आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रियामें आर्थिक स्थिति और सामाजिक-प्रशासनिक हैसियतके बीच अन्तर करना जरूरी है। समान वेतन पाने वाले दो व्यक्तियोंकी सामाजिक और सेवा सम्बन्धी स्थिति एक जैसी हो, यह आवश्यक नहीं, इसलिए केवल आयको निर्णायक मानना आरक्षणके मूल उद्देश्यको प्रभावित कर सकता है। न्यायालयका यह फैसला सरकारके लिए भी स्पष्ट सन्देश है कि आरक्षणसे सम्बन्धित नीतियां बनाते समय संवैधानिक सिद्धान्तों और न्यायिक दिशा-निर्देशोंके अनुरूप होनी चाहिए। इसके लिए विभिन्न सेवाओंके पदोंकी समयकक्षता निर्धारित करना और सम्बन्धित पक्षोंसे विचार-विमर्श करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय केवल नियम बना देनेसे सुनिश्चित नहीं होता, बल्कि उसके निष्पक्ष क्रियान्वयनसे होता है। आरक्षणकी पात्रता तय करनेमें न तो किसी अपात्रको अनुचित लाभ मिलना चाहिए और न ही किसी वास्तविक पात्रको केवल वेतनके आधारपर अधिकारोंसे वंचित किया जाना चाहिए। सरकारको अब स्पष्ट और पारदर्शी मानदण्ड तैयार करना चाहिए, ताकि आरक्षणका लाभ पात्रोंतक पहुंचे और सामाजिक न्यायकी संवैधानिक भावना बनी रहे।

लोक संवाद

जलते गंगा-जमुनी तहजीबके दीप

महोदय,-दीपावलीकी भरपूर छटा देखनी हो तो गंगा-जमुनी तहजीबके दयारेमें आना चाहिए। अवधमें जहां यह सूफी संतोंकी दरगाहोंमें सबसे अधिक नजर आती है। खासकर विश्वप्रसिद्ध देवा शरीफ और किछौछा शरीफमें। देवा शरीफ उत्तर प्रदेशकी वर्तमान और अवधकी पुरानी राजधानी लखनऊसे बयालीस किलोमीटर तथा अवधका हृदय कहलाने वाले बाराबंकी जिलेके मुख्यालयसे महज बारह किलोमीटरकी दूरीपर स्थित है, जबकि किछौछा शरीफ फैजाबाद जिलेको विभाजित करके बनाये गये अंबेडकरनगर जिलेमें स्थित है। देवा शरीफकी सीख है कि दीनको मानकर जो झगड़े होते हैं, वे दीनको जानकर नहीं होते। इस दरगाहमें दीपावलीपर 'जो रब है वही राम है' के नारोंके बीच दीये जलाकर जश्न-ए-चरागां मनाया जाने लगता है तो किसीको भी अपना हिन्दू, सिख या मुसलमान वगैरह होना याद नहीं रह जाता! इस अवसरपर देशके विभिन्न हिस्सोंसे यहां आये विभिन्न धर्मों, बोलियों और भाषाओंके अनुयायी लौटते समय अपने साथ और कुछ ले जायं या नहीं, अनेकतामें एकता, शांति और सौहार्दके संदेश जरूर ले जाते हैं। यह दरगाह अवधके अपने समयके जाने-माने सूफी संत हाजी वारिस अली शाहकी कर्मस्थली है, जिन्हें वारिस सरकारके नामसे भी जाना जाता है। दरगाहके दरवाजेको 'कौमी एकताका दर' कहा जाता है। यहां कौमी एकताको बढ़ावा देने वाले नारे लगाये जाते हैं। कई लोग इसकी परम्पराओंको अवधके नवाबों, खासकर नवाब वाजिद अली शाह और उनकी बेगम हजरत महल द्वारा पाली-पोसी जाती रही उस तहजीबसे भी जोड़ते हैं, जिसमें भेदभावके लिए कोई जगह नहीं रही। कहा जाता है कि गंगा-यमुनाके इलाकोंमें इस तहजीबको जिन लोगोंने पाला-पोसा, उसे आगे बढ़ानेका काम मुख्यतः सूफी संतोंने ही किया। अवधमें ऐसे कई सूफी संतोंकी जन्मस्थलियां और साधनास्थलियां स्थित हैं। इनमें मलिक मुहम्मद जायसीका नाम भी उल्लेखनीय है। जैसा कि उनके नामसे ही जाहिर है, उनका जन्म जायसमें हुआ था। दीपावलीके दिनसे शुरू होने वाला किछौछ शरीफ मेला चालीस दिनोंतक चलता है और 'अगहन मेला' कहलाता है। इसमें देशके प्रायः हर कोने से लोग आते हैं। चाहे शहरी हों या ग्रामीण। इस मेलेमें दीपावली और एकादशीके अलावा बृहस्पतिवारके दिनको भी विशेष महत्व दिया जाता है। दीपावली की रात दरगाह स्थित 'नीर शरीफ' (सरोवर) के तटपर मोमबत्तियां और घीके दीये रोशन किये जाते हैं तथा दरगाह परिसरको खुशबूदार अगरबत्तियोंसे सुवासित किया जाता है। इस दीपोत्सवको अगहन मेलेका असली तेवर कहा जाता है। इस अवसरपर छोटे बच्चोंका मुंडन भी करवाया जाता है। गुस्ल मुबारकका दो दिवसीय मेला इस मेलेसे अलग होता है। संत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानीके बारेमें कहा जाता है कि उनका जन्म ईरानके सिमनान प्रांतमें हुआ था और वे मात्र तेरह वर्षकी उम्रमें ही वहांके शासक बन गये थे। लेकिन राजकाजमें उनका मन नहीं लगा तो उन्होंने गद्दी छोटे भाईको सौंप दी और फकीरीकी राहपर चल पड़े। दुनियाभरमें सूफी मतका प्रचार करते हुए वे भारत आये और किछौछा पहुंचे तो वहींके होकर रह गये। दरगाहका सालाना उर्स मेला मोहर्रम महीनेकी पचीसवींसे अट्ठाइसवीं तारीखतक चलता है। रजबके महीनेमें लगने वाले दो सप्ताहके अजमेरी मेलेका भी अलग ही आकर्षण होता है। इसमें अजमेर शरीफ जाने वाले जायरीन अपनी रवानगीसे पहले यहां हाजिरी देकर संतकी दुआ लेते हैं। इतना ही नहीं, हर महीनेके पहले बृहस्पतिवारको नौचंदी मेला लगता है, जिसे मासिक मेला भी कहते हैं। **-कृष्ण प्रताप शर्मा, वाया ईमेल।**

सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है दीपोत्सव

प्रकाश सामान्य पदार्थ नहीं है। सृष्टिके आदिकालसे मनुष्य प्रकाशका प्यासा है। वैदिक ऋषियोंने तमसो मा ज्योतिर्गमयके स्तुतिवाचन किये हैं। प्रकृतिमें प्रकाशके अनेक स्रोत हैं। मेरे मनमें बार-बार आता है कि सूर्य प्रति दिवस नियत समय उगकर हम सबका कुशलक्षेम जाननेके लिए ही आते हैं।

❐ हृदयनारायण दीक्षित

प्रकाशके अनेक रूप हैं। प्रकाशके एक रूप सूर्य हैं। प्रकाश दिव्यता है। जहां-जहां दिव्यता है, वहां-वहां देवता। भारतीय चिन्तनमें प्रकाश और ज्ञान पर्यायवाची हैं। इसीलिए प्रकाशदाता सूर्य उपास्य देवता हैं। ऋग्वेदके एक मंत्रमें सूर्य-सवितासे प्रकाशके वरणकी प्रार्थना की गयी है-तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो न: प्रचोदयात्। अग्नि भी प्रकाशदाता हैं। ऋग्वेदमें उन्हें कवि और परम विद्वान बताया गया है। लेकिन सूर्यकी बात दूसरी है। वे आत्मसंयमी कर्मठ देवता हैं। सूर्य लाखों वर्षोंसे लगातार तप रहे हैं। सोचता हूं कि उनका ईंधन कबतक जलेगा। प्रकाशके लिए ईंधनकी आवश्यकता होती ही है। प्रकाशदाता सूर्य जब आते हैं, तब ऊषा कहलाते हैं। जाते हैं तो प्रकाश और अंधकारके मिलन बिन्दुको संध्या कहते हैं। हमारे पूर्वजोंने अंधकारसे भरी पूरी अमावस्याको प्रकाशसे भर दिया। प्रकाश उत्सव मनानेके लिए दीप प्रतीक बनाया गया। दीप भारतके सांस्कृतिक मनकी खूबसूरत धारणा है। प्रकाश है तो भारतका मन मनोरम होगा ही। मेरे लेखे प्रकाशमें गंध भी होती होगी। प्रकाशमें सात रंग होते हैं। सात दिन होते हैं। ध्वनिमें सात सुर होते हैं। दीपावलीकी रात सात सुर, सात रंग सब एक साथ समवेत होते हैं।



मैं विश्वासपूर्वक प्रकाशको गंधपूर्ण नहीं कह सकता। लेकिन दीपावलीके महापर्वमें भारतका मन सुगंधसे भर जाता है। अंग्रेजीके प्रतिष्ठित कवि शेलीने प्रकाश गंधका उल्लेख किया है। उन्होंने एडोनिस नामकी कवितामें कहा है कि 'ह्वेन स्प्लेंडर इज चेंज्ड टू फ्रेगरेंस-जब प्रकाशकी आभा गंधमें बदल जाती है, तब जैसे नक्षत्रोंने अपना रूप बदल लिया है फूलोंमें।' यहां नक्षत्रकी आभाका रूपांतरण हो गया है और प्रकाश गंध बन गया है। दीप प्रकाशमें भी गंध है। लेकिन थोड़ा अंतर जान पड़ता है। प्रकाश अक्षुण्ण है और प्रकाशमें भी गंध होती है। हम भारतवासियोंको प्रकाश गंधका अनुभव भले ही न हो, लेकिन दीपोत्सवकी गंधसे सारा भारत मदमस्त रहता है। भारतका मन संस्कृतिसे बना है और संस्कृति भारतके मनसे बनी है। हम भारतवासी हजारों वर्षोंसे दीपरसके प्यासे हैं।

प्रकाश रस या गंध अति सूक्ष्मतर है। सूक्ष्म सुन्दर होता भी है। सुन्दरता भी सूक्ष्म ही है। जान पड़ता है कि प्रकृतिका सारा सौन्दर्य, आभा, प्रभा, सुगंध या सरस मधुमय चेतन सूक्ष्म ही है। यहां संग्रही लोगोंके लिए कोई सुविधा नहीं। सूक्ष्मका संग्रह असंभव है। ऐसे प्रयासमें चेतन फिसल जाता है और मृत काया ही हाथ आती है। तोता मैना या गीत गाता कोई सुन्दर पक्षी मन भावन होता है। अपने साथ लाइ तो गीत छूट जाते हैं, सौन्दर्य फिसल जाता है। प्राणी आता है, प्राणोंका छन्द खो जाता है। लेकिन दीप प्राणमय है। दीप हमारे पूर्वजोंकी कृति है। प्रकृति नहीं सुकृति। इसलिए संस्कृति। तुलसी दास मध्यकालीन महाकवि हैं। रामचरित मानसके उत्तरकाण्ड वाला ज्ञानदीपकका प्रसंग गानेका मन करता है।

विज्ञान दीप है यह। यहां योगकी अग्नि है ज्ञानका घृतरस है। बुद्धि विज्ञानरूपिणी है। तीन गुणोंसे युक्त कपासकी बाती है लेकिन इसे बनानेमें चित्तकी तुरी-अवस्थाका प्रयोग किया गया है-तूल तुरीय संवारि पुनि बाती करै सुगाणि। फिर समताका दिया है। दीपककी लौमें 'सो अहं अस्मि'-(मैं सम्पूर्णताका अंश हूं) की वृत्ति है। ऐसेमें बने दीपककी प्रकाशधारा 'दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा' है। तुलसीके मानसका यह दीप भारतीय अन्त:प्रज्ञा और दर्शनका प्रतिनिधि है। मानसकी यह पंक्तियां झमाझम प्रकाश देती है। दुनियाके सभी दर्शनवेत्ताओंको इन्हें ध्यानसे पढ़ना चाहिए।

ज्योति राग हजारों बरससे भारतीय मनकी प्यास है। यह प्यास असाधारण है। साधारण प्यास जलरस पीकर शान्त हो जाती है। ज्योति प्यास पीकर-पाकर और भी बढ़ती है। संत कवियोंने 'ज्योतिसे ज्योति जलाने' की देशना दी है। बुद्धने सीधी मर्मभरी बात कही-'अप्प दीपो भव'। स्वयं दीप बनो। सच भी है। हमारे चित्तका तमस भीतरके दीप प्रज्जवलनसे ही जायगा। महादेवीके काव्यमें भी प्रकाश बेचैनी है। विश्वकवित रवीन्द्रनाथ टैगोरने सीधा दीप-बिम्ब रचा। गाया है 'सूर्य अस्तांचलकी ओर चले। ठिठके। अब प्रकाशका क्या होगा। नन्हें दीपने अंगड़ाई ली। कहा, आप विश्राम करो। मैं तमससे लड़ूंगा। दूंगा प्रकाशदीप्ति।'

सुनते आये हैं कि वैदिक देवोंको आजकी तरहके विशेषाधिकार नहीं थे। वे अपने भक्तोंको नियमविरुद्ध सहायता नहीं कर सकते थे। ऋग्वेदमें उदात्त घोषणा है कि कर्म आलसीकी सहायता देवता भी नहीं करते। वरुण नियमोंका पालन कराने वाले देव हैं। हल उन्हें भी जोतना है। हमारे पूर्वज भी सुगंध प्रिय ही थे। वे त्र्यंबक देवसे स्तुति करते हैं और उन्हें सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनम् बताते हैं। प्रकाश और गंधकी प्यास अनूठी है। भारतीय संस्कृतिमें प्रकाशवाची शब्दोंकी भरमार है। 'भा' का अर्थ है प्रकाश। प्रकाश परम है। हम सबके भीतर वही प्रकाश उगे तो प्रतिभा। उपनिषद्में कहते हैं 'वहां न सूर्य चमकता है, न चन्द्र या तारागण। सब उसी एक प्रकाशसे प्रकाशित हैं।' उसका प्रकाश भा। भा की अनुकम्पासे प्रतिभा। आभा और प्रभा भी। हम सब भी भा-रत हैं। भारत यानी प्रकाशरत ज्योर्तिमय राष्ट्रीयता। अर्जुनको श्रीकृष्णका प्रबोधन मिला। उसे प्रकाश मिला। साधारण प्रकाश नहीं, दिव्य सूर्य सहस्त्राणि। तब हजारों सूर्य एक साथ दीप्तिवान हो गये।

हमारे इन्द्रियबोधकी सीमा है। कवि शेलीके मनमें तारोंके फूल बननेकी बात यूं ही नहीं आयी होगी। शापेन हावर भारतीय दर्शनसे परिचित थे। यूनानी दर्शनके अनेक निष्कर्ष प्राचीन उपनिषद् वाक्योंसे मिलते हैं। भारतके व्यापारी, विद्वान दुनिया घूम रहे थे। उनकी ज्ञानगंधका संस्पर्श यूनानी विद्वानोंको भी मिला हो तो आश्चर्य क्या है। हिराक्लिटस्के ऊष्मा सम्बंधी विचार कठोपनिषद्के अग्नि प्रकरणसे मिलते हैं। थेल्सके जल सम्बन्धी विचार ऋग्वेदके 'आप: मातरम्' की अनुगूंज जान पड़ते हैं। प्रकाशकी दीप्तिका गंध रस बनना भौतिक विज्ञानके लिए शोधका विषय है लेकिन ऋग्वेद या उपनिषद् बोधमें ऐसी बाते सरल एवं सहज हैं। ऋग्वेदके एक मंत्रमें इन्द्रको ही सभी रूपोंमें रूप प्रतिरूप गाया गया है। उपनिषदोंमें अग्नि या वायुको भी सर्वत्र रूप प्रतिरूप देखा गया है। 'वह एक' ही अनेक रूपोंमें प्रत्यक्ष है। वही प्रकाश आभा है और वही सुगंधि। वही रस पूर्ण समग्रता है।

प्रकाश रस या गंध अति सूक्ष्मतर है। सूक्ष्म सुन्दर होता भी है। जान पड़ता है कि प्रकृतिका सारा सौन्दर्य, आभा, प्रभा, सुगंध या सरस मधुमय चेतन सूक्ष्म ही है। यहां संग्रही लोगोंके लिए कोई सुविधा नहीं। ऐसे प्रयासमें चेतन फिसल जाता है और मृत काया ही हाथ आती है। तोता मैना या गीत गाता कोई सुन्दर पक्षी मन भावन होता है। अपने साथ लायी तो गीत छूट जाते हैं, सौन्दर्य फिसल जाता है। प्राणी आता है, प्राणोंका छन्द खो जाता है। लेकिन दीप प्राणमय है। दीप हमारे पूर्वजोंकी कृति है। प्रकृति नहीं सुकृति। इसलिए संस्कृति।

अंतर्मनमें प्रकाश प्राकट्यका उत्सव

उमंग, उल्लास, हर्ष और उत्साहका पर्व है दीपावली। आत्मा नकारात्मकताको छोड़कर सकारात्मकताको अपनाती है। अंतर्मनमें अंधकारका निर्वासन और प्रकाशका प्राकट्य होता है। वास्तविक उत्सव यही है।

❐ प्रवीण दत्त

दीपावली पर्वसे कई धारणाएं और मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। सुखद आश्चर्य है कि दिवालीका जिक्र सतयुगमें है, त्रेतामें भी है, द्वापरमें भी और कलियुगकी कथाओंमें भी। कठोपनिषद्में यम-नचिकेताका प्रसंग आता है। कहा जाता है कि नचिकेता यमलोक गये थे और धर्मराजसे जीवन-मृत्युका रहस्य पता करनेके बाद, मृत्युको जीतकर वापस संसारमें लौटे थे। उनके यमलोकसे आनेकी खुशीमें लोगोंने घीके दिये जलाये थे। माना जाता है कि दीपावली मनाने और दिये जलानेकी परम्परा इसी घटनासे आरम्भ हुई। एक अन्य गाथाके मुताबिक इसी दिन समुद्रमंथनसे देवी महालक्ष्मीका प्रादुर्भाव हुआ था। किंवदंतीके अनुसार ऋषि दुर्वासा जीके श्रापके कारण श्रीलक्ष्मी जीको समुद्रमें समाना पड़ गया था। संसारके लक्ष्मीविहीन होनेपर असुरोंने सुरोंपर आक्रमण कर दिया और आध्यात्मिक गतिविधियोंको छिन्न-भिन्न कर दिया। इससे संपूर्ण विश्वपर संकट आ था। घबराये देवगणोंने श्रीहरिसे याचना की। तब श्रीहरि विष्णुने समुद्रमंथन करवानेकी योजना बनाई। समुद्रमंथनसे चौदहवें रत्नके रूपमें श्रीलक्ष्मी निकलीं, जिनको श्रीविष्णुने ग्रहण किया। लक्ष्मी जीके प्रकट होनेपर देवता, बल एवं तेजयुक्त हो गये और उन्होंने असुरोंका सर्वनाश कर दिया। लक्ष्मी जीके पुन: अवतरणकी इस घटनापर समस्त लोकोंमें दीपमलिका प्रज्वलित की गयी। इस प्रकारसे दीपावलीका आरम्भ हुआ।

दीपावलीके दिन ही भगवान कृष्णने प्रथम बार गाय चराकर, लोगोंको गोसेवा करनेका संदेश दिया था। पौराणिक गाथाओंके अलावा दीपावलीके साथ कुछ ऐतिहासिक घटनाएं भी जुड़ी हैं, जो इस पर्वका महत्व और बढ़ाती हैं। दीपावलीके दिन ही आर्य समाजके प्रवर्तक स्वामी दयानंद और जैन धर्मके प्रमुख तीर्थंकर महावीर जीको निर्वाण प्राप्त हुआ था। अपने कार्योंसे विश्वको अभिभूत करने वाले महान संत स्वामी रामतीर्थका जन्म और मृत्युका अनूठा संयोग भी दिवालीपर ही हुआ था। इसके अतिरिक्त श्रीकृष्ण द्वारा लोककल्याण हेतु गोवर्धन पर्वत धारण करने, भाई दूजपर यम द्वारा अपनी बहन यमुनासे मिलने और महाराज विक्रमादित्य द्वारा विक्रमी संवत्का आरंभ करनेकी कथाएं भी दिवालीसे जुड़ी हैं। दिवालीसे जुड़ी आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक कथाएं अनंत हैं। इन अनंत कथाओंके कारण ही दीपावली सभी वर्गोंमें लोकप्रिय है। लेकिन दीपावलीका केन्द्र बिन्दु हैं-श्रीराम।

वास्तवमें दीपावली यदि जन-जनका त्योहार है तो उसका कारण हैं-श्रीराम। दीपावलीसे पूर्व रामलीलाओं-रामकथाओंके आयोजनोंकी परम्परासे ही जनमानसमें दीपावलीके प्रति उमंग जगती है। सही अर्थोंमें दीपावली संदेश देती है-भगवान रामके जीवनका अनुकरण करने और उनके संदेशोंको आत्मसात कर, आत्माको परमात्मा बनानेका। रावण द्वारा सीताहरण किये जानेके बाद श्रीराम चाहते तो रावणको कहींसे भी ढूंढ़ निकालकर दंडित कर सकते थे। यह उन जैसे महामानवके लिए कोई दुष्कर कार्य नहीं था। लेकिन उन्होंने संसारकी मर्यादाओंका पालन करते हुए, वानर जैसे छोटेसे छोटे चरित्रोंकी सहायतासे जिस संयमसे इस पूरी लीलाको पूर्णता प्रदान की, वह अनूठी है। हनुमान, सुग्रीव, अंगद, विभीषणके प्रति आत्मीयता और उन्हें सम्मान देनेकी श्रीरामकी प्रवृत्ति अनुकरणीय है। आज हम देखते हैं कि थोड़ा-सा वैभव, बल और थोड़ी-सी विद्या पाते ही मनुष्य अहंकारी हो जाता है और निर्बलोंपर अत्याचार करने लगता है। भगवान राम हमें प्रेरणा देते हैं कि अहंकार रहित होकर और सभी मर्यादाओंका पालन करनेमें ही मानवका कल्याण निहित है। इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा गया है। रामायणमें उल्लेखित एक-एक प्रसंग हमारी धरोहर है, जिसे आत्मसात कर हम अंधकार, अहंकार और अनिश्चयकी स्थितिसे निकल सकते हैं। दीपावली राह दिखाती है कि जिस तरह उच्च मूल्योंकी स्थापना करते हुए श्रीरामने रावणपर विजय प्राप्त की, उसी प्रकार हम भी अपने अंतर्मनमें स्थायी रूपसे बैठे दुर्विचारोंको नष्ट कर अपनी आत्माको दीपमलिकासे जगमग कर सकते हैं।

दीपावली दरअसल आत्मशुद्धिका पर्व है। जबतक हमारा मन शुद्ध नहीं होगा, जबतक हमारा वातावरण शुद्ध नहीं होगा। सामाजिक बुराइयोंके प्रति जबतक हम जागरूक नहीं होंगे, हमारे कुविचारोंका मैल जबतक नहीं धुलेगा, तबतक दिवाली मनाना, बेमानी होगा। बिना स्वच्छता, बिना प्रकाश कैसी दिवाली और बिना दिवाली कैसा जीवन। वास्तवमें दिवाली हर प्रकारके अंधकारको नष्ट करनेका पर्व है। इस पर्वपर घरको साफसुथरा करनेकी परम्परा है, दीप एवं आतिशबाजीके माध्यमसे अंधकारको जीवनसे भगाने और मनको आलोकित करनेकी परम्परा है। हम इन सभी उपक्रमोंके जरिये सांस्कृतिक परम्पराएं तो निभा लेते हैं, लेकिन भूल जाते हैं कि हमारी संस्कृतिमें दीपावलीका एक अर्थ हमारे परिवेशकी स्वच्छता भी है। स्वच्छता एक सकारात्मक शक्ति पुंज है, जो हमें बाहर और भीतर दोनों ओरसे महकाती है। यदि हम केवल दिखावेके लिए झाड़ू हाथमें लेकर खड़े हो जाते हैं और सफाई-कर्म हमारे घरतक ही सीमित रखते हैं। तब हम दिवालीके महत्वको नष्ट करते हैं। प्रवृत्तिमें सार्थक बदलाव ही दीप पर्वका वास्तविक अर्थ है। यह बदलाव यदि हम ला सके तो इसे जीवनका चरमोत्कर्ष कहा जायगा। इन दिनों सोशल मीडियामें एक संदेश सामने आ रहा है कि मीडिया और पर्यावरणके रखवालोंको पर्यावरण बचानेकी याद हमारे त्योहारोंपर ही आती है। जमकर पटाखे छुड़ाओ। स्वच्छता और पर्यावरण बचानेके लिए बाकीके ३६४ दिन हैं। इस प्रकारकी सोच हमारे समाजके लिए घातक है। 'जमकर पटाखे छुड़ायें' एक नकारात्मक संदेश है, क्योंकि पटाखोंसे उत्पन्न, प्रदूषण हमारी सफाई व्यवस्थाको नुकसान पहुंचाता है। इससे हिंदू, मुसलमान नहीं, संपूर्ण समाज प्रभावित होता है। ऐसे संदेशोंको फैलाने और अमलमें लानेसे बचें। दरअसल इन नकारात्मक विचारों और संदेशोंपर विजय पाना भी दिवाली मनानेका मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। ओशो कहते हैं-आदमी एक अंधेरा है। आदमी है अमावसकी रात और दिवाली तुम बाहर कितनी ही मनाओ, भीतरका अंधेरा बाहरके दीयोंसे कटता नहीं, कटेगा नहीं। हमारी सारी जीवन ऊर्जा बाहरकी तरफ यात्रा कर रही है। यह ऊर्जा भीतरकी तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। आइये इस दिवाली हम भी संकल्प लें कि छलावायुक्त बाहरी आवरणको छोड़कर अपने अंतसको उजालेसे भरेंगे। जीवनको आनन्दमय करेंगे, समाजको अपने कार्यकलापोंसे सुख देंगे। दीप जलायंगे और उत्साहित होंगे। बुद्ध, महावीर, स्वामी रामतीर्थकी तरह अपने जीवनको चरमोत्कर्ष प्रदान करेंगे। तभी दिवालीकी सार्थकता सिद्ध होगी।



दीपावलीका सन्देश

❐ यशपाल कुमार

कार्तिक मासकी अमावस्याको पूरे भारतमें दीपावलीका उत्सव मनाया जाता है और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली मां भगवतीकी आराधना की जाती है। इस विषयमें एक कथा प्रसिद्ध है। वामन भगवानने त्रिलोकाधिपति राजा बलिके दरबारमें तीन पग पृथ्वीकी याचना की और दो पगमें सम्पूर्ण पृथ्वी-स्वर्गको नाप लिया एवं तीसरे पगसे असुरेश्वर राजा बलिके सम्पूर्ण शरीरको भी नाप लिया। इसपर बलिकी पत्नीकी प्रार्थना समर्पण एवं बलिकी शालीनतासे प्रसन्न होकर वामन भगवानने बलिको वर मांगनेको कहा। इसपर राजा बलिने कहा कि आज कार्तिक अमावस्या है आज ही आपने समस्त ब्रह्माण्डको दो पगोंमें नापकर अपनी प्रभुताका परिचय दिया है। अतएव यही वरदान दीजिये कि आजके दिन जो दीपोंकी मालासे अपने घरका जगमगायें, वह हमेशा सुखी और सम्पन्न रहे और मां भगवती उन्हें कभी न छोड़ें। भगवानने उन्हें कहा-तथास्तु! भक्तिपूर्वक श्री सूक्तका जप करने वाले पुण्यशाली लोगोंको न क्रोध होता है, न ईर्ष्या होती है, न लोभ ग्रसित कर सकता है और न ही उनकी बुद्धि दूषित होती है। जगतमें लक्ष्मी सम्पन्न अनेक लोग हैं लेकिन श्रीयुक्त लक्ष्मीसे सम्पन्न विरले ही महापुरुष, सन्त, विद्वतजन, श्रीयुक्त नारियां हैं एवं आगे भी रहेंगी, उनके अन्तसमें श्रीकी ज्योति सदा जगमग करती है, उनके नेत्र भगवत् प्रेमसे सदा सजल रहते हैं। धर्मात्मा पुरुषोंके द्वारा ही निरभिमान, नि:स्वार्थ भावसे विद्यालय, अन्न क्षेत्र, चिकित्सालय, धर्मशालाएं, कुण्ड, कूप, सरोवर, अनेक-अनेक सुकृत होते हैं, जिनसे हम जन-सामान्य लाभान्वित होते हैं। धर्मात्मा अपनेको भगवान श्रीनारायण, भगवती महालक्ष्मीका सेवक, न्यासी मानकर जन मनको सुखी करते हैं। उनके जीवनमें श्रीका अवतरण स्पष्ट दीखता है। नीतिकार कहते हैं कि धर्म एवं उद्यमसे लक्ष्मी प्रकट होती हैं, गऊ, विप्र, बड़े-बूढ़ों, जरूरत मन्दोंकी निराभिमानता पूर्वक सेवासे प्रसन्न होती हैं एवं परोपकारसे चतुर्दिक लहलहाने लगती है। दीप ज्योति हमें यही संदेश देती है कि श्रद्धापूर्वक दीपका नमन करनेसे हमारे मन मंदिरमें परम ब्रह्म महालक्ष्मीकी ज्योति प्रकाशित हो जाती है। गुरुजन बताते हैं- नित्य प्रात: सायं दीप ज्योति प्रकाशित करनेसे दीप ज्योतिको नमन करनेसे जीवनकी दिशा-दशा बदलती है। उद्यमशीलताकी प्रवृत्ति बढ़ती है और मानवके अन्दर संयम निर्लोभता प्रेम उदारता शान्ति आदि सद्गुणोंका प्रकाश होता है। उसके यहां सन्मतिका प्रकाश फैलने लगता है। ऐसा व्यक्ति सबके प्रति स्नेहशील होता है। महालक्ष्मी उसका साथ कभी नहीं छोड़ती और जीवनके अन्तमें वह निर्वाणको भी प्राप्त करता है। दीपावलीका यही संदेश है कि हर जन-मन प्रभुकी ज्योतिसे प्रकाशित हो, हर व्यक्ति विद्या विनयसे युक्त हो, हर व्यक्ति एक-दूसरेका सहयोगी बने, हर व्यक्ति संयमी बने, निरोगी रहे, सुखी- चिरायु रहे, सर्वत्र सुख शान्ति माधुर्यका उदारताका प्रकाश हो।

वैश्विक क्षितिजपर बिखरता ज्योतिर्मय स्वरूप

❐ रमा निवास तिवारी

दीपावलीकी शाम अयोध्या किस खूबसूरत दुशालाको ओढ़कर सनातनियोंके सामने प्रकट होगी, इसका अंदाजा उन्हें जरूर हो गया होगा जिन लोगोंने दीपोत्सवकी शुरुआतसे दस वर्षोंकी उसकी यात्रापर अपनी नजरें बनाये रखीं थीं। दीपोत्सवके इस पूरे दशकमें अयोध्या मगन रही। कारण साफ था, इस दौरान अयोध्याको उसकी महिमा, गरिमा और गुरुताके हिसाबसे मान-सम्मान देनेकी सरकारकी प्रतिबद्धता नजर आयी। चौदह वर्षोंके वनवाससे प्रभु श्रीरामके लौटनेके बाद अयोध्या जिस तरह खिलखिलायी थी, कलियुगमें उसी त्रेतायुगको उतारनेकी कोशिश दीपोत्सवके जरिये मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथने की है। हर साल उल्लास और उमंगमें डूबी अयोध्या अपने बीते बरसोंके दीपोत्सवसे ज्यादा चमकती दमकती नजर आयी। दीपावली पर्वका अयोध्यासे बहुत गहरा नाता है, त्रेतामें अयोध्यावासियोंने जिस प्रसन्नतासे इस पर्वको प्रकट किया था, मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथने उसी भावभूमिकी रचना अयोध्यामें बीते दस वर्षोंमें अपने दीपोत्सवके जरिये करनेमें कोई कसर नही छोड़ी।

यह दीपोत्सव सनातनियोंके लिए गौरवका क्षण बनता है। इस बार दीपोत्सवमें तीस लाख दीयोंकी रोशनीसे अयोध्याका आभामंडल जगमगायेगा। पिछले वर्ष राम जीकी पैड़ी समेत सरयू तटके पचपन घाटोंपर छब्बीस लाख दीयोंकी कतारोंने जो अयोध्याकी मनोहारी छटा पूरी दुनियाके सामने प्रस्तुत की, उसको आंखोंमें कैद करके सालभर इन्तजार करते रहने वालोंके सामने दीपोत्सवका एक नया संस्करण फिर उनके सामने है, जो अपने दिव्यता और भव्यताके पिछले रिकॉर्डको तोड़नेके लिए बेताब है। दीपावलीका पर्व आते ही अयोध्याके दीपोत्सव दर्शनकी लालसा लोगोंमें बढ़ जाती है, जन-जनके आराध्य प्रभु रामकी नगरीका सज्जित स्वरूप और दीयोंकी रोशनीसे न केवल मां सरयूका आंचल रोशन होता है अपितु रामभक्तोंका मन भी रोशन हो जाता है। अंधकारसे प्रकाशकी ओर गति करनेका संदेश देते इस पर्वपर अयोध्याका दीपोत्सव, लोगोंसे अयोध्याके मनकी बात पढ़नेकी एक अपील भी प्रतीत होती है।

दीपोत्सवमें उल्लासके शिखरपर बैठी अयोध्याके मनकी बात मानों सरयू नीरके अबाधित प्रवाहसे उत्पन्न स्वर लहरियां कह जाती हों, उनके कल-कल छल निनादके भावपक्षको सुननेका प्रयास कीजिये तो साफ समझमें आ जायेगा कि शायद वह यही कहना चाहती होगी कि जिस देशमें राम जन-जनके प्राण हैं, उसी देशमें उन्हींकी जन्मभूमिपर मंदिर बनानेके लिए एक लम्बे समयतक संघर्ष जारी रहा। उसी अयोध्यामें न जाने कितनी दीवाली संगीनोंके सायेमें बीत गयीं, पटाखोंकी आवाजोंपर जवानोंके बूटोंका शोर भारी था। सन्नाटा, वीरानियां जहांकी पहचान बन गयी थी, समयका पहिया घूमा और आज विकास, उत्सवधर्मिता उसी अयोध्याका मूल परिचय बन गयी। आज अयोध्या अपने बदले हुए स्वरूपमें निहाल है। अब तो रामलला स्वयं अपने मंदिरमें विराजमान होकर अपनी अयोध्याके सौन्दर्य को निहार रहे हैं। पूरा विश्व अयोध्याके दीपोत्सवका लालित्य लूट लेनेको आतुर है।


मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथने अपने दीपोत्सवके माध्यमसे अयोध्याके जिस ज्योतिर्मय स्वरूपका आकर्षण वैश्विक क्षितिजपर बिखेरा है, उसकी जितनी प्रसंशा की जाय कम है। इस बार तो तीन देशोंसे आये कलाकार रामलीलाका मंचन करेंगे, लेजर लाइटोंके इवेंटकी एक अलग ही दुनिया होगी। एक साथ इक्कीस सौ बटुकोंके द्वारा मां सरयूकी आरती होगी, उसपर तीस लाख दीयोंकी रोशनीसे रोशन अयोध्याकी खूबसूरत झांकी जिस इतिहासको रचने जा रही है उसके लिए आपको रत्तीभर धैर्य और रखना होगा फिर आप उसी ज्योतिर्मयी अयोध्याके दर्शन कर रहे होंगे जिसके दर्शनसे पाप ताप कट जाते हैं और जिसके लिए प्रभु रामने स्वयं कहा है 'अवध सरिस मोहि प्रिय नहि सोऊ, यह प्रसंग जानय कोउ कोऊ'। योगीके दीपोत्सवमें अयोध्यासे एक अलौकिक संसार आपको दर्शन देगा, जिसकी आभा प्रभामें डूब जानेके लिए आप तैयार रहें।

जवानों संग रक्षामंत्रीने मनायी दिवाली

बागडोगरा (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिवाली की पूर्व संध्या पर दार्जिलिंग के बागडोगरा एयरफील्ड में भारतीय सेना के जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अग्निवीरों के लिए दो साल की अतिरिक्त सेवा का अवसर देने का जिक्र किया। राजनाथ सिंह ने कहा, शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी इच्छा के आधार पर दो साल का एक और कार्यकाल

अग्निपथ योजनामें बदलाव को बताया तोहफा, वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षितको दी बधाई

देने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। इससे उन्हें देश की सेवा करने का एक और मौका मिलेगा। रक्षा मंत्री ने दिवाली की पूर्व संध्या पर जवानों के हौसले और त्याग को याद करते हुए कहा, त्योहार पर सभी को अपने घर की याद आती है। इन यादों को आप सभी अपने सीने में समेटकर देशवासियों की सुरक्षा में आप तत्पर हैं। इसे शब्दों में बयान करना आसान नहीं है। मैं आपकी इस तपस्या का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले अग्निवीरों को नियमित सैनिक के रूप में सेना में शामिल होने का अवसर भी



मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा, मेरा मानना है कि यह हमारे अग्निवीरों के लिए दिवाली का बहुत बड़ा तोहफा है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पदभार संभालने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, आशुतोष भगवान शिव का भी एक नाम है। भगवान शिव स्वभाव से सौम्य, सरल और शांत हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह रौद्र रूप भी धारण कर सकते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पदभार संभालने पर बधाई देता हूं। आशुतोष भगवान शिव का भी एक नाम है। भगवान शिव स्वभाव से सौम्य, सरल और शांत हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह रौद्र रूप भी धारण कर सकते हैं। दुश्मनों के हित में यही है कि उन्हें कभी एयर चीफ मार्शल दीक्षित का रौद्र रूप देखने की नौबत न आए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट पर दिवाली समारोह के दौरान भारतीय वायुसेना के जवानों से मुलाकात की और उन्हें मिठाइयां बांटीं। सैनिकों के साथ दिवाली समारोह के दौरान एक भारतीय वायुसेना के जवान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में गीत भी गाया।

शेष

प्रदेश कर्मचारियों...

लिए व्यवस्था निर्धारित की गयी है। सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से जुड़े कर्मचारियों के एरियर की राशि आयकर एवं सरचार्ज की कटौती के बाद निर्धारित सीमा के अंतर्गत उनके भविष्य निधि खाते में जमा की जायेगी। यह राशि 1 नवम्बर 2027 तक खाते में जमा रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अंतिम प्रत्याहरण के नियम लागू होंगे। राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से आच्छादित कर्मचारियों के मामले में एरियर की 10 प्रतिशत राशि उनके टियर-1 पेंशन खाते में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार नियोक्ता के रूप में एरियर की 14 प्रतिशत राशि के बराबर अंशदान भी टियर-1 खाते में जमा करेगी। शेष 90 प्रतिशत राशि पीपीएफ खाते में जमा करायी जायेगी अथवा एनएससी के रूप में दी जायेगी।

टेक महिन्द्रा...

दोनों ही परिवारों के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। जांच में सामने आया कि, मोनू शर्मा का बेटा अक्सर पार्किंग क्षेत्र में अपने पालतू कुत्ते से गंदगी करवाता था। परमजीत के बेटे सूर्य ने कई बार इसका विरोध किया था। इसी बात को लेकर चार-पांच दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, हालांकि हर बार मामला शांत हो गया था।

जिन लोगोंने...

मांग लें। यह वही लोग हैं जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवायी थीं। कड़े तेवर और स्पष्ट संदेश देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि अब अयोध्या कभी कर्फ्यू के दायरे में नहीं आयेगी। यहां कोई भी असामाजिक तत्व दंगा-फसाद करने का दुस्साहस नहीं कर सकेगा। अयोध्या को अब कोई उपेक्षित नहीं कर सकता और न ही यहां के संतों का अपमान करने या रामभक्तों पर गोली चलाने का पुराना दौर दोबारा लौट सकता है। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प और संदेश को दोहराने के लिए वे आज दीपोत्सव के मंच पर उपस्थित हैं। दीपोत्सव की ऐतिहासिक उपलब्धि का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने बताया कि मात्र 25 हजार दीपों से शुरू हुआ यह पावन आयोजन आज 25 लाख की सीमा पार कर चुका है। महामहिम राष्ट्रपति के करकमलों से दीप प्रज्वलन के पश्चात अयोध्या धाम में कुल 30 लाख दीप प्रज्वलित किये गये हैं, जो पूरी दुनिया को भगवान राम के प्रकाश से आलोकित कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति की व्यस्तताओं के बावजूद दीपोत्सव-2026 में सहभागिता करने पर उनका आभार व्यक्त किया।

श्रीराम जन्मभूमि...

स्वाभिमान के इस पुनर्स्थापन में साधु-संतों व संन्यासियों ने जो महान त्याग किया है, उसे कोई भी हिंदू कभी नहीं भूल सकता। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे लिए केवल आराध्य नहीं, बल्कि धर्म, करुणा, सदाचार और आदर्श आचरण के शाश्वत स्वरूप हैं। उनका पावन जीवन सिखाता है कि सच्ची महानता सत्ता और पद में नहीं, बल्कि चरित्र की दृढ़ता और कर्तव्य के प्रति समर्पण में निहित होती है। श्रीराम ने व्यक्तिगत सुख से ऊपर कर्तव्य, निजी हित से ऊपर धर्म और हर परिस्थिति में अपनी प्रजा के कल्याण को सर्वोपरि रखा। यही कारण है कि दो योगी, कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलकर जनसेवा में जुटे हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्रीगणों और साधु-संतों की मौजूदगी में रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिंदू समाज में जन्म के आधार पर कोई बड़ा नहीं होता, बल्कि चरित्र से श्रेष्ठता तय होती है।

उस्ताद बिस्मिल्लाह...

भारत रत्न से भी नवाज़ा गया। इतनी असाधारण विरासत भी उनके पुश्तैनी घर को बुलडोज़र से नहीं बचा सकी। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस कृत्य के लिए समूचे देश से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही भाजपा सरकार को बिस्मिल्लाह ख़ाँ की विरासत को उसी स्वरूप में सहेज कर रखना चाहिए, जिस स्वरूप में वे वहाँ रहा करते थे। उन्होंने कहा कि बिस्मिल्लाह ख़ाँ साहब का घर सिर्फ़ एक मकान नहीं था। वह हमारी राष्ट्रीय धरोहर का जीता-जागता हिस्सा था, यादों का ख़ज़ाना था और हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत का अंग था। जिन दीवारों में इतिहास बसा था और जिन्हें राष्ट्रीय धरोहर की तरह सहेजा जाना चाहिए था, वे आज मलबे में बदल दी गई हैं। उन्होने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ ने भारत को ऐसी संगीत विरासत दी जो पीढ़ियों तक अमर रहेगी। उनकी शहनाई काशी की गंगा-जमुनी तहज़ीब की आवाज़ थी। उनके घर को भी उसी श्रद्धा और सम्मान का हक़ था।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।

सूर्योदय : ०६.१०
सूर्यास्त : ०५.१३
तापमान
अधि. : ३०.०
न्यून. : २०.०

बारहको परिवार...

होगा। अखिलेश यादव अयोध्या में पूरा दिन बिताएंगे। राम मंदिर में रामलला के दर्शन के बाद वह हनुमानगढ़ी भी जायेंगे। इस दौरान अखिलेश यादव साधु-संतों और महंतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेंगे। पवन पांडे ने बताया कि सपा प्रमुख संतों के साथ प्रसाद भी ग्रहण करेंगे। पूर्व मंत्री पवन पांडे ने बताया कि अखिलेश यादव अयोध्या प्रवास के दौरान साधु-संतों और महंतों से भी मुलाकात करेंगे। वह अलग-अलग मठों में जाकर संतों का आशीर्वाद ले सकते हैं और उनके साथ प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस तरह उनका पूरा दिन धार्मिक कार्यक्रमों के बीच बीतेगा। पवन पांडे ने बातचीत में राम मंदिर में चोरी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव रामलला और हनुमान जी से प्रार्थना करेंगे। साथ ही मंदिर में चोरी करने वालों के खिलाफ न्याय की विनती करेंगे। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा, जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। इससे पहले भाजपा के नेता रामलला के दर्शन नहीं करने को लेकर अखिलेश यादव पर लगातार निशाना साधते रहे हैं। ऐसे में 12 दिसम्बर को प्रस्तावित उनका अयोध्या दौरा सियासी लिहाज से भी चर्चा में रहेगा।

चढ़ावा किसी...

सरकार उच्चतम न्यायालय की निगरानी में आगे की पड़ताल और जवाबदेही तय करने से क्यों पीछे हट रही है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर 'चंदा चोरी, आस्था धोखा' शीर्षक वाले पोस्ट में लिखा, चोरी पर पर्दा डालने की कोशिश में सरकार के अपने ही बयान अब उससे सवाल पूछ रहे हैं। सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपनी ही कहानी के ऐसे तथ्य रख दिये हैं, जिनसे सवाल और गहरे हो गये हैं। रमेश ने कहा कि देश की जनता के मन में सवाल है कि प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और मुख्यमंत्री (योगी) आदित्यनाथ मौन साधकर चोरों को मूक समर्थन क्यों दे रहे हैं? उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पहली एसआईटी (विशेष जांच दल) राज्य सरकार ने खुद बनायी थी, वह भी ट्रस्ट के अनुरोध पर। 13 जून 2026 को उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रस्ट के अनुरोध पर तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट 23 जून को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को सौंपी गयी, जिनके ट्रस्ट से पदेन सदस्य के रूप में जुड़े होने की बात भी सामने आयी है। रमेश ने उल्लेख किया कि 6 जुलाई 2026 को ट्रस्ट की बैठक में इस रिपोर्ट पर चर्चा हुई थी, जिसके बाद कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि ट्रस्ट के लोगों ने कोई विश्वासघात नहीं किया।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022474
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलिया

पत्रांकः- 3810 /4ए दिनांक- 02.11.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉक 12.11.2026 से दिनॉक 17.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनॉक 17.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य										
1	बलिया	अम्बेडकर गांव सिकरहटा के धोबी टोला से सुपापाली गांव तक मार्ग।	8.00	0.80	945.00	2 Month	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए.बी.सी डी
2	बलिया	अटयां से तुर्तीपार मार्ग।	20.00	2.00	945.00	2 Month				
3	बलिया	आर0एन0टी0 से फरसाटार।	25.00	2.50	945.00	2 Month				
4	बलिया	बेल्थरा बाजार ग्रामसभा बुद्धिपाण्डेय के मंदिर से बलिया टोला होते हुए शमसानघाट तक।	26.00	2.60	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
5	बलिया	किडिहरापुर फत्तेपुर मार्ग से चकहब्सापुर मार्ग (रामसकल के पुरा)।	24.00	2.40	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
6	बलिया	सन्दवापुर भडिकरा मुख्य मार्ग से किकोढ़ा।	25.80	2.58	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
7	बलिया	गोड़वरा हथौज माईनर से बड़सरी तक मार्ग।	9.80	0.98	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	बलिया	कौड़िया हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग।	8.00	0.80	945.00	2 Month	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-260486
दिनांक-05.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी
पता- S-9/94-E-K- नईबस्ती, पाण्डेयपुर, वाराणसी

पत्रांकः- 1411/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा वाराणसी/2026-27 दिनांक- 31.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना(तृतीय कॉल)

1:- महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं पात्र श्रेणी (श्रेणी-"ए0" "बी0"एवं "सी0") में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों में आमंत्रित की जाती है।

2:- कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-त्वरित आर्थिक विकास योजना(2025-26)

क्र0 सं0	जनपद	योजना का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी+ सहित) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	गाजीपुर	त्व0आ0वि0यो0	जलालपुर में रामबत के घर सी0सी0 रोड से रामकृत के खेत व पारस के घर होते हुए रमेश के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलॉकिंग कार्य।	39.46	0.79	2000+300+414= 2,714.00	04 माह

3:- बेवसाइट http//etender.up.nic.in पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता तिथिः-10-11-2026 से
4:- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समयः-18-11-2026, समयः-दोपहर 12.00 बजे
5:- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समयः- 18-11-2026, समयः-12.30 अपराह्न
6:- निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र (कोरिजेण्डम) का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही कराया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7- शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा निर्देश के अनुरूप जी0एस0टी0 देय होगा।

(इं0 अरविन्द कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल-वाराणसी।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से

उ.प्र.-260552
दिनांक-05.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो॰नि॰वि॰, चन्दौली

पत्रांक-4153/4ए दिनांक-05.11.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्रमांक	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	अर्ह ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत											
विधानसभा सकलडीहा											
1	चन्दौली	अलीनगर सकलडीहा से संघती मार्ग	12.20	1.22	945.00	2 माह	प्रा0खं0, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा0वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
2		रुपेठा सम्पर्क मार्ग किमी0-3 से त्रिपाठी मार्ग	19.39	1.94	945.00	2 माह					
3		भूपौली चहनिया से पकरी मार्ग	22.84	2.28	945.00	2 माह					
4		रामगढ़ बैराठ रसूलपुर मार्ग से नौदार परासी मार्ग	32.12	3.21	945.00	2 माह					
5		पपौरा प्रभुपुर सम्पर्क मार्ग	10.39	1.04	945.00	2 माह					
विधानसभा सैयदराजा											
6	चन्दौली	धानापुर नगवा मार्ग से कोहड़ा सम्पर्क मार्ग	28.67	2.87	945.00	2 माह	प्रा0खं0, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा0वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
7		चहनिया धानापुर मार्ग सीता पोखरी नहर से किशुनपुरापुल तक मार्ग	27.72	2.77	945.00	2 माह					
8		धानापुर से मिश्रान होते हुए नरौली मार्ग	11.70	1.17	945.00	2 माह					
9		धानापुर नगवा मार्ग के लठियापार होते हुए बड़ौरा सम्पर्क मार्ग	11.10	1.11	945.00	2 माह					
10		धानापुर चहनिया मार्ग से जगदीशपुर सम्पर्क मार्ग	31.14	3.11	945.00	2 माह					
11		धानापुर महुँजी से पगही	28.87	2.89	945.00	2 माह					

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 21.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 21.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 21.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में आनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(इं0 राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

उ.प्र.-260747
दिनांक-06.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो॰नि॰वि॰,बलिया

पत्रांक-4763(i)/निविदा (प्रा.ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-31.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए.बी.सी' मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरणः-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
विशेष मरम्मत के स्वीकृत कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	किशोरगंज से मउरहा चन्दाडीह मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-2.000 कि0मी0)	38.14	3.82	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 2590.00	02 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए.बी.सी
2	बलिया	पुर रजवाहा से नारायण दसर हरिजन बस्ती से बरई पुर होते हुए रतसड़ एकईल पी0डब्लू0डी0 तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-4.00 कि0मी0)	63.05	5.16	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-16.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-23.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 23.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-23.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-260684, दिनांक-06.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता-चतुर्थ
बन्धी प्रखण्ड, वाराणसी

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः-01/AE-IV/BDV/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों (तालिका संख्या-1) हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से तालिका संख्या-2 मे निहित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है, जो अधिशासी अभियन्ता, बन्धी प्रखण्ड, वाराणसी के कार्यालय में निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

तालिका संख्या-1

लाट सं0	कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि	अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जानी वाली धनराशि (% में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि Days	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	4	5	6	7	8	9
1	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में अमरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक तथा जोगिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	1.06	2%	10%	15 दिवस	75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
2	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में बलिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा मीसीरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.85	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
3	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में बहेलियापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा मुरारपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.89	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
4	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में गोन्दी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा शहपुरवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.85	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
5	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में फीरोजेपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा शेरवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक तथा फततेपुर माइनर किमी0 0.000 से किमी0 1.000 आन्तरिक सैक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.90	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
6	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में रघुनाथपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक तथा मुजफ्फरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.97	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
7	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड शहाबगंज में छित्तमपुर राईट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.050 तथा छित्तमपुर लेफ्ट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.73	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
8	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड शहाबगंज में मुबारकपुर राईट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तथा मुबारकपुर लेफ्ट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक आन्तरिक सैक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.75	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
9	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड शहाबगंज में खरौझा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.650 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.56	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
10	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में लठिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य।	0.76	2%	10%	15 दिवस	50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	D & Above
11	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में शिकारगंज राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य।	2.54	2%	10%	15 दिवस	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
12	जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में उचेहरा राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य तथा किमी0 4.000 से किमी0 8.600 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	3.39	2%	10%	15 दिवस	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above

तालिका संख्या 2 महत्वपूर्ण तिथियाँ

S.No.	Particulars	Date	Time
1	Tender Download From Website(https://etender.up.nic.in)	20.11.2026	10:00 AM
2	Bid Submission Start	20.11.2026	10:00 AM
3	Bid Submission End	27.11.2026	02:00 PM
4	Technical Bid opening	27.11.2026	03:00 PM
5	Bid opening place	Office of Executive Engineer, Bandhi Division, Varanasi	

1. यह निविदा/बिड सूचना एवं विस्तृत शर्तें उ0प्र0सरकार की https://etender.up.nic.in पर तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
2. निविदा प्रक्रिया ऑन-लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बन्ध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन-लाइन ही होगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् ऑन-लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि-पत्र की जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

उ.प्र.:- 260579
दिनांकः- 05.11.2026

(हीरा लाल यादव)
सहायक अभियन्ता चतुर्थ
बन्धी प्रखण्ड, वाराणसी

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

बिमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 D. द्वितीय तल, [illegible] भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — रविवार, 8 नवंबर 2026

मेष- धनागम का सुयोग, व्यवसाय में विस्तार, संतसमागम से खुशी, नवपरिवर्तन की योजना।
वृषभ- भाग्य साथ में, व्यवसाय में प्रगति, लाभ का सुयोग, धार्मिक स्थलों की यात्रा, मन प्रसन्न।
मिथुन- नवयोजना साकार, पारिवारिक खुशी, विवाद हल, प्रतियोगिता में सफलता, [illegible]।
कर्क- प्रयास असफल, वाद-विवाद, मनमुटाव, मतभेद, कार्य की अधिकता, मानसिक तनाव।
सिंह- [illegible], कठिनाइयों में कमी, प्रतियोगिता में सफलता, मानसिक राहत।
कन्या- कार्यों में सफलता, मित्रों से विचार-विमर्श, नवसमाचार की प्राप्ति, प्रतिष्ठा में वृद्धि।
तुला- योजना साकार, सामाजिक कृत्य संपन्न, उत्तरदायित्व की पूर्ति, गलतफहमियाँ दूर।
वृश्चिक- संकल्प-विकल्प, विरोधी प्रभावी, व्यय की अधिकता, आलस्य की स्थिति, कष्ट भी।
धनु- मनोबल में वृद्धि, धार्मिक यात्रा, आपसी जन सहायक, वैवाहिक सुख, मन प्रसन्न।
मकर- उत्तरदायित्व की पूर्ति, मेल-मिलाप का अवसर, व्यवसाय में लाभ, यश की प्राप्ति।
कुम्भ- प्रगति का सुयोग, योजना साकार, धार्मिक यात्रा, मनोरंजन में रुचि, विवाद हल।
मीन- संकल्प-विकल्प, मानसिक बेचैनी, समस्याएं उत्पन्न, सुख में कमी, हानि की आशंका।

आज है जिनका जन्मदिन — 8 नवंबर

[illegible]

आपके लिए शुभ
[illegible]

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकू

4								9
8			6					
					5	1		
							6	8
	2				3			
								4
		5				2		
			4	3				
	7			8				

[illegible]

लापरवाही पर होगी सख्त कारर्वाई–सीडीओ

समाधान दिवस में १०७ शिकायतों में से १५ का निस्तारण



ज्ञानपुर। जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। तीनों तहसीलों में कुल 107 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील भदोही में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। इस दौरान सीडीओ के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित 25 शिकायतें आईं, जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 20 प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को सौंपते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। तहसील ज्ञानपुर में 35 शिकायतों में पांच और औराई में 47 शिकायतों में पांच का निस्तारण हुआ। सीडीओ ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। केवल औपचारिक रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण न किया जाए, बल्कि निष्पक्ष जांच कर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि असंतोषजनक जांच आख्या मिलने पर प्रकरण दोबारा जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। अधिकारियों को जांच रिपोर्ट विस्तृत और तथ्यपरक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व मामलों में कानूनगो, लेखपाल और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर दोनों पक्षों और गवाहों के बयान व साक्ष्य लेने तथा एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने को कहा। जांच के दौरान जीपीएस आधारित फोटो अपलोड करना भी अनिवार्य किया। बार–बार सामने आने वाले विवादों की सूची बनाकर पुलिस के सहयोग से समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान बाल विकास, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण, महिला कल्याण और राजस्व विभाग की ओर से शिविर भी लगाए गए। सीडीओ ने इनका निरीक्षण कर लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या उदासीनता मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने दी धनतेरस, दीपावली की शुभकामनाएं

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों, उद्यमियों, व्यापारियों और पत्रकारों को भी शुभकामना संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि धनतेरस और दीपावली सुख–समृद्धि, प्रकाश, उल्लास, आपसी प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक हैं। ये पर्व हमें अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि त्योहार को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। दीपावली पर पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल दीपोत्सव को प्राथमिकता दें।

खेतों में पराली जलाने पर लगेगा जुर्माना

ज्ञानपुर। धान की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ कृषि विभाग ने सख्ती की तैयारी की है। पराली जलाने की पुष्टि होने पर खेत के रकबे के अनुसार जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि दो एकड़ से कम क्षेत्रफल वाले खेत में पराली जलाने पर 10 हजार रुपये, दो से पांच एकड़ तक 15 हजार रुपये और पांच एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल में पराली जलाने पर 30 हजार रुपये तक जुर्माना वसूला जा सकता है। एक हेक्टेयर खेत में पराली जलाने की पुष्टि होने पर पांच से दस हजार रुपये तक जुर्माने की कार्रवाई का भी प्रावधान बताया गया है।

बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे ट्रक और डंपर पर कसेगा शिकंजा

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख मार्गों पर बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रहे ट्रक और डंपर अब कारर्वाई के दायरे में आएंगे। ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए एआरटीओ और यातायात विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम रात नौ बजे से सुबह सात बजे तक जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान चला रही है। अधिकारियों के अनुसार, अभियान के तहत एक सप्ताह में आठ ट्रकों को सीज किया जा चुका है। जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट और ओवरलोडिंग कर चलने वाले भारी वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले से वाराणसी–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग करीब 45 किलोमीटर और भदोही–औराई हाईवे करीब 22 किलोमीटर गुजरता है। इन मार्गों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक और डंपर वाराणसी, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर की ओर आवागमन करते हैं। इनमें कई वाहन बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड होकर चलते हैं।

कंपोजिट विद्यालय तुलसीकला में धीरेंद्र दोबारा बने एसएमसी अध्यक्ष

कटरा। डीघ ब्लॉक स्थित कंपोजिट विद्यालय तुलसीकला में शनिवार को आयोजित बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान धीरेंद्र मिश्रा को सर्वसम्मति से दोबारा समिति का अध्यक्ष चुना गया। उनके पुन: अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता जताई। बैठक में प्रधानाचार्य मनोज पांडेय, शिक्षक महेंद्र शुक्ला, आशीष मिश्रा, विवेक मिश्रा, दिलीप दुबे, कुसुम पांडेय, अशोक पांडेय, ममता शुक्ला, छब्बी पाल, सुनीता देवी, अन्नू पांडेय समेत विद्यालय के शिक्षक, समिति के पदाधिकारी, अभिभावक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

युवा मतदाताओं का पंजीकरण कराने के लिए प्रधानाचार्यों को निर्देश

ज्ञानपुर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के तहत युवा मतदाताओं का शत–प्रतिशत पंजीकरण कराने के लिए विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक हुई। इसमें मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के माध्यम से पात्र छात्र–छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले अथवा इससे अधिक उम्र के भारतीय नागरिक मतदाता पंजीकरण के पात्र होंगे। इसके लिए एक जनवरी 2009 या उससे पहले जन्मे छात्र–छात्राओं को चिह्नित कर फॉर्म–6 भरवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म–6, विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म–8 और नाम हटवाने के लिए फॉर्म–7 भरा जाता है। इसके लिए वोटर्स सर्विस पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप से ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 21–22 और 28–29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में जागरूकता रैलियों के माध्यम से युवाओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने और ट्रेनों पर पथराव करने वालों पर होगी कड़ी कारर्वाई

गोपीगंज। रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने, ट्रेनों पर पथराव करने और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने निगरानी एवं जागरूकता अभियान चलाया। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के मार्गदर्शन में आरपीएफ प्रयागराज रामबाग के प्रभारी निरीक्षक डीएस यादव के नेतृत्व में टीम ने जंगीगंज हाल्ट सहित रेलवे स्टेशनों और आसपास के गांवों में लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान जंगीगंज हाल्ट रेलवे ट्रैक के आसपास तथा प्रयागराज जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों, ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों और विद्यालय के विद्यार्थियों को रेलवे सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। आरपीएफने लोगों को बताया कि रेलवे लाइन पर पत्थर या कोई अन्य वस्तु रखना गंभीर अपराध है। इससे ट्रेन दुर्घटना हो सकती है। इसी तरह ट्रेनों पर पत्थर फेंकने से यात्रियों को गंभीर चोट लगने के साथ उनकी जान भी जा सकती है। ऐसे कृत्यों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने लोगों से रेलवे ट्रैक केवल अधिकृत समपार या निर्धारित रास्ते से ही पार करने की अपील की। पशुपालकों को मवेशियों को खुले में न छोड़ने की सलाह दी गई। साथ ही बिना उचित कारण ट्रेन की आपातकालीन चेन खींचने को भी दंडनीय अपराध बताते हुए इससे बचने की हिदायत दी गई। आरपीएफने स्पष्ट किया कि रेलवे लाइन के आसपास संदिग्ध और अवांछित गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय पुलिस और रेलवे के अन्य विभागों से भी समन्वय किया जा रहा है।

दीपदान का महापर्व दीपावली आज, दीपों से जगमगायेंगे घर–आंगन

कांवल। दीपदान का महापर्व दीपावली आज परंपरागत उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर घरों और प्रतिष्ठानों में विशेष तैयारियां की गई हैं। शाम होते ही दीपों की कतारों से घर–आंगन रोशन होंगे। लोग विधि–विधान से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन कर सुख–समृद्धि की कामना करेंगे। कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक माना जाता है। दीपावली शब्द का अर्थ दीपों की अवली यानी दीपों की पंक्ति है। इसी दिन लोग अपने घरों को दीपों और रोशनी से सजाते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा करने और रावण का वध करने के बाद कार्तिक अमावस्या को अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन की खुशी में अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीप जलाने की परंपरा दीपावली के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश भी देता है। लोग एक–दूसरे को मिठाइयां बांटकर शुभकामनाएं देते हैं और घरों में दीप जलाकर खुशहाली की कामना करते हैं।

छोटी दीपावली पर घरों से बाहर जलाया गया चतुर्मुखी दीपक

कांवल। छोटी दीपावली के अवसर पर शनिवार की शाम परंपरानुसार घरों में यम का दीपक जलाया गया। लोगों ने सुख–समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ दीपक घर के बाहर निकाला। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यम दीपक जलाने का उद्देश्य परिवार को अकाल मृत्यु के भय से बचाने की प्रार्थना करना है। मान्यता है कि छोटी दीपावली की शाम दक्षिण दिशा में यमराज के निमित्त दीपदान करने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है। इस अवसर पर चतुर्मुखी दीपक जलाने की भी परंपरा है। इसे चार दिशाओं में प्रकाश फैलाने और परिवार की रक्षा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक विश्वास के अनुसार यम दीपक जलाने से घर में सुख–शांति और सकारात्मकता बनी रहती है। इसी मान्यता के चलते लोगों ने विधि–विधान से दीपक जलाकर परिवार के सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

बच्चों ने रंगोली और दीप मेकिंग प्रतियोगिता में दिखायी प्रतिभा



घोसिया। टेंडर हार्ट्स स्कूल घोसिया में दीपावली के अवसर पर रंगोली एवं दीप मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने आकर्षक आकृतियों और रंगों से सजे दीपक बनाकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों में आरुषि, शिवन्या शुक्ला, इफ्रा फिरदौस आदि ने सुंदर दीप तैयार किए। कक्षा चार और पांच के अर्पित मौर्य, दिव्यांश, आरव दुबे और आराध्या ने दीपकों को मोर की आकृति दी। वहीं रुद्र जायसवाल, श्रेयांश और आरुषि ने फूल की आकृति वाले आकर्षक दीप बनाए। कक्षा छह से आठ तक के प्रसंगा, रुद्र पांडेय, जोया, तस्मीया और अनुष्का ने मैजिक दीप बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। जबकि कक्षा नौ से 12 तक की नंदनी दूबे, जोशिका यादव, स्नेहा सैनी, शिवम मिश्रा, दिवांश और वंशिका मिश्रा ने आकर्षक दीप तैयार किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक कीर्तन कोकिला, प्रधानाचार्य संकट्ठा प्रसाद विश्वकर्मा, फारिया जरीन, बाल गोविंद शुक्ला सहित समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

भाइयों ने गला दबाकर बहन को मार डाला

हत्या के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटकाया, एक बाल अपचारी समेत दोनों गिरफ्तार

ज्ञानपुर/गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के जखांव गांव में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। युवती की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके ही दो सगे भाइयों ने गला दबाकर की थी। हत्या के बाद घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए दोनों ने शव को फांसी पर लटका दिया था। पुलिस ने मामले में एक नामजद आरोपी और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मृतका के पिता तेरस बिंद ने तहरीर देकर बताया कि चार नवंबर को मोबाइल पर एक युवक से बातचीत करने को लेकर उनकी बेटी और बेटों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी विवाद में आवेश में आकर दोनों भाइयों ने मिलकर बहन का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद साक्ष्य छिपाने और हत्या को आत्महत्या दिखाने के उद्देश्य से शव को फांसी पर लटका दिया। पिता की तहरीर पर गोपीगंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 441/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने बहन की मोबाइल पर बातचीत को लेकर हुए विवाद के बाद गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज बिंद पुत्र तेरस बिंद के रूप में हुई है, जबकि दूसरा आरोपी बाल अपचारी है। दोनों जखांव गांव के निवासी हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक एवं विवेचक सेतांशु शेखर पंकज तथा आरक्षी सवेज़्श कुमार शामिल रहे।



१५ नवंबर तक अपलोड होगा शिक्षकों का ब्योरा, क्यूआर कोड से होगी पहचान

ज्ञानपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। परीक्षा को नकलविहीन और सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शिक्षकों का डाटा अपलोड कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिले के सभी 196 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को 15 नवंबर तक शिक्षकों का पूरा विवरण परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड परीक्षा पांच फरवरी से शुरू होनी है। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने विद्यालयों को पत्र जारी किया है। इसमें सहायक अध्यापक, प्रवक्ता और प्रधानाचार्यों का नाम, विषय, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नियुक्ति संबंधी विवरण और विद्यालय की जानकारी अपलोड करने को कहा गया है। साथ ही शिक्षकों के पूर्व में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का ब्योरा भी दर्ज किया जाएगा। इसी डाटा के आधार पर कक्ष निरीक्षकों, केंद्र व्यवस्थापकों और बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी निर्धारित होगी। इस बार बोर्ड ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को क्यूआर कोडयुक्त पहचान पत्र भी जारी किया जाएगा। इससे परीक्षा केंद्रों पर तैनात शिक्षकों की पहचान सुनिश्चित होगी और केवल अधिकृत शिक्षक ही ड्यूटी कर सकेंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दागी और विवादित शिक्षकों का विवरण अपलोड न किया जाए। केवल नियमित शिक्षकों का डाटा ही उपलब्ध कराया जाए। उधर, परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया भी चल रही है। परिषद की ओर से जिले में 81 केंद्रों की सूची जारी की गई थी। इस पर आई 112 आपत्तियों के निस्तारण के बाद जिला स्तरीय कमेटी ने 85 से 90 केंद्र बनाने पर सहमति जताई है।

६७ लोगों को वापस मिले उनके खोये मोबाइल

ज्ञानपुर। दीपावली के शुभ अवसर पर भदोही पुलिस ने 67 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस कर विशेष सौगात दी। सीईआईआर पोर्टल की मदद से बरामद इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 12 लाख 39 हजार 500 रुपये बताई गई है। जनवरी 2026 से अब तक जिले की पुलिस कुल 981 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है, जिनकी कुल कीमत करीब एक करोड़ 67 लाख 39 हजार 500 रुपये है। शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स ज्ञानपुर स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस अधीक्षक और पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जिले में गुम और खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सभी थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों को सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल का प्रभावी इस्तेमाल कर मोबाइल बरामदगी में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलने पर उसका आईएमईआई नंबर और अन्य जरूरी विवरण सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। पोर्टल से मिलने वाली ट्रेसबिलिटी डिटेल, सिम नंबर और लोकेशन का तकनीकी विश्लेषण कर पुलिस मोबाइल की तलाश करती है। जनसुनवाई और डायल–112 के माध्यम से मिली शिकायतों पर भी लगातार कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप 67 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

दस हजार दीपों से जगमगाया काशी नरेश विश्वविद्यालय का खेल मैदान

ज्ञानपुर। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन संघ संत रविदास नगर भदोही की ओर से काशी नरेश विश्वविद्यालय के हॉस्टल ग्राउंड पटेल नगर जौरई में दीपोत्सव एवं खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल मैदान में 10 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर परिसर को रोशनी से जगमग कर दिया गया। खिलाड़ियों ने दीप जलाकर उत्सव में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्याम धर्म मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर गोपाल उपाध्याय, सभाजीत यादव, श्याम बिहारी मौर्य, अतुल कुमार, जीत नारायण यादव, राकेश पाल, प्रभात यादव, श्रीनिवास उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, अंकित यादव, विजय तिवारी और राजमन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन दस को

सुरियावां। संगम साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थान के सौजन्य से 1857 की क्रांति के महानायक राणा वेणी माधव सिंह एवं सेनापति वीरा पासी की पावन स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 10 नवंबर 2026, मंगलवार को अपराह्न तीन बजे से सुरियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने आयोजित होगा। संस्थान के अध्यक्ष संदीप कुमार बालाजी ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज–6.0 के तहत शनिवार को जिलेभर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और पुलिस चौकियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में अभियान चलाया। इस दौरान बाजारों, स्कूल–कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर पुलिस टीमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद किया। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, महिला उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही किसी भी परेशानी की स्थिति में बिना डर और संकोच के पुलिस से शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया।

अवैध लकड़ी कटान रोकने को वन विभाग ने गठित किया उड़नदस्ता

ज्ञानपुर। ठंड का मौसम शुरू होते ही लकड़ी की मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए वन विभाग ने अवैध कटान के खिलाफ निगरानी तेज कर दी है। इसके लिए विभाग ने सात सदस्यीय उड़नदस्ता टीम गठित की है। टीम नवंबर से मार्च तक रात में नियमित गश्त कर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई और लकड़ी की ढुलाई पर नजर रखेगी। डीएफओ विवेक यादव ने बताया कि जिले की ज्ञानपुर, भदोही और औराई रेंज से दो–दो कर्मचारियों के साथ डिवीजन स्तर के एक कर्मचारी को टीम में शामिल किया गया है। टीम निर्धारित स्थानों पर छापेमारी कर अवैध कटान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि अवैध लकड़ी के साथ ट्रैक्टर–ट्राली या अन्य वाहन पकड़े जाने पर उन्हें भी सीज किया जाएगा।

बंदरों ने १५ लोगों को काटकर किया घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के माधोरामपुर हरिजन बस्ती में एक बंदर के आतंक से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। भटककर बस्ती में पहुंचे बंदर ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत करीब 15 लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया। गांव निवासी संदीप कुमार गौतम ने बताया कि बंदर लगातार लोगों को निशाना बना रहा है। उसके आतंक के चलते ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बंदर के हमले में रितीक पुत्र राजा गौतम, रिया पुत्री गुड्डू गौतम और सोनी देवी पुत्री शेषधर गौतम समेत करीब 15 लोग घायल हुए हैं।

केपी मेमोरियल स्कूल में निबंध, क्विज प्रतियोगिता

मतदाता सूची की शुद्धता और मतदान के महत्व पर विद्यार्थियों ने रखे विचार



ज्ञानपुर। श्री केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा नौ और दस के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को 'शुद्ध मतदाता सूची का महत्व' और 'मतदान का महत्व' विषय पर निबंध लिखने का अवसर दिया गया। छात्र–छात्राओं ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में निर्धारित शब्द सीमा के तहत अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची की उपयोगिता और लोकतंत्र में प्रत्येक मत के महत्व से परिचित कराया गया। इसके साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) तथा मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों के निर्वाचन संबंधी ज्ञान को परखा गया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा नौ और दस के सभी छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और मताधिकार के प्रति जागरूकता विकसित करना है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार मतदाता बन सकें।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक /53एम0–मी0वृत्त/2026.27 दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कालम–13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम दर के आधार पर ऑन–लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा–4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है :–

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) स्वीकृति की प्रत्याशा में												
1	भदोही	लखनो तिराहा से नहर की पटरी सीखापुर होते हुये खानापुर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	1217.20	30.40	1247.63	24.96	निविदा मूल्य 300.00 + 2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0 आनलाईन भुगतान कुल रू0 2720.00 मात्र।	12 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भदोही।	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	A
2		कटरा से टेला मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	538.00	13.455	551.45	11.03	"	09 माह	"	"	"	"

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम संख्या–9के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
5. ई–निविदा सूचना एवं बिड डॉक्यूमेंट (SBD) ऑन–लाईन दिनांक 17.11.2026 से दिनांक 07.12.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक ई–टेन्डरिंग पोर्टल वेबसाइट (http://e-tender.up.nic.in) पर सबमिट किया जायेगा।
6. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई–टेन्डरिंग पोर्टल वेबसाइट (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
नोटः–ई–निविदा की समस्त शर्तें ई–टेन्डरिंग पोर्टल वेबसाइट (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(एस.के.सरोज)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,भदोही

(डी.के.सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0, मीरजापुर

उ.प्र.–260732, दिनांक–06.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4800(i)/निविदा (नि0ख0)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक–03.11.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरणः–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	एन0एच0–31 महावीर मंदिर टेंगरही कुसुम देवी विद्यालय मार्ग से एस0एच0–1बी चकिया इण्टर कालेज जमालपुर रानीगंज बिन्द बस्ती भरत छपरा मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लं0–5.500 कि0मी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (916.71) + अनुरक्षण (23.15) कुल लागत 939.86	18.80	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–26.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–03.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि–03.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–03.12.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.–260645, दिनांक–06.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की उपस्थिति में शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सैदनपुर निवासी सूर्यनाथ सिंह ने अपनी जमीन की जुताई में विपक्षियों द्वारा अवरोध उत्पन्न किए जाने की शिकायत की। वहीं बहरीपुर निवासी शांता प्रसाद ने अपनी भूमिधरी जमीन पर जबरन रास्ता बनवाने का प्रयास किए जाने की शिकायत करते हुए न्याय



मिलने तक सीमांकन की कार्रवाई स्थगित कराने की मांग की। दोनों मामलों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद एवं राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करे तथा शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी स्वयं शिकायतों की नियमित समीक्षा भी करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय अम्बष्ठ, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनंत चंद्रशेखर, उप जिलाधिकारी सदर योगिता सिंह, तहसीलदार सदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

युवक को बदमाशों ने चाकू से किया घायल

जफराबाद। क्षेत्र के बेलाव पुल के पास शुक्रवार की रात को एक बाइक सवार युवक को दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को युवक को थाने ले आयी। युवक की तहरीर पर दो बाइक सवार बदमाशों के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया। केराकत के बिरमपुर गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र अनिल कुमार कबूलपुर की तरफ से अपनी बहन को बाइक पर बैठाकर अपने घर जा रहा था कि उक्त पुल के पास एक बाइक पर आए दो युवकों ने उसकी बाइक को रोक कर उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। चाकू युवक के हाथ की उंगली में लग गई। उसके शोर मचाते ही दो युवक वहां से भाग खड़े हुए। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे मौके पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित से पूछताछ किया। उसके बाद पीड़ित की तहरीर पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों के विरुध्द मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अज्ञात बाइक की टक्कर से दो सिपाही घायल, एक अन्य भी जख्मी

मछलीशहर। नगर के सुजानगंज चौराहे के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से दो सिपाही घायल हो गए। दोनों का सीएचसी में इलाज किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सुजानगंज थाने में तैनात सिपाही दिलीप कुमार (26) और अभिषेक (25) मछलीशहर में दीपावली के अवसर ड्यूटी पर थे। शुक्रवार देर शाम ड्यूटी से लौटते समय सुजानगंज चौराहे के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

त्योहारों से पहले आबकारी विभाग का शराब दुकानों पर छापा

शाहगंज। दीपावली सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए आबकारी विभाग



ने अवैध शराब की बिक्री और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली पर अंकुश लगाने के लिए शराब की दुकानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

आबकारी विभाग की प्रभारी निरीक्षिका रीनू के नेतृत्व में टीम ने शाहगंज क्षेत्र के मल्हनी, जपटापुर, जैगहां, पोरईखुर्द सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, उपलब्ध शराब के भंडार, बिक्री संबंधी अभिलेख, साफ-सफाई और निर्धारित मूल्य पर बिक्री की स्थिति की जांच की। विशेष रूप से ओवररेटिंग और नियमों के विपरीत शराब की बिक्री पर नजर रखी गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि दुकान संचालन में आबकारी नियमों का पूरी तरह पालन करें और ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि न वसूलें। प्रभारी निरीक्षिका रीनू ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि त्योहारों के दौरान शराब की दुकानों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्टॉक में गड़बड़ी, ओवररेटिंग अथवा अन्य आबकारी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित अनुज्ञापी एवं विक्रेता के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को नियमानुसार कारोबार करने और अभिलेखों को दुरुस्त रखने की हिदायत दी। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से शराब दुकानदारों में सतर्कता बढ़ गई है। विभाग ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के मद्देनजर चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, पैसे न देने का लगाया आरोप

बक्शा। नौपेड़वा बाजार के उत्तर मई रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने लगे मोबाइल टावर पर शनिवार दोपहर एक युवक करीब 200 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ के बीच बक्शा थाने की पुलिस टीम पहुँच युवक से टावर से उतरने की अपील करती दिखी। युवक द्वारा दो लोगों द्वारा लिया गया दो लाख रुपया दिलवाने की मांग करता दिखा। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी 40 वर्षीय भूप यादव चार माह में दूसरी बार टावर पर चढ़ चुका है। भूप दोपहर 12 बजे के बाद अचानक टावर पर चढ़ गया। टावर पर चढ़ते ही युवक सपा के दो पदाधिकारियों का नाम लेकर मुर्दाबाद का नारा लगाता रहा। भूप लगातार प्रशासन से पैसा दिलवाने की लिखित मांग करता रहा। मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक फोन कर अपने परिचितों से पैसा दिलवाने की बात कहा। टावर पर चढ़े भूप को देखने के लिए दर्जनों लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि उच्चाधिकिरियो को भी सूचना दिया जा चुका है सुरक्षा की दृष्टि से दमकल विभाग की टीम के अलावा पुलिस कर्मियों की टीम उसे समझा बुझाकर उतारने का प्रयास कर रही है परन्तु वह अपनी जिद्द पर अड़ा हुआ है। फिलहाल शाम 5 बजे तक भूप टावर पर बैठा अपनी बात मनवाने व उच्चाधिकिरियो के लिखित आश्वासन दिए जाने पर अडिग रहा।

१० को निकलेगी भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की भव्य शोभायात्रा

टाउनहाल से अपराह्न 3 बजे शुरू होकर रूहट्टा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पर होगा समापन, कलम के सिपाहियों से विशेष अपील

जौनपुर। सृष्टि के समस्त जीवों के शुभ-अशुभ कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले लेखनी के अधिष्ठाता भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की भव्य शोभायात्रा इस वर्ष भी जनपद में पूरे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में आगामी 10 नवंबर 2026, मंगलवार को आयोजित होने वाली इस शोभायात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महासभा के जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव एवं शोभायात्रा के संयोजक अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा अपराह्न 3 बजे टाउनहाल नगर पालिका परिषद से प्रारंभ होगी। यहां से यात्रा कोतवाली, चहारसू, ओलंदगंज होते हुए रूहट्टा स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचेगी, जहां शोभायात्रा का समापन होगा। इसके उपरांत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। कलम के सिपाहियों से विशेष अपील शोभायात्रा के संयोजक अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के सभी वर्गों के लोगों से आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से पत्रकारों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों तथा पठन-पाठन एवं लेखन कार्य से जुड़े लोगों से इस पावन अवसर पर



उपस्थित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज विद्या, लेखनी और ज्ञान के आराध्य हैं। कलम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए पूजा-अर्चना एवं शोभायात्रा में सहभागिता अवश्य करनी चाहिए। आयोजकों ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने तथा भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

नीरव की मौत से तिलवारी में पसरा मातमी सन्नाटा

खुटहन। नीरव सिंह उर्फ सेठ की मौत ने सिर्फ एक परिवार को ही नहीं, बल्कि पूरे तिलवारी गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। जिस गांव की गलियों में रोजाना चहल-पहल और लोगों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देती थी, वहां घटना के बाद से मातमी सन्नाटा पसरा रहा। हर तरफ गमगीन चेहरे, नम आंखें और घटना को लेकर चर्चाएं होती रहीं। नीरव की मौत का सदमा ऐसा था कि गांव के कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। बीती रात सूरत से पत्नी गुंजन सिंह, आठ वर्षीय बेटा अथर्व, छह वर्षीय बेटी आर्या और भाई गौरव अपने परिवार के साथ तिलवारी गांव पहुंचे तो घर में मचे करुण क्रंदन से माहौल और भी हृदयविदारक हो उठा। पति का शव देखते ही गुंजन की चीख-पुकार और करुण विलाप से मौजूद लोगों का कलेजा कांप उठा। पति की मौत से गुंजन की मांग उजड़ गई तो मासूम अथर्व और आर्या के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। मां को बिलखते देख दोनों बच्चे भी पिता के बिछोह में व्याकुल हो उठे। जिन नन्हे हाथों को पिता की उंगली थामकर जिंदगी की राह पर आगे बढ़ना था, वे अब हमेशा के लिए पिता के स्नेह और सहारे से महरूम हो गए। भाई गौरव भी अपने भाई को खोने के गम में टूट गए।

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना दीपावली उत्सव

रंगोली प्रतियोगिता और गरबा-डांडिया नृत्य ने मोहा मन

केराकत। छितौना, केराकत स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, दीपावली समारोह एवं गरबा-डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकी के विद्यालय परिसर में आगमन के साथ हुआ। संस्थान की अध्यक्षा विमला जायसवाल ने झांकी में शामिल देवी-देवताओं का तिलक, आरती एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद झांकी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धा प्रकट की। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गणपति बप्पा, दीपोत्सव, मां सरस्वती एवं राधा-कृष्ण की मनमोहक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद आयोजित गरबा-डांडिया नृत्य



में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधक बृजेश कुमार जायसवाल ने सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मंजुला पाण्डेय, उप प्रधानाचार्या अंजली सिंह सहित शाल्वी सिंह, रीमा, रागिनी शर्मा, अंकिता सोनी, श्रुति जायसवारा, उजाला निषाद, महक सोनी, तहनियत फात्मा, शाएबा अंसारी, आरती मौर्या, आकांक्षा यादव, आशीष गुप्ता, रोहन मौर्या, सौभाग्य जायसवाल समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मछलीशहर। तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे फरियादियों एवं आम नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की तथा को नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया। शिविर का उद्देश्य समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर एवं राजकीय होम्योपैथिक सरायबीका द्वारा किया गया।

भगवान राम ने कहा : बजरंगबली, मैं आपसे उऋण नहीं हो सकता

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवां में चल रही आदर्श रामलीला के छठवें दिन हनुमान वापसी, विभीषण शरणागति, सेतु बंधन और लक्ष्मण मूर्छा का मार्मिक मंचन हुआ। लंका जलाकर बजरंगबली राम दल में पहुंचे, तो भगवान श्रीराम ने उन्हें गले लगा लिया। हनुमान जी ने माता सीता द्वारा दी गई चूड़ामणि श्रीराम के हाथों सौंप दी। हनुमान ने कहा-प्रभु, अब देर न करें, जल्द लंका पर चढ़ाई करें, माता सीता को कितना कष्ट है, कह नहीं सकते। सीता को राम के हवाले करके युद्ध को दूर करें। अंत में रावण ने विभीषण को लात मार दी, विभीषण श्रीराम की शरण में चले गए। शरण में जाने पर विभीषण ने अपनी सुरक्षा का विनय किया। श्रीराम ने कहा-अब तुम एकदम सुरक्षित हो, लंका के बारे में जानकारी दो। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा-विभीषण का राजतिलक करो। राम दल में निराशा और संकट के बादल छा गए। रामलीला में मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मीरगंज अरविंद कुमार सिंह रहे जिन्हें आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष चन्द्र मणि तिवारी ने राम दरबार की प्रतिमा व अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया और अंत में पूर्व प्रधान असवां श्रीमती कुसुम मिश्र ने आए हुए समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक /53एम0—मी0वृत्त/2026.27 दिनांक—

अल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सूचना
(ई—प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कालम—13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम दर के आधार पर ऑन—लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा—4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है :—

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) स्वीकृति की प्रत्याशा में												
1	भदोही	लखनो तिराहा से नहर की पटरी सीखापुर होते हुये खानापुर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	1217.20	30.40	1247.63	24.96	निविदा मूल्य 300.00 + 2000 00 स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0 आनलाईन भुगतान कुल रू0 2720.00 मात्र।	12 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भदोही।	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0 मीरजापुर।	मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र लो0नि0वि0, मीरजापुर।	A
2		कटरा से टेला मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	538.00	13.455	551.45	11.03	"	09 माह	"	"	"	"

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम संख्या—9के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
5. ई—निविदा सूचना एवं बिड डॉक्यूमेंट (SBD) ऑन—लाईन दिनांक 17.11.2026 से दिनांक 07.12.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक ई—टेन्डरिंग पोर्टल वेबसाइट (http://e-tender.up.nic.in) पर सबमिट किया जायेगा।
6. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई—टेन्डरिंग पोर्टल वेबसाइट (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:—ई—निविदा की समस्त शर्तें ई—टेन्डरिंग पोर्टल वेबसाइट (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(एस.के.सरोज)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,भदोही

(डी.के.सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0, मीरजापुर

उ.प्र.—260732, दिनांक—06.11.2026


वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


विश्वविद्यालय आने के लिए शिक्षकों को प्राचार्य से लेनी होगी अनुमति

वाइसचांसलर के आदेश पर कुलसचिव ने जारी किया कालेजो को पत्र

संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को कुलसचिव ने जारी किया पत्र

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों के शिक्षकों को अब प्राचार्य से अनुमति लेकर ही विश्वविद्यालय आना होगा अन्यथा वह नहीं आ सकते इसके लिए कुलपति के आदेश पर कुलसचिव ने सभी कॉलेजों और शिक्षकों को पत्र जारी कर दिया। शिक्षण कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने यहां कार्यरत शिक्षकों को विश्वविद्यालय आने के दौरान निर्धारित कक्षाओं और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावित नहीं करने के लिए निर्देशित करें। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से 6 नवम्बर को जारी पत्र में कहा गया है कि संज्ञान में आया है कि संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक महाविद्यालय के कार्य समय में विश्वविद्यालय आते हैं। इससे उनकी निर्धारित कक्षाएं एवं अन्य शैक्षणिक दायित्व प्रभावित होते हैं। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा के लिए





कक्षाओं का नियमित संचालन तथा पाठ्यक्रम समय से पूरा करना आवश्यक है। पत्र में प्राचार्यों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को विश्वविद्यालय आने की योजना इस प्रकार बनाने के लिए अवगत कराएं, जिससे अध्यापन कार्य बाधित न हो। यदि महाविद्यालय के कार्य समय में विश्वविद्यालय आना आवश्यक हो तो संबंधित शिक्षक प्राचार्य से पूर्व सूचना देकर आवश्यक अनुमति प्राप्त करें। साथ ही अपनी निर्धारित कक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक दायित्वों के निर्वहन के लिए समुचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि शिक्षकों के विश्वविद्यालय आने से पहले संबंधित विद्यार्थियों को इसकी सूचना दी जाए, ताकि अध्यापन कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। कुलसचिव ने सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों से निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। शिक्षक नेता डॉ यदुवंश कुमार ने कहा कि शिक्षक कक्षाएं पूरी करके ही छात्र शिक्षक हित कॉलेज हित में विश्वविद्यालय जाता है परीक्षा परिणाम फंसा होता है या जो भी काम जरूरी होते हैं वह शिक्षण कार्य पूरी करके जाता है, शिक्षकों पर किसी तरह का टिप्पणी करने के पहले मूल्यांकन किया जाए। ऐसे आदेश का शिक्षकगण विरोध करते हैं। यह आदेश दुर्भावना पूर्ण है शिक्षकों के मर्यादा के खिलाफ है , 3 लाख छात्रों को पठन-पाठन प्रक्रिया में लगे शिक्षक पूरी निष्ठा से कक्षा संचालन करते हैं। उसके बाद छात्र व शिक्षक समस्या होती है या अन्य कोई समस्या होती है जरूरी होता है, तभी विश्वविद्यालय जाते हैं। प्राचार्य से अनुमति लेकर ही जाते हैं ,इस आदेश का हम पूरी तरह विरोध करते हैं और विश्वविद्यालय में तमाम कमियां है, उसको सुधारा नहीं जा रहा है, वहां के बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, काफी संख्या में रिजल्ट प्रभावित है, उसका निराकरण नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों पर किसी तरह का भेद आरोप बर्दाश्त नहीं करेंगे।

लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों से सजे बाजारों में दिखा दीपावली का उल्लास

शाहगंज। धनतेरस के पर्व पर नगर के बाजारों में रौनक देखते ही बनी। सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ बाजारों में उमड़ने लगी, जो देर रात तक जारी रही। शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा को निभाते हुए लोगों ने झाड़ू, बर्तन, सोने-चांदी के आभूषणों सहित विभिन्न घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया था। धनतेरस पर बर्तन की दुकानों से लेकर सराफा बाजार तक ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। स्टील, पीतल और तांबे के बर्तनों की दुकानों पर महिलाएं अपनी पसंद के बर्तन खरीदती नजर आईं। वहीं, सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। परंपरा के अनुसार लोगों ने झाड़ू की खरीदारी को भी विशेष महत्व दिया। इसके अलावा घरों की सजावट और दीपावली की तैयारियों के लिए लोगों ने विभिन्न प्रकार के सजावटी सामानों की खरीदारी की। दूसरी ओर दीपावली को लेकर बाजारों में लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की दुकानें भी सज गईं। मिट्टी की आकर्षक मूर्तियों के साथ पूजन सामग्री और सजावट के सामानों की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की मूर्तियां और पूजन सामग्री उपलब्ध कराई। नगर की मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और आकर्षक रोशनी से बाजार जगमगाते रहे। घरों और दुकानों को सजाने के लिए लोग झालर, लाइट और अन्य सजावटी सामान खरीदते दिखाई दिए। बच्चों में भी त्योहार को लेकर खासा उत्साह रहा। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में उमड़ी भीड़ और चारों ओर फैली रोशनी ने पूरे नगर को दीपावली के रंग में रंग दिया। देर रात तक दुकानों पर ग्राहकों की चहल-पहल बनी रही और बाजारों में उत्सव जैसा माहौल नजर आया।

छात्र-छात्राओं ने रंगों से रंगोली सजाकर दिया सामाजिक संदेश

मुंगराबादशाहपुर। नगर के कटरा मोहल्ला स्थित सिटी पब्लिक स्कूल एंड कालेज में शनिवार को छात्र छात्राओं द्वारा भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता और रंगों के अनूठे संगम से देशभक्ति, सामाजिक सुधार और भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसे ज्वलंत विषयों पर आधारित कलाकृतियों से सामाजिक कुरीतियों पर कड़ा प्रहार



किया। इसके साथ ही अमर शहीदों, महान विभूतियों और देवी-देवताओं के मनोहारी चित्रों को उकेरकर बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभाओं का जलवा विखेरा। छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों में एक ओर जहां तिरंगे की शान और शहीदों के बलिदान की झलक देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, नशाखोरी जैसी सामाजिक कुप्रथाओं पर चोट का संदेश भी साफ नजर आया। हर कक्षा की रंगोली अपने आप में एक कहानी कह रही थी। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्त पिंटू एवं प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र शिवचंद तिवारी, सुभाष मिश्रा आदि ने रंगोलियों का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रबंधक आलोक कुमार गुप्त पिंटू ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक दायित्वों के प्रति सजगता का विकास होता है। पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं में स्वप्ना दुबे, शालिनी पाण्डेय, जया गुप्ता, रूपम श्रीवास्तव, हीना खान, पल्लवी जायसवाल, सुमन पाण्डेय, महेंद्र शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, विशाल यादव, दीप्ति पाण्डेय, कुसुम कुमारी, कमलेश भार्गव, सुष्मिता यादव, कंचन गुप्ता, बबीता दुबे, सतीश सोनी, इंद्रजीत यादव, नीरज मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक—4800(i)/निविदा (नि0ख0)—बलिया वृत्त/2026 दिनांक—03.11.2026

ई—प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0—4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरणः—

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	एन0एच0—31 महावीर मंदिर टेंगरही कुसुम देवी विद्यालय मार्ग से एस0एच0—1बी चकिया इण्टर कालेज जमालपुर रानीगंज बिन्द बस्ती भरत छपरा मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लं0—5.500 कि0मी0) (05 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (916.71) + अनुरक्षण (23.15) कुल लागत 939.86	18.80	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590. 00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता , आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक—26.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक—03.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई—टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि—03.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक—03.12.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0—1/2018—3070/78—2—2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक—03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट — निविदा की समस्त शर्तें वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.—260645, दिनांक—06.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

अनुपस्थित विद्युत एक्सईएन का एक दिन का वेतन काटने का आदेश

नलकूप अधिकारी को फटकार, संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम सख्त, 92 शिकायतों में 11 का मौके पर निस्तारण



सिकंदरपुर (बलिया)। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सिकंदरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पेंशन, नाली निर्माण, विद्युत समस्या सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 92 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विद्युत विभाग के एक्सईएन के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। वहीं, नलकूप विभाग की कार्यप्रणाली में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि कार्यप्रणाली में सुधार लाएं, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली से संबंधित शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर विद्युत तारों और लटकते तारों की जानकारी देने को कहा, ताकि समय रहते उन्हें दुरुस्त कराया जा सके और किसी अप्रिय घटना की आशंका न रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने लेखपालों और कानूनगो के साथ बैठक कर राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर विवादित स्थलों का निरीक्षण करने और समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने जनपदवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर एसडीएम सिकंदरपुर, तहसीलदार एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। **बैरिया।** उप जिलाधिकारी बैरिया रमेश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर एक बार फिर छाए रहे भूमि विवाद के मामले। फरियादियों ने कुल 22 मामले प्रस्तुत किये। निस्तारण एक मामले का भी नहीं हुआ। सभी मामलों को संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता, तहसीलदार कृपा शंकर, नायब तहसीलदार उदय राज रत्ना, अनिल सिंह, वन विभाग के सहायक रेंजर नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

४११ किलो अवैध पटाखे बरामद, तीन गिरफ्तार, मैजिक वाहन जब्त

कोतवाली पुलिस ने कृष्णानगर-बेदुआ मार्ग पर की कार्रवाई



बलिया। दीपावली के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और कारोबार के खिलाफ बलिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने कृष्णानगर-बेदुआ मार्ग स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने वाली गली में छापेमारी कर 419 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक मैजिक वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, सात नवंबर की शाम कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह और उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार विश्वास पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कृष्णानगर-बेदुआ मार्ग पर एक मैजिक वाहन में भारी मात्रा में अवैध पटाखे लोड किए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन को घेर लिया और वहां मौजूद तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल गुप्ता पुत्र मोहन प्रसाद गुप्ता और राजकुमार पुत्र कन्हैया प्रसाद निवासी कृष्णानगर, थाना कोतवाली, जबकि तीसरे की पहचान ज्वाला साह पुत्र मुन्ना साह निवासी देवरिया कला, थाना फेफना के रूप में हुई है। ज्वाला साह मैजिक वाहन का चालक बताया गया है। पुलिस ने मैजिक वाहन की तलाशी ली तो उसमें रखे 14 कार्टून पटाखे बरामद हुए। इसके बाद आरोपियों के घरों की तलाशी में पांच अन्य कार्टून मिले। इस तरह कुल 19 कार्टून में करीब 419 किलोग्राम विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने पटाखों को बिना लाइसेंस भंडारित करने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक, पटाखे अलग-अलग स्थानों से लाकर जमा किए गए थे।

बाइक के धक्के से मासूम की मौत के मामले में चार गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। क्षेत्र के दया छपरा गांव के सामने निर्माणाधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की शाम मोटरसाइकिल के धक्के से 6 वर्षीय बालक के मौत के मामले में बैरिया पुलिस ने मृतक बालक के दादा के तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। मृतक के दादा राम दरस राम निवासी दया छपरा ने बैरिया थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दोकटी थाना क्षेत्र के धतूरी टोला निवासी करण रजक कुसौरी कला थाना सहतवार निवासी गुलशन भारती, सूरज रजक व संतोष रजक एक ही मोटरसाइकिल पर बैठकर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर स्टंट कर रहे थे कि अचानक उस समय मेरे पोते को जोरदार टक्कर मार दिया। जब मेरा पोता अपनी मां रिंकी देवी के साथ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे को पार कर रहा था। मेरे पोते की मौके पर ही मौत हो गई। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बाइक से स्टंट करते हुए चारों युवक एक ही मोटरसाइकिल से आ रहे थे और गलत दिशा में जाकर बच्चे को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई और मौके पर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर उनकी पहचान करने के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

किशोरी को भगा ले गया युवक, प्राथमिकी दर्ज

बैरिया (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को भगा ले जाने के मामले में सर्वजीत बिन्द उर्फ काला बिंद निवासी बड़का सुफल टोला सिताब दियारा के विरुद्ध किशोरी के पिता द्वारा बैरिया थाने में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की खोज में जुट गई है। आरोप है कि उक्त आरोपी किशोरी को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि आरोपी की के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी और किशोरी की बरामदगी की कार्रवाई शुरू की कर दी गई है। जल्द ही आरोपी और किशोरी बरामद कर लिए जाएंगे।

कुम्हारों के चाक ने पकड़ी रफ्तार, दीये बनाने में जुटे कारीगर



खेजुरी (बलिया)। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही क्षेत्र के कुम्हारों के घरों में चहल-पहल बढ़ गई है वही खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा, सकलपुरा, पटपर और खेजुरी समेत विभिन्न गांवों में कुम्हारों के चाक तेजी से घूमने लगे हैं। दीपोत्सव पर मिट्टी के दीयों की मांग को देखते हुए कारीगर दिन-रात मेहनत कर दीये तैयार करने में जुटे हैं। कहीं चाक पर मिट्टी को आकार दिया जा रहा है तो कहीं तैयार दीयों को धूप में सुखाने और पकाने की तैयारी चल रही है। दीपावली के मद्देनजर कुम्हार छोटे-बड़े और आकर्षक डिजाइन के दीये बना रहे हैं। पटपर निवासी श्रीराम प्रजापति, मदन प्रजापति, कपिल प्रजापति, गणेश प्रजापति, लल्लन प्रजापति और सुरेश प्रजापति का कहना है कि दीपावली उनके पुश्तैनी व्यवसाय के लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण अवसर होता है। इस पर्व पर मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ने से उन्हें अच्छी बिक्री और कुछ अतिरिक्त आमदनी की उम्मीद रहती है। हालांकि, आधुनिकता के दौर में बिजली की झालरों, एलईडी लाइटों और तरह-तरह के इलेक्ट्रॉनिक सजावटी सामानों का प्रचलन बढ़ने से पारंपरिक मिट्टी के दीयों के कारोबार को चुनौती मिल रही है। इसके बावजूद कुम्हार अपनी पुश्तैनी कला और परंपरा को बचाए रखने के लिए पूरी लगन से जुटे हुए हैं। वहीं, सकलपुरा निवासी सुग्रीव प्रजापति का कहना है कि मिट्टी के दीये महज रोशनी का साधन नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा के प्रतीक हैं।

विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट, कई घायल, २२ पर प्राथमिकी

बैरिया (बलिया)। रेवती थाना क्षेत्र के रतिछपरा गांव में बच्ची के जन्मदिन समारोह के दौरान हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने से दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष के मुन्ना पासवान और योगेंद्र पासवान के बेहोश होने की बात कही गई है, जबकि दूसरे पक्ष के चंदन पासवान को गंभीर चोटें आई हैं। घटना पांच नवंबर की शाम की है। एक पक्ष की रीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके देवर की पुत्री सुस्मिता के जन्मदिन पर घर में भोज का आयोजन किया गया था। परिवार के लोग दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग पहुंचे और उन्हें तथा उनकी बहन को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके पति मुन्ना पासवान के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे योगेंद्र पासवान, दिनेश पासवान, भुनेश्वर पासवान, चीकू पासवान, इंग्लिश पासवान, अनीशा और कंचन कुमारी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। रीता देवी ने आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के श्यामबाबू पासवान ने अपनी तहरीर में बताया है कि परिवार के लोग दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान भुनेश्वर पासवान उनके दरवाजे के सामने गाली-गलौज करने लगे। उनके पिता प्रभुनाथ पासवान और चाचा कौशल पासवान ने इसका विरोध किया तो विकेश उर्फ लाल साहब, रजवत, हरेंद्र पासवान, इंग्लेश, इजलेश सहित अन्य लोगों ने एकजुट होकर हमला कर दिया। जिसमें चंदन, गुड्डू, राजदेव, मुनीश्वर, बादल, ललिता देवी, गुंजरिया, बबीता देवी, श्यामबाबू घायल हो गए। सीओ बैरिया आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

हनुमानगंज के पटाखा बाजार में पहुंचे डीएम, सुरक्षा का लिया जायजा

बलिया। दीपावली के शुभ अवसर पर हनुमानगंज में लगाई गई पटाखों की दुकानों का शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अग्निशमन से संबंधित इंतजामों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी पटाखा दुकानों पर पहुंचकर अग्निशमन यंत्रों को देखा। साथ ही दुकानदारों से अग्निशमन यंत्र चलाने की जानकारी भी ली। उन्होंने दुकानदारों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी दुकानदारों से अपील की कि यदि किसी दुकान



या आसपास आग लगने की घटना होती है तो सभी दुकानदार तत्काल अपने अग्निशमन यंत्र लेकर मौके पर पहुंचें और आग बुझाने में एक-दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला पूर्व सैनिक का शव

मनियर (बलिया)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककरघट्टा खास के नवकागांव निवासी 43 वर्षीय पूर्व सैनिक सुनील कुमार साहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में लखनऊ के एक होटल में मौत हो गई। होटल के बाथरूम में उनका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को शव गांव पहुंचते ही पत्नी, बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के अनुसार सुनील कुमार साहनी पुत्र रामलाल साहनी गढ़वाल राइफल्स में क्लर्क के पद पर वर्ष 2005 में भर्ती हुए थे। करीब 20 वर्षों तक सेना में सेवा देने के बाद वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद वह गाजियाबाद के गोविंदपुरम में मकान बनाकर पत्नी रीना देवी, बेटी प्रियल (11 वर्ष) और बेटे अयांश (6 वर्ष) के साथ रह रहे थे। बताया जाता है कि सुनील एक नवंबर को पेट की परीक्षा देने की बात कहकर लखनऊ आए थे और यहां एक होटल में ठहरे हुए थे। दो नवंबर को उनकी परीक्षा थी। पांच नवंबर को होटल के बाथरूम में उनका शव मिलने की सूचना होटल प्रबंधन ने पुलिस को दी। इसके बाद लखनऊ पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही उनके भाई अनिल कुमार साहनी लखनऊ पहुंचे। पुलिस की आवश्यक कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जमीन विवाद में जमकर मारपीट, तीन घायल

नगरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के इनामीपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि द्वार की सफाई कर रहे परिवार पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडा और ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित सुरेन्द्र राम पुत्र बंगाली राम, निवासी ग्राम इनामीपुर, नगरा ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह अपने घर के सामने द्वार की सफाई कर रहे थे, तभी गांव के ही पलकधारी राम, दयानन्द राम, मिथिलेश राम और बागेश कुमार पहुंचे और जमीन को विवादित बताते हुए गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। उन्हें बचाने के लिए आई उनकी पत्नी और भाई राजकुमार की पत्नी निर्मला देवी को भी आरोपियों ने मारकर सिर फोड़ दिया। सुरेन्द्र राम ने तहरीर में बताया कि आरोपी पिछले तीन माह से लगातार धमकी दे रहे थे। इस विवाद को लेकर 5 से 6 बार थाने पर भी पंचायत हो चुकी है, जहां सुलह कराकर भेजा गया था। लेकिन आरोपियों ने सुलह नहीं मानी और मौका पाकर पूरे परिवार पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वॉलीबाल खिलाड़ियों ने दीपोत्सव में बिखरी चमक

नरहीं (बलिया)। धनतेरस के पावन पर्व पर वॉलीबाल खिलाड़ियों ने खेल मैदान पर लक्ष्मी गणेश पूजन एवं दीपोत्सव का आयोजन किया। विकास खंड सोहांव के प्राथमिक विद्यालय नरही नं एक स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान पर स्थानीय खिलाड़ियों ने आकर्षक रंगोली व दीपसज्जा कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुक्रवार देर शाम आयोजित दीपोत्सव के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि पूजन व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपेंद्र तिवारी ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव नीरज राय ने समस्त आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मनोज राय 'पमपम', पवन राय, विनय राय, पप्पू राय, मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत राय 'बंटी', अनूप राय, विश्वम्भर गुप्ता, संतोष गुप्ता, पीयूष राय आदि मौजूद रहे।

तैयारियों में बीती रात, दीपावली पर आज जगमगायेंगे घर-आंगन और देवालय

साफ-सफाई, रंगाई-पोताई कर रंगीन, आकर्षक लाइटों से सजाए गए घर और प्रतिष्ठान, खुशियों के दीप की लौ में जलेंगी सारी समस्याएं, पटाखों की होगी गूंज

हमारे त्योहार

जिले के प्रमुख बाजारों में उत्पन्न जाम ने दिया त्योहार के उत्साह का संदेश

खुशियों की दीप की लौ में हर बार सारी समसाएं जलती दिखीं और अबकी भी वही तस्वीर दिख रही है। जिले के प्रमुख बाजारों में उत्पन्न जाम ने संदेश दे दिया कि सनातन परंपरा में निर्धारित पर्व में कोई भी समस्या आड़े नहीं आ सकती। दीपावली का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



शहर से लेकर गांव तक लोगों ने अपने घर, मंदिर के आस-पास में साफ-सफाई, रंगाई-पोताई कर घरों व प्रतिष्ठानों को रंगीन व आकर्षक लाइटों से सजाया है। वहीं बच्चों से लेकर बड़ों ने पटाखे, रंगोली बनाने की सामग्री, पूजा सामग्री के साथ ही नए वस्त्रों की खरीदारी की। उत्साह व उमंग से लबरेज बाजार पूरे दिन शनिवार को गुलजार रहा। हर तरफ रौनक ही रौनक दिख रही। मिठाई की भी बाजार सजा रहा। पूजा में फूल और

जानिए लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

आजमगढ़। हर पर्व और पूजन का अपना समय निर्धारित होता है। इसी प्रकार दीपावली को भी लक्ष्मी-गणेश व कुबेर जी के पूजन के लिए हर साल मुहूर्त निर्धारित होता है। महुजा नेवादा स्थित माता अठरही धाम के पुजारी एवं वरिष्ठ कर्मकांडी पंडित गिरजा शंकर पाठक के अनुसार इस बार तीन शुभ मुहूर्त पूजा के लिए बन रहे हैं। पहला दिन के 11.30 बजे से 1.30 बजे तक कुंभ काल स्थिर लग्न, दूसरा वृषभ स्थिर लग्न में शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक और उसके तीसरा मुहुर्त रात 1 बजे से 2.30 बजे तक सिंह स्थिर लग्न में पूजा का मुहूर्त होगा।

दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी, तो लक्ष्मी-गणेश के साथ कुबेर की प्रतिमा की खरीदारी जोरों पर दिखी।

दूसरी ओर लड़कियां घरौंदा व रंगोलियां बनाने में जुटी रहीं। केला का पेड़ और गेंदे व गुलमोहर के फूल से केले के पेड़ का विशेष महत्व है। दीपावली के दिन सुख-समृद्धि के लिए महालक्ष्मी, गणेश, कुबेर व नवग्रह की पूजा की जाएगी। जिन लोगों ने किन्हीं वजहों से धनतेरस के दिन खरीदारी नहीं की थी, वह सुबह से ही बाजार में दिखने लगे थे। शहर के चौक, बड़ादेव, मातबरगंज, पुरानी कोतवाली, दलालघाट, पहाड़पुर, मुकेरीगंज, बिलरिया की चुंगी, हर्रा की चुंगी, ब्रह्मस्थान आदि स्थानों पर लोगों की भीड़ रही। खासकर लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा खरीदने वालों का तांता लगा रहा। चौक पर मोमबत्ती, लड़ी, विद्युत झालर आदि दुकानों पर खरीदार उमड़े। बच्चों में भी गजब का उत्साह रहा। पटाखा बाजार में भी देर रात तक लोग पहुंचते रहे। सराफा बाजार में हालांकि शनिवार को कोई खास भीड़ नहीं दिखाई पड़ रही थी लेकिन किन्हीं कारणों से धनतेरस को चूके लोग शनिवार को भी खरीदारी करते देखे गए। मिठाई की दुकानों पर तो एक दिन पहले ही ग्राहकों की भीड़ दिखी।**दीपावली पर लक्ष्मी-श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की झांकी ने मोहा मन**

रानी की सराय, आजमगढ़। कंपोजिट विद्यालय सरायमीर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य बिंदु वनवासी एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करना रहा। विद्यालय परिवार की ओर से इन बच्चों को उपहार पैकेट वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री शैलेश प्रजापति रहे। दीपोत्सव के अंतर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने ट्रैफिक सिग्नल सहित विभिन्न विषयों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोलियां बनाईं। वहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने 'हैप्पी दिवाली', 'ग्रीन दिवाली' एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से सजी सुंदर पेंटिंग्स तैयार कीं। बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति और उत्साह ने विद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया।



गणेश संग करें विष्णु की भी पूजा

आजमगढ़। दीपावली पर लक्ष्मी के साथ गणेश व कुबेर की पूजा की परंपरा चली आ रही है। गणेश को लक्ष्मी का मानस पुत्र माना गया है और वह प्रथम देव भी हैं। कुबेर जी धन के भंडार हं। गणेश जी के लिए सभी पूजा में पहले उनकी

भक्त के घर में चंचला से अचला हो जाती हैं विष्णुप्रिया

पूजा का प्रावधान है, लेकिन लक्ष्मी और गणेश के साथ दीपावली के दिन विष्णु की भी पूजा होनी चाहिए। लक्ष्मी के साथ अगर विष्णु की पूजा की जाए तो लक्ष्मी हमेशा प्रसन्न रहती हैं, क्योंकि माता लक्ष्मी को विष्णुप्रिया कहा जाता है। यह कहना है वरिष्ठ कर्मकांडी व महुजा नेवादा स्थित माता अठरही धाम के पुजारी पंडित गिरजा शंकर पाठक का।

पिस्टल, कारतूस संग एक धराया

आजमगढ़। दीदारगंज थाने के एसआई गिरजेश तिवारी की टीम ने शनिवार को सुबह लगभग पौने आठ बजे ग्राम भादो स्थित अन्नपूर्णा भवन के पास से विकास यादव पुत्र धर्मजग यादव निवासी ग्राम लसड़ा खुर्द, थाना बरदह को पिस्टल एवं दो अदद कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पूर्व से चोरी एवं लूट से संबंधित अभियोग भी पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

प्रदूषणमुक्त हरित पटाखों की अधिक बिक्री

आजमगढ़। दीपावली पर्व के मद्देनजर प्रशासन की अनुमति से रैदोपुर स्थित डीएवी इंटर कॉलेज मैदान में मुख्य पटाखा बाजार लगाया गया है। शासन और प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत मैदान में सुरक्षा मानकों को पूरा करते हुए पटाखों की आधिकारिक दुकानें सज चुकी हैं। इस बार के पटाखा बाजार और प्रशासनिक विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दुकानों के बीच उचित दूरी रखी गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मैदान में अग्निशमन विभाग (फायर ब्रिगेड) की गाड़ियां और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। सभी दुकानदारों को दुकानों पर बालू की बाल्टियां और अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा कुछ दुकानें आइटीआइ मैदान में भी लगाई जा रही हैं। बाजार में इस बार प्रदूषण मुक्त ग्रीन क्रैकर्स (हरित पटाखे) और कम आवाज वाले फैंसी पटाखों की बिक्री ज्यादा हो रही है। खरीदारों के बीच स्काई शाट्स, मटकी अनार और मल्टी-कलर फुलझड़ियों का क्रेज सबसे अधिक है। पटाखा बाजार में देर रात तक लोग पहुंचते रहे।

बुजुर्गों के बीच पहुंचकर डीएम ने मनायी दीपावली की खुशियां

आजमगढ़। दीपावली का पर्व खुशियों, प्रेम, सद्भाव, सेवा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। त्योहारों की

वृद्धाश्रम फरिहां में वृद्धजनों को मिष्ठान, फल, दीया, मोमबत्ती, कंबल, ऊनी टोपी भेंट कर लिया आशीर्वाद



खुशियां समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति स्वयं को अकेला या उपेक्षित महसूस न करे, इसी संवेदनशील एवं मानवीय भावना के साथ डीएम रविंद्र कुमार ने शनिवार को वृद्धाश्रम फरिहा में निवास कर रहे वृद्धजनों के साथ दीपावली का पर्व आत्मीयता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। डीएम ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया तथा उनके बीच समय बिताकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने सभी वृद्धजनों को मिष्ठान, फल, दीया, मोमबत्ती एवं कंबल, ऊनी टोपी भेंट किए तथा उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। डीएम के इस आत्मीय व्यवहार से वृद्धजनों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं अपनत्व का भाव देखने को मिला। सभी ने डीएम को आशीर्वाद दिया, तो डीएम ने वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना तथा उनसे बातचीत कर उनके अनुभवों एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और जीवन के प्रति दृष्टिकोण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। बुजुर्गों का सम्मान करना, उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखना और उन्हें सम्मानजनक एवं खुशहाल जीवन उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, डीआइओ डा. पंकज कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में बिगड़ी छात्रा की हालत, तोड़ा दम

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के जयराजपुर गांव निवासी कक्षा नौ की 14 वर्षीय छात्रा की शुक्रवार की रात

अस्पताल में बनाये गये वीडियो में छात्रा ने प्रधानाचार्य और शिक्षक पर लगाये आरोप

संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। छात्रा के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बनाए गए वीडियो में भी वह प्रधानाचार्य पर प्रताड़ित करने की बात कह रही थी। छात्रा के चाचा ने दोनों के खिलाफ सिधारी थाने में तहरीर दी है।

जयराजपुर गांव निवासी आशीष गोंड की पुत्री राशि गोंड मां जगेशरा देवी इंटर कॉलेज, शाहगढ़ में कक्षा नौ की छात्रा थी। शुक्रवार को विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें शामिल होने के लिए राशि भी विद्यालय गई थी। घर लौटने के बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अस्पताल में उपचार के दौरान छात्रा का वीडियो बनाया गया था। इसमें वह विद्यालय के प्रधानाचार्य पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा रही थी। छात्रा ने अपने परिजनों से भी प्रधानाचार्य और एक शिक्षक द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात कही थी। सिधारी थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

यात्री सुविधा, सुरक्षित गमनागमन पर दें विशेष ध्यान-डीआरएम

मुगलसराय। दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए आज पूर्वाहन मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने डीडीयू जंक्शन का निरीक्षण कर स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राजीव रंजन सहित अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बिहार की ओर आने वाली डाउन ट्रेनों में यात्रियों की स्थिति तथा प्लेटफार्मों पर यात्री आवागमन का अवलोकन किया। उन्होंने डाउन पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, डाउन सब्जी मंडी- पटना स्पेशल ट्रेन, डाउन ब्रह्मपुत्र मेल सहित अन्य ट्रेनों में यात्रियों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन के लिए लगातार सक्रिय रहने के निर्देश दिए। स्थानीय यात्रियों की सुविधा के लिए डीडीयू जंक्शन से गया एवं पटना की ओर आवश्यकता के अनुरूप अतिरिक्त पैसेंजर स्पेशल चलाने की व्यवस्था रखी गई है। इसके तहत प्लेटफार्मों पर भ्रमण एवं यात्रियों से

यात्री सुविधाओं, मौजूदा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सीधे संवाद के माध्यम से उनके गंतव्य और उनकी संख्या पर नजर रखी जा रही है। गया अथवा पटना की ओर जाने वाले यात्रियों की पर्याप्त संख्या होने पर स्थानीय स्तर पर त्वरित निर्णय लेते हुए उनके लिए अलग पैसेंजर स्पेशल चलाने की व्यवस्था मौजूद है। ये ट्रेनें मुख्य रूप से अनारक्षित श्रेणी के स्थानीय यात्रियों के लिए अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध कराएंगी। इससे स्थानीय यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ लंबी दूरी की नियमित एवं विशेष ट्रेनों में यात्री दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी। स्टेशन पर यात्रियों की स्थिति की निगरानी सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार की जा रही है। इसके साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्लेटफार्मों पर नियमित भ्रमण कर यात्रियों की संख्या एवं उनके गंतव्य पर नजर रखने तथा उनसे सीधे संवाद कर उपयुक्त ट्रेन और प्लेटफार्म की जानकारी देने को कहा गया है। नियमित उद्घोषणाओं के माध्यम से उपलब्ध विशेष ट्रेनों की जानकारी भी लगातार दी जा रही है, ताकि यात्री अपनी यात्रा के अनुरूप इनका अधिकाधिक उपयोग कर सकें। प्लेटफार्मों पर अनावश्यक भीड़ एवं लंबे समय तक प्रतीक्षा को कम करने के लिए यात्रियों को अपनी ट्रेन के आगमन के अनुरूप प्लेटफार्म पर पहुंचने पर जोर दिया गया है।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीआरएम। छाया: आज

भीषण सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत

पड़ाव। कोतवाली क्षेत्र के पड़ाव-मुगलसराय मार्ग पर शनिवार की भोर में हुए भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। हादसा ग्राम मढ़िया, जलीलपुर स्थित घंटावीर बाबा मंदिर के समीप हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब चार बजे उस्मान अपने मामा मोहम्मद जुबैर को स्कूटी से लेकर पड़ाव चौराहे से मुगलसराय की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान घंटावीर बाबा मंदिर के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से उनकी स्कूटी पीछे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर पर सड़क किनारे सजावटी बिजली के खंभे लगाए जा रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान उस्मान पुत्र इस्लाम, निवासी सतपोखरी तथा उनके मामा मोहम्मद जुबैर, निवासी रायबरेली के रूप में हुई। बताया गया कि जुबैर रायबरेली से नींबूपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शनिवार की भोर में बारात में शामिल होने के बाद उस्मान अपने मामा को स्कूटी से छोड़ने नींबूपुर गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया। परिजनों के मुताबिक,उस्मान चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे। उनकी शादी महज छह महीने पहले हुई थी। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

त्योहारों को लेकर अलर्ट, डीआईजी ने किया पैदल गश्त

मुगलसराय। आगामी त्योहार दीपावली और भैया दूज पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए वाराणसी परिक्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल एवं अन्य अधिकारियों के साथ मुगलसराय क्षेत्र के प्रमुख और संवेदनशील बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीआईजी के बाजारों में उतरने से पुलिस महकमे में भी सक्रियता देखने को मिली। पैदल गश्त के दौरान डीआईजी ने बाजारों में पुलिस बल की तैनाती, पिकेट ड्यूटी और सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्राफा व्यवसायियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी समस्याएं एवं सुझाव भी जाने। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान त्योहारों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। पार्किंग स्थलों, वैकल्पिक मार्गों और वन-वे व्यवस्था की संभावनाओं का परीक्षण किया गया। डीआईजी ने पिछले दस वर्षों में दीपावली और भैया दूज के दौरान हुई लूट एवं डकैती की घटनाओं की समीक्षा करते हुए सक्रिय अपराधियों पर पैनी नजर रखने और उनके खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित पैदल गश्त, प्रभावी चेकिंग, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और व्यापारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने को कहा,ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



चोरी मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार

सैयदराजा । उच्चाधिकारियों के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक कुमार मिश्र एवं उपनिरीक्षक राजेश कुमार मय हमराह पुलिस टीम ने थाना सैयदराजा पर पंजीकृत गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त फिरोज को गिरफ्तार किया। फिरोज ग्राम खोजापुर नेवादा, थाना कादीपुर, जनपद सुल्तानपुर का निवासी बताया गया है। 05 नवंबर को घटित घटना के दौरान अभियुक्त शराब के नशे की हालत में थाए जिसके कारण उसका उपचार जिला चिकित्सालय चंदौली में चल रहा था। उपचार पूर्ण होने के उपरांत थाना सैयदराजा पुलिस टीम ने अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घर में परिजनों को बंद कर लाखों की चोरी

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में बीती रात चोरों ने कमलाकांत यादव के घर के सदस्यों को कमरे में बंद कर लाखों रुपए के गहने और नकद बक्सा और अटैची के साथ चुरा ले गए । बक्सा और अटैची टूटी हालत में घर से कुछ दूरी पर मिला । रात्रि में ग्रामीणों की शोर सुन चोर फरार फरार हो गए । पहाड़पुर गांव के रहने वाले कमलाकांत यादव और उनकी पत्नी रात्रि भोजन कर बरामदे में सो गए । घर के अंदर उनकी बहुएं सो रही थी । चोर पीछे से घर में घुसकर दोनों बहुएं के कमरे बाहर से बंद कर कमलाकांत के कमरे में रखा अटैची और बक्से लेकर फरार हो गए । बक्सा और अटैची में मंगलसूत्र, झुमका, पायल, मीना और 5 हजार रुपए नकद थे । एक बहु रात्रि में साढ़े बारह बजे बाथरूम जाने के लिए उठी तो शोर मचाने लगी । शोर सुन दूसरी बहु भी जग गई तो वह भी दरवाजा खुलवाने के लिए शोर मचाने लगी । बरामदे में सो रहे कमलाकांत ने घर में जाकर दरवाजा खोला । कमलाकांत के कमरे खुले और बक्सा गायब देख सन्न रह गये । तब तक ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई । रात्रि में पुलिस को सूचना दिया गया । जो आकर जांच पड़ताल किया । बक्सा और अटैची टूटी हालत में घर से कुछ दूरी पर मिला । परिजनों ने बलुआ थाने में तहरीर दे दिया है । बढ़ती चोरियों से लोगो में दहशत है ।

संक्षिप्त

१० को रहेगा स्थानीय अवकाश

चंदौली। जनपद में 3 मार्च 2026 को होली पर घोषित स्थानीय अवकाश रद्द कर दिया गया था। अब 10 नवंबर 2026 को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, होली पर निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत अवकाश होने के कारण स्थानीय अवकाश की तारीख बदली गई है। यह आदेश तत्काल लागू कर दिया गया है। 10 नवंबर 2026 को मंगलवार है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित तिथियां जारी

चन्दौली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित तिथियां घोषित कर दी गई हैं निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 17 नवम्बर 2026 दावे और आपत्तियां (फार्म-6, 7, 8) प्राप्त करने की अवधि: 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक, प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण: 28 दिसम्बर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन: 04 जनवरी 2027 उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राजेश कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

एनडीए में अक्षत ने लहराया सफलता का परचम

चकिया। प्रतिभा और कठिन परिश्रम के दम पर गोल्हिया गांव के अक्षत कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 20वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि ने चंदौली जनपद को गौरवान्वित किया है। अक्षत की सफलता की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अक्षत कुमार मौर्य विकासखंड क्षेत्र के गोल्हिया गांव निवासी अरविंद कुमार मौर्य के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय से पूरी की। पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाले अक्षत ने हाईस्कूल में 89 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उनके पिता अरविंद कुमार मौर्य भारतीय वायु सेना में मास्टर वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता कुसुम वर्मा शिक्षिका हैं। अक्षत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग, गुरुजनों के आशीर्वाद और निरंतर मेहनत को दिया। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

मिठाई की दुकान पर लगे रेट बोर्ड, ग्राहकों को मिली सुविधा

धानापुर। क्षेत्र के सीता पोखरी बाजार में संचालित एक दुकान पर शासन के निर्देश पर दीपावली के अवसर पर काउंटर में सजी सभी मिठाईयो के सामने रेट एवं एकक्सपायरी डेट लगाया गया है। जिससे ग्राहकों को रेट बोर्ड से मिठाई के दामों की जानकारी मिलने लगी है। मालूम हो कि विगत माह माननीय न्यायालय ने निर्देश पर सरकार द्वारा प्रदेश के सभी मिठाई विक्रेताओं को अपनी दुकानों के शो रूम में लगे काउंटर में रखी सभी मिठाईयो के सामने रेट व एकक्सपायरी डेट लिखना अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में सीता पोखरी बाजार के जायसवाल स्वीट हॉउस के मालिक गुड्डू जायसवाल ने बताया कि अधिकारियो के निर्देश पर ग्राहकों की सुविधा के लिए रेट बोर्ड लिखा गया है। जिसमे काजू कतली -1200, काजू बाइत 1200, सादी बर्फी 260 रूपये प्रति किलो, कच्ची बर्फी 380, मिल्क केक 240 रसभरी - 240 सादा छेना - 240 छेना क्रीम-280 पेड़ा, लड्डू - 180, आदि का रेट व एक्सीपायरी भी दिया गया है । जिससे ग्राहकों को शुद्ध स्वीट मिल सके इतना ही नहीं हमारा प्रयास रहता है कि दुकान में साफ सफाई और सामानो क्वालिटी का विशेष ध्यान दिया जाता है।

दिवाली,छठ को लेकर बबुरी बाजार में लौटी रौनक

बबुरी। दीपावली और छठ महापर्व को लेकर बबुरी बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। बाजार में मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, रंगोली, झालर-लाइट, फूल-माला और पूजा सामग्री की दुकानों पर विशेष सजावट की गई है। वहीं कपड़ा, बर्तन और मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहक जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले साल के मुकाबले बिक्री अच्छी है। छठ पर्व को लेकर भी महिलाओं में खासा उत्साह है। सूप, टोकरी, नारियल, गन्ना और नए कपड़ों की खरीदारी जोरों पर है। शाम होते ही बाजार में लाइटों से जगमगाहट और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दिवाली और छठ दोनों बड़े त्योहार एक साथ पड़ने से बाजार में दोहरी खुशी और दोगुनी रौनक है।



जामडीह स्थित मंदिर, तालाब का कोतवाल ने किया निरीक्षण

चंदौली। सदर कोतवाली क्षेत्र के जामडीह गांव स्थित जमेश्वर महादेव मंदिर एवं तालाब का सदर कोतवाल त्रिवेणी सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर और तालाब के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर जमेश्वर महादेव मंदिर में करीब 200 वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन किया जाता है। मान्यता है कि संतान सुख की कामना रखने वाली महिलाएं तालाब में स्नान करने के बाद मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। इस परंपरा के चलते दीपावली पर यहां बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ जुटती है। महिलाओं की आस्था और श्रद्धा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। निरीक्षण के दौरान कोतवाल त्रिवेणी सिंह ने पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन, महिलाओं की सुरक्षा और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

दीपावली पर पुलिस ने १११ लोगों के चेहरों पर लौटायी मुस्कान

चंदौली। दीपावली के त्योहार पर पुलिस ने मोबाइल फोन खो चुके लोगों को खुशियों की सौगात दी है। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और सीईआईआर पोर्टल की मदद से 111 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 33 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बरामद मोबाइल उनके मालिकों को वितरित किए। लंबे समय बाद अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों ने चंदौली पुलिस की इस पहल की सराहना की। एसपी के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने तकनीकी माध्यमों से मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया। मुगलसराय से सर्वाधिक 22, सकलडीहा से 19, चंदौली से 16 और चकिया से 12 मोबाइल बरामद किए गए। खास बात यह है कि वर्ष 2026 में अब तक पुलिस कुल 630 खोए मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सौंप चुकी है। इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 85 लाख 10 हजार रुपये है। मोबाइल बरामदगी में स्वाट प्रभारी रामजनम यादव,सर्विलांस प्रभारी आशीष मिश्रा समेत पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

चंदौली। थाना क्षेत्र के सुढना गांव में रिश्तेदारी मे आए बिहार के एक युवक की शनिवार को तालाब मे डूबने से मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवा गया। तत्पश्चात पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सा भेजा गया। जानकारी के अनुसार अख्तर अली पुत्र शब्बीर 27 वर्ष निवासी विदामन चक रामगढ कैमूर बिहार सुढना मे अपने रिश्तेदार अमजद अली पुत्र जमालुद्दीन के यहां आया हुआ था। बताया जा रहा है कि वह शौच के लिए गांव के बाहर तालाब की तरफ गया था। पैर फिसलने से वह तालाब मे गिर गया। तालाब गहरा है पानी भी ज्यादा भरा होने से डूबकर मौत हो गयी। काफी देर बाद जब अख्तर घर वापस नहीं लौटा तो रिश्तेदारों को चिंता हुयी। तलाश करते हुए तालाब की तरफ पहुंचे सूचना पुलिस को दी गयी मौके पर हमराहियों संग पहुंचे कंदवा थाना प्रभारी विनोद कुमार अंचल द्वारा गोताखोरों, ग्रामीणों के सहयोग से तालाब से शव को बाहर निकालकर थाना ले आया गया।

राममय हुआ डालिम्स सनबीम का परिसर

चकिया। डालिम्स सनबीम चकिया में शनिवार को दीपावली का पर्व उत्साह, उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। महोत्सव को लेकर विद्यालय परिसर को भव्य रूप से सजाकर अयोध्या नगरी का स्वरूप प्रदान किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और जामवंत के रूप में सजे विद्यार्थियों का फूलों की वर्षा, ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के नारों के बीच स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. वीपी सिंह ने आरती उतारकर एवं तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए महज एक घंटे में संपूर्ण रामायण का मंचन किया। कक्षा तीन से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। अभिनय के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर कक्षा दस की छात्राओं को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं रामायण ज्ञान प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विवेक प्रताप सिंह ने दीपावली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार हमें सत्य, धर्म, प्रेम और सद्भाव के मार्ग पर चलने की सीख देता है। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में चकिया के अधिकारीगण, ब्लॉक प्रमुख, पत्रकार बंधु, प्रधानाध्यापिका स्मिता जैन, मोनिका सिंह, इमरान, संजय, सोनू कुमार, अभिषेक, मंजरी, निधि सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।

हिन्दू एकता पर हिन्दू महासंघ ने दिया बल

चंदौली। विश्व हिन्दू महासंघ कि एक बैठक शनिवार को सदर विकास खंड के ग्राम विसौरी स्थित गणपति पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्य अतिथि परम पूज्य महंत मुकेश नाथ राष्ट्रीय संयोजक उपस्थित थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवाजी सिंह द्वारा हिन्दू एकता पर बल दिया गया। प्रदेश स्तरिय पदाधिकारियों को अंग वस्त्रम् व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिसमें रघुबीर सिंह राष्ट्रीय मंत्री, शिव विलाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, प्रभु योगीजी महाराज, मिथुन चंद्र डे, गरिमा सिंह, प्रतिमा पात्रा, विपिन पाण्डेय, रजनी देसाई आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारियों में राजन सिंह महामंत्री, संतोष सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री पंकज सिंह, अजय सिंह कोषाध्यक्ष संघारी यादव आदि ने सबका स्वागत किया ।



वोट चोरी के खिलाफ गांव-गांव चौपाल लगायेगी कांग्रेस

चंदौली। जिला कांग्रेस कमेटी चंदौली द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण द्विवेदी की अध्यक्षता में देश में वोट चोरी व चढ़ावा चोरी के विरुद्ध आंदोलन को गाँव गाँव तक पहुँचाने को लेकर तैयारी बैठक की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कॉंग्रेस कमेटी चंदौली के जिलाध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गाँधी ने बार-बार इस वोट चोरी को उजागर किया है जो अब पूरी तरह से प्रमाणित हो चुका है। देश की जनता का, ज्ञानेश कुमार के पद पर बने रहते भर में, देश की निर्वाचन प्रणाली से भरोसा पूरी तरह से उठ चुका है। अब यह लड़ाई तबतक नहीं रुकेगी जबतक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटाया जाये। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को देशद्रोह के आरोप में जेल भेजा जाय। और ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में लिये गये सभी निर्णयों व मतदाता सूची किये गये बदलाओं की व्यापक एवं स्वतंत्र समीक्षा कराई जाये। साथ ही देश में मतदान अब बैलट पेपर से कराया जाये। साथ ही कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति का धंधा करने वाली भाजपा अयोध्या प्रभु श्री राम का चढ़ावा चोरी करने वालो को अभी तक जेल नहीं भेज पाई। उक्त अवसर पर श्रीमती मधु राय, रजनी कांत पाण्डेय, राजेंद्र गौतम, मुनीर खान, राममूरत गुप्ता, दयाराम पटेल, गंगा प्रसाद, गुलाब राम, असगर अली, अमलेन्दु पाण्डेय, दिलीप यादव, जुगल किशोर, मदन लाल, रामौतार यादव, श्रीकांत पाठक, राकेश सिंह ,राजकिशोर सिंह, अतुल दुबे, गुलाम अली, विजय कुमार, शमशेर खान, गौरव मिश्रा निरंजन जायसवाल,निखिल सिंह, राकेश सिंह गुड्डू मिठाई वाला, रामनगिना राम, सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण द्विवेदी व संचालन शिवेंद्र मिश्रा ने किया।



बाइकों की टक्कर में दो घायल

चंदौली। सैयदराजा-जमानियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर भदखरी गांव के पास दो बाइकों की आपस मे टक्कर हो गयी। इस दौरान दोनो बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड मच गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस से गंभीर रुप से घायल एक बाइक सवार अनुराग पांडे निवासी सासाराम 25 वर्ष को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी भिजवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सैयदराजा निवासी बाबू 34 वर्ष बाइक से सैयदराजा जमानियां मार्ग होते हुए भदखरी गांव मे अपने मित्र के यहां जा रहे थे वह ज्यों ही भदखरी की तरफ मुड़े तभी पीछे से तेज गति से आ रहे बाइक सवार अनुराग पांडे ने पीछे से धक्का मार दिया। बाइकों की टक्कर के बाद दोनो बाइक सवार मार्ग पर गिर पड़े। बाबू को राहगीरों द्वारा पास के एक निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया, वहीं अनुराग की हालत गंभीर देख सरकारी एंबुलेंस को सूचना दी गयी।

अंतिम व्यक्ति तक खुशियां पहुंचाना ही पर्व की सच्ची सार्थकता- डा. कृष्णानंद

मुगलसराय। दीपावली का पर्व केवल अपने परिवार के साथ खुशियां मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच पहुंचकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनने और खुशियां साझा करने का भी संदेश देता है। इसी भाव के साथ आज वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कृष्णानंद पांडेय ने विधानसभा मुगलसराय के हमीदपुर स्थित दलित मुसहर बस्ती में पहुंचकर स्थानीय परिवारों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने बस्ती के बच्चों को मिठाइयां खिलाईं तथा उनके बीच मिठाइयां और पटाखे वितरित किए। बच्चों के साथ आत्मीय संवाद कर उनकी खुशियों में सहभागी बने और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. कृष्णानंद पांडेय ने कहा कि परिवार के साथ तो हर कोई त्योहार मनाता है, लेकिन समाज के उन लोगों के बीच पहुंचकर खुशियां बांटना, जिनके जीवन में छोटी-छोटी खुशियां भी विशेष महत्व रखती हैं, एक अलग ही आत्मिक संतोष प्रदान करता है। त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी है, जब समाज का कोई भी वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस न करे और हर व्यक्ति के जीवन में उत्साह एवं उल्लास का संचार हो। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रेम, सद्भाव, समानता और सामाजिक समरसता का पर्व है। हमारी जिम्मेदारी है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी खुशियों का प्रकाश पहुंचे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष गंगाराम साहनी, राजू इकबाल,सत्यानंद राय,रामकिशुन झा, अरविंद पटेल, शिवनाथ प्रजापति, राजाराम चौरसिया, संदीप पटेल ,शिवपूजन डॉक्टर, राजू गोंड, शारदा मुसहर, दुर्गा पांडेय, चंद्रशेखर पटेल, बबलू सिंह ,प्रधान दिनेश सिंह, शेखर बिना, एवं राजेश मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पीएम आवास योजना,प्रदेश के ११५६१६ लाभार्थियों को द्वितीय किस्त जारी

चंदौली। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सहभागिता से प्रदेश के समस्त जनपदों के कुल 1,15,616 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के रूप में 1,156.16 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। प्रत्येक लाभार्थी को द्वितीय किश्त के रूप में 1 लाख की धनराशि प्रदान की जा रही है। चंदौली जनपद में भी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत अभी तक 836 पात्र लाभार्थियों को एक लाख की प्रथम किश्त के रूप में आठ करोड़ छत्तीस लाख की धनराशि एवं इनमें से मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने वाले 461 लाभार्थियों को रू.एक लाख की द्वितीय किश्त के रूप में चार करोड़ इकसठ लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि लाभार्थी प्राप्त धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप आवास निर्माण करें तथा निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर तृतीय किश्त के रूप में 50,000 की धनराशि प्राप्त करने की पात्रता सुनिश्चित करें। कहा कि यदि योजना के अंतर्गत किसी भी स्तर पर लाभार्थियों से अवैध धनराशि की मांग किए जाने अथवा अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जनपद की पहली पंजीकृत बहुउद्देशीय सहकारी समिति बनी बसगांवा

धानापुर। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों-पशुपालकों के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलने की दिशा में बसगांवा ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सरदार पटेल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के अंतर्गत बसगांवा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति जिले की पहली पंजीकृत समिति बनी है। इस उपलब्धि पर समिति परिसर में पशुपालक सम्मान समारोह एवं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। इसमें सफल पशुपालकों को सम्मानित करने के साथ बेहतर पशु देखभाल,पौष्टिक आहार और नियमित टीकाकरण के गुर बताए गए। कार्यक्रम में अमूल बनास डेयरी चंदौली के जिला अधिकारी अर्जेश यादव एवं सुनीता सिंह ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन अपनाकर किसान अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। इसके लिए पशुओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार देना, उनके रहने के स्थान पर साफ-सफाई रखना और निर्धारित समय पर टीकाकरण कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन और डेयरी व्यवसाय ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ आत्मनिर्भरता का आधार बन सकते हैं। वहीं अभिजीत पटेल ने सरदार पटेल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की योजनाओं और सहकारी समितियों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब समिति केवल दुग्ध व्यवसाय तक सीमित नहीं रहेगी। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी आनंद कुमार, धानापुर के डॉ. अवधेश कुमार यादव, समिति सचिव गोलू सिंह, अध्यक्ष रमाशंकर सिंह, व्यवस्थापक रामबली यादव, अतुल सिंह, बबलू सिंह, छब्बू पासवान, रामरतन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पशुपालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



किराना की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर खाक

रामेश्वर । रामेश्वर कस्बा में बीती रात गुप्ता जनरल एंड प्राविजनल स्टोर्स मे.अनिल गुप्ता के किराना की दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही मिनटों में दुकान का एक हिस्सा धू-धू कर जल उठी। दुकान में रखा राशन, तेल, घी, दाल, मसाला, बिस्कुट, साबुन, सर्फ, फर्नीचर सहित लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। बताया जा रहा है कि रात्रि लगभग १० बजे भोजन करने के बाद दुकान बन्द करके परिजन सोने चले गये। उसके एक घंटे बाद अचानक दुकान के अंदर से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने पिछले दरवाजा के सहारे घर में घुसकर समर्सेबुल के सहारे पाइप से पानी फेंककर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन थोड़े समय में ही सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित दुकानदार अनिल गुप्ता के अनुसार इस हादसे में लगभग २ से ३ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि घटना के समय दुकान में कोई नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। क्षेत्रीय समाजसेवी, ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने कहा कि अनिल गुप्ता के साथ हुई यह घटना बहुत दुःखद है। पूरी ग्राम पंचायत पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन से मुआवजे के लिए मांग की जाएगी।

पोखरेमें मिला लापता युवकका शव, पिताने जतायी हत्या की आशंका

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के पूरबपुर गांव स्थित पोखरे में शनिवार को २१ वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान पुआरीकला (बाबा का पुरवा) निवासी अंकुर गिरी पुत्र रामदयाल गिरी के रूप में हुई है। युवक दो दिनों से लापता था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, मृतक के पिता ने बेटे की हत्या किये जाने की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार अंकुर गिरी गुरुवार शाम करीब चार बजे साइकिल से घर से निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद शुक्रवार को परिजनों ने बड़ागांव थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करायी। पुलिस भी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को पूरबपुर गांव स्थित पोखरे में स्थानीय लोगों ने एक युवक का शव उतराता देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पोखरे से बाहर निकलवाया। तलाशी के दौरान युवक की शर्ट की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिसके आधार पर उसकी पहचान अंकुर गिरी के रूप में की गयी। सूचना मिलते ही बदहवास परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता रामदयाल गिरी ने बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जतायी है। उनका आरोप है कि अंकुर के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे और उसके नाखून भी उखड़े हुए थे। पिता ने पुलिस से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने तथा घटना में शामिल लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त काररवाई करने की मांग की है। हालांकि, युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए बड़ागांव पुलिस मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किये। अपर पुलिस उपायुक्त, गोमती जोन ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कार्यालय -कृषि उत्पादन मण्डी समिति कोपागंज (मऊ)

आवश्यक सूचना

कृपया अवगत कराना है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति कोपागंज (मऊ)के नवीन उप मण्डी स्थल परिसर में फल/सब्जी मण्डी के अन्तर्गत ''स'' श्रेणी की 01 नग दुकान एवं मऊ से गोरखपुर मुख्य मार्ग पर 03 नग सुपर मार्केट की दुकान वर्तमान में रिक्त है। ''स'' श्रेणी की एक नग दुकान का आवंटन लाइसेन्सी व्यापारियों के मध्य एवं सुपर मार्केट की 03 दुकानों हेतु गैर लाइसेन्सी समस्त इच्छुक आवेदकों के मध्य राजस्व हित में उक्त दुकानों का आवंटन किया जाना है। रिक्त दुकानों का विवरण निम्नवत है-

क्र. स.	दुकान की श्रेणी	कुल रिक्त दुकानों की संख्या	प्रति दुकान निर्माण की लागत (रू.में)	न्यूनतम बोली प्रीमियम की धनराशि (रू.में)	वार्षिक यूजन चार्ज/किराया (18% जी.एस.टी. सहित) (रू.में)	आरक्षणवार दुकानो का विवरण		
						अनु. जाति	अन्य पिछड़ी वर्ग	अनारक्षित
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	''स''	01	407000.00	407000.00	7204.00	–	–	46
02	सुपर मार्केट	03	688793.00	42.92844.00	12192.00	1,5	–	4

रिक्त दुकानों का आवंटन उप निदेशक (प्रशासन) मण्डी परिषद, आजमढ़ की अध्यक्षता में आवंटन समिति द्वारा दिनांक 21.11.2026 को स्थान मण्डी समिति कोपागंज मऊ में समय 12.00 बजे अपरान्ह में किया जायेगा। नीलामी उपरान्त उच्चतम बोलीदाता के पक्ष में दुकान का आवंटन किया जायेगा। बोलीदाता को नीलामी बोली की आधी (1/2) धनराशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण शुल्क रू. -50000.00 नगद अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में ए.पी.एम.सी. कोपाजंग मऊ के नाम से जान करना अनिवार्य होगा। आवंटन की दशा में पंजीकरण शुल्क देय प्रीमियम की धनराशि में समायोजित कर लिया जायेगा। आवे. दन करने हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति कोपागंज (मऊ) के कार्यालय से दिनांक-10.11.2026 से दिनांक 20.11.2026 तक प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00बजे तक मण्डी समिति कोपागंज मऊ के कार्यालय से रू. 590.00(रूपये पांच सौ नब्बे मात्र) प्रति फार्म (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) नगद जमा करके आवेदन फार्म प्राप्त किया जा सकता है। आवंटन के संबंध में नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अमित गुप्ता)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
कोपागंज मऊ

(कुँवर सचिन सिंह)
उपजिलाधिकारी सदर/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
कोपागंज मऊ

पत्रांक-कृ.उ.म.स./को./दु.आ./2026-247 दिनांक- 06.11.2026

कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद-जौनपुर

पत्रांकः- विज्ञापन/प्रकाशन/संविदा चि0/2026-27/ दिनांक-04.11.2026

साक्षात्कार हेतु सूचना

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0 179/एस0पी0एम0यू0/ एन0एच0एम0/ डी0एच0एस0/03/2024-25/3583-3 दिनांक 11/09/2024 एवं पत्र सं0 179/एस0पी0एम0यू0 /एन0एच0एम0/डिस्ट्रक वॉक-इन/ 2023-24/4150 दिनांक 18/08/2023 के क्रम में जनपद जौनपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, में संचालित विभिन्न कार्यक्रमो के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदो पर एम0बी0बी0एस0 चिकित्सको की नियुक्ति वाक-इन-इण्टरव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु पत्रांक-विज्ञापन/प्रकाशन/संविदा चि0/2026-27 दिनांक 07/09/2026 के द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। चिकित्सकों के चयन हेतु साक्षात्कार की तिथि निम्नवत निर्धारित है। साक्षात्कार मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर के सभागार कक्ष में आयोजित किया जायेगा। विज्ञापन प्रकाशन के उपरान्त कुल प्राप्त आवेदन पत्रों के स्क्रीनिंग में अनर्ह व अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का रोल नं0/विवरण एन0आई0सी0 के पोर्टल (jaunpur.nic.in) पर अपलोड कर दिया गया है। अर्ह अभ्यर्थियों में जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख पूर्ण नहीं हैं वह साक्षात्कार के दिन चयन समिति के समक्ष अभिलेख के साथ उपस्थित होंगे।

साक्षात्कार हेतु विवरण निम्नवत है।

कम सं0	साक्षत्कार का दिनांक	रोल नं0
1	23/11/2026	01 से 100 तक
2	24/11/2026	101 से 200 तक
3	25/11/2026	201 से 289 तक

उ.प्र-260630
दिनांक-06.11.2026

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जौनपुर

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय उपजिलाधिकारी जमानियॉ-गाजीपुर

संख्या-455/तीन-स.रा.ले/नीलामी/ 2026 दिनांक-05.11.2026

विज्ञप्ति
जमीन/नीलामी शिविर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दी कोर्ट आफ प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट बोकारों (झारखण्ड) द्वारा विवेक राय पुत्र विजयनरायन राय निवासी सुहवल, तहसील जमानियॉ जिला गाजीपुर के ऊपर 3720000रू. (सैतीस लाख बीस हजार) मात्र का वसूली प्रमाण पत्र जारी करते हुए उसकी वसूली करने का निर्देश दिया था। नीलाम की जाने वाले भूमि में खातेदार का हिस्सा तथा संशोधित भू भाग का मूल्याकंन क्षेत्रीय लेखपाल से करा लिया गया है। उत्पीड़क कार्यवाही करने के बाद उनकी भूमि को कुर्क कर ली गयी तथा नीलामी की कार्यवाही की जानी है।

उक्त नीलामी की कार्यवाही उ.प्र. राजस्व संहिता की धारा में दिये गये प्रावधानों के साथ दिनांक 21.11.2026 को तहसील सभागार जमानियों में अपरान्ह 12.00 बजे से की जायेगी। नीलामी में इच्छुक व्यक्ति अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ उसी दिन प्रातः 10.00 बजे संग्रह कार्यालय तहसील जमानियॉ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नीलामी की जाने वाली भूमि उसका मूल्याकंन तथा बोली बोलने के लिए जमानत की धनराशि निम्नलिखित है-

क्र सं.	ग्रामसभा /ग्राम का नाम जहॉ गाटा स्थित है	गाटे का विवरण			नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित बोली की धनराशि का प्रति हे.	मुल्यांकन
		खसरा नम्बर	क्षेत्रफल	हिस्सा			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सुहवल	1909	6.1590	1.0265	21.11.2026	4700	4824550

नोट-मौजा सुहवल की आराजी संख्या 1909 रकबा 6.159हे. में खातेदार विवेक उर्फ बबलू पुत्र विजयशंकर का हिस्सा रकबा 1.0265हे. है परन्तु उक्त आराजी में रकबा 0.792हे. का नीलामी करना है जिसका मूल्यांकन रू. 3722400/है जिसकी बोली बोलने के लिए जमानत धनराशि आरक्षित/बोली गयी धनराशि का 10 प्रतिशत मूल्य 372240 रू. जमा करना होगा।

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता व शर्ते

1. राजस्व संहिता में वर्णित पात्रता की शर्ते व नियम लागू होगी।
2. उच्चतम बोलीदाता को बोली का 1/4 भाग उसी दिन नगद जमा करना अनिवार्य होगा। शेष धनराशि 15 दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। धनराशि न जमा करने पर उनकी जमानत धनराशि जब्त करते हुए अगले दिन द्वितीय स्थान पर पहने वाले को धनराशि जमा करने का अवसर दिया जायेगा। द्वितीय स्थान वाले व्यक्ति के असफल रहने पर उसकी जमानत धनराशि जब्त करते हुए पुनः नई नीलामी लगायी जायेगी।
3. नायब तहसीलदार जमानियॉ नीलामी अधिकारी होगे।

तहसीलदार
जमानियॉ गाजीपुर

उपजिलाधिकारी
जमानियॉ गाजीपुर

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं०-07 ऑफ 2026-27/
खुला/गति शक्ति इकाई, डीडीयू

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ आरएसपी/ महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सक्षम ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०-07-डीडीयू- उप मुख्य परियोजना प्रबंधक- गति शक्ति इकाई - 26-27, कार्य का नाम एवं लोकेशन : पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गतिशक्ति यूनिट के अंतर्गत AUBR, GAYA, IMGE एवं SEB स्टेशनों के माल गोदामों (Goods Sheds) में पहुँच मार्ग के उन्नयन, प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रावधान एवं ग्राहक सुविधाओं के विकास से संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का शेष कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 102577847.18, **धरोहर राशि :** ₹ 2051600.00, **ई-निविदा हेतु बोली की तिथि एवं समय:** 27.11.2026 को 15:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी, महेन्द्रू घाट, पटना
पीआर/1284/डीओसी-यू-जीएस०/सीओएनएसटी/टी/26-27/40

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचनाः ओटी-24-2026

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ''खुली'' निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं. ओटी-24-2026, कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे अन्तर्गत खलीलाबाद-बहराईच नई लाईन परियोजना के तहत बघौली (Excl.) -बाँसी (Incl.) खण्ड का रेलवे विद्युतीकरण ओएचई 2x25 केवी, एसी, 50 हर्ट्ज अनुसार डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 27,74,44,314.22, बयाने की राशिः ₹ 55,48,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि-12 माह। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 15.12.2026 को 15.00 बजे।

इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगें

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाहि/विद्युत-254 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय नगर पंचायत वलीदपुर जनपद-मऊ

संख्या- 351/न0पं0वलीदपुर/2026-27 दिनाँक-07.11.2026

ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत वलीदपुर जनपद-मऊ में समस्त पंजीकृत ठेकेदारो से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY)'' के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति के उपरान्त निम्नांकित कार्यो हेतु दिनांक- 09.11.2026 से दिनांक-30.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-30.11.2026 को खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। निविदा सूचना तथा निविदा से सम्बन्धित शर्तें वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी हैं, जो दिनांक-30.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

क्र0 सं0	नगर पंचायत	ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अंतिम दिनांक एवं समय
1.	Tender Release		09/11/2026 09:00 AM	
2		Tender Download	09/11/2026 09:00 AM	30/11/2026 02:00PM
3.		Bid Submission	09/11/2026 09:00 AM	
4.	Tender Opening		30/11/2026 4:00 PM	

नोट- ई-निविदा के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए ई-टेण्डर पोर्टल पर देखा जा सकता है

अधिशासी अभियन्ता
नगर पंचायत वलीदपुर
जनपद-मऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत वलीदपुर
जनपद-मऊ

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अभिन्दा चतुर्वेदी** पुत्री अरविंद चतुर्वेदी, निवासी ग्राम एवं पोस्ट बभनौल, थाना दावथ, जिला रोहतास, बिहार की निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड संख्या 664463487110 में मेरा नाम अभिन्दा चतुर्वेदी पिता का नाम अरविन्द चतुर्वेदी तथा जन्मतिथि 21 नवंबर 2008 अंकित है, जो सही है उक्त नाम एवं जन्मतिथि के सत्यापन के संबंध में मेरे द्वारा दिनांक 04 नवंम्बर 2026 को विक्रमगंज रोहतास में शपथ पत्र निष्पादित किया गया है। स्थान विक्रमगंज रोहतास, दिनांक-04.11.2026

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अनुष्का चतुर्वेदी**, पिता-अरविन्द चतुर्वेदी, जन्मतिथि- 25 सितंबर 2007, निवासी ग्राम-बभनौल, पोस्ट-बभनौल, थाना-दावथ, जिला- रोहतास, बिहार की स्थायी निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड संख्या 2125 5475 4169 में मेरा नाम अनुष्का चतुर्वेदी, पिता का नाम अरविन्द चतुर्वेदी एवं जन्मतिथि 25/09/2007 अंकित है, जो पूर्णतः सही एवं सत्य है। आधार कार्ड में अंकित नाम एवं विवरण के सत्यापन के उद्देश्य से मेरे द्वारा शपथ पत्र दिनांक 04/11/2026 को लेख्य प्रमाणक, बिक्रमगंज, रोहतास के समक्ष निष्पादित कराया गया है। अतः संबंधित सभी लोग उक्त विवरण को सही एवं प्रमाणित मानें। स्थान : बिक्रमगंज, रोहतास (बिहार)

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा। प्रबन्धक

कार्यालय आजमगढ़ विकास प्राधिकरण-आजमगढ़

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवास एवं शहरी नियोजन, अनुभाग 8, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अधिसूचना सं0 179-आठ-8-2026/8-8099/804/2025 दिनांक 22.09.2026 के क्रम में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित मा0 मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत तमसा गार्डेन एनक्लेव, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के विस्तारित विकास क्षेत्र के अन्तर्गत वर्तमान भू-उपयोग 'कृषि' क्षेत्र से 'आवासीय' में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में विवरण निम्नवत् हैः-

क्र0 सं0	गाटा संख्या	कुल क्षेत्रफल	क्रय किया गया क्षेत्रफल	वर्तमान भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग
1	186मि0	1.4127	0.471	कृषि क्षेत्र	आवासीय
2	194मि0	1.2994	1.299	कृषि क्षेत्र	आवासीय
3	196मि0	1.3880	0.694	कृषि क्षेत्र	आवासीय
4	198 मि0	0.6640	0.664	कृषि क्षेत्र	आवासीय
5	199मि0	0.6170	0.617	कृषि क्षेत्र	आवासीय
6	200मि0	1.3710	1.371	कृषि क्षेत्र	आवासीय
7	201मि0	1.4880	1.488	कृषि क्षेत्र	आवासीय
8	203मि0	1.1200	1.120	कृषि क्षेत्र	आवासीय
9	204	1.0650	1.065	कृषि क्षेत्र	आवासीय
10	206	0.0200	0.020	कृषि क्षेत्र	आवासीय
11	207	0.0680	0.068	कृषि क्षेत्र	आवासीय
12	208	0.0860	0.057	कृषि क्षेत्र	आवासीय
13	209	0.6590	0.659	कृषि क्षेत्र	आवासीय
14	210/977	0.0200	0.020	कृषि क्षेत्र	आवासीय
15	210	5.3010	5.301	कृषि क्षेत्र	आवासीय
16	212मि0	1.2310	1.231	कृषि क्षेत्र	आवासीय
17	214	0.6840	0.684	कृषि क्षेत्र	आवासीय
18	245	1.3500	1.350	कृषि क्षेत्र	आवासीय
कुल योग		19.8441	18.180		

उपरोक्तानुसार तमसा गार्डेन एनक्लेव योजना के अन्तर्गत अर्जित भूमि का आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के विस्तारित विकास क्षेत्र के अन्तर्गत वर्तमान भू-उपयोग कृषि क्षेत्र से आवासीय में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-13 में निहित प्रक्रिया के अन्तर्गत जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये जाते हैं। जन-सामान्य द्वारा उपाध्यक्ष, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, आजमगढ़ को सम्बोधित करते हुए लिखित रूप में दो प्रतियों में अपने आपत्ति/सुझाव आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, में कलेक्ट्रेट परिसर, आजमगढ में उपलब्ध कराये जा सकते हैं। केवल उन्हीं आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जायेगा, जो निर्धारित अवधि में प्राप्त होंगे। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
आजमगढ़ विकास प्राधिकरण
आजमगढ़

पत्रांकः- 2210/एडीए दिनांकः- 06.11.2026

दशाश्वमेध एरिया डेवलपमेंट फाउंडेशन (डी.ए.डी.एफ.)

दशाश्वमेध वाराणसी उत्तर प्रदेश 221001

सी.आई.एन. नं. : U85300UP2021NPL145625 ईमेलः-

दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउंडेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेध घाट पर निर्मित प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में किड्स गेम के संचालन हेतु 11 माह की किरायेदारी पर नीलामी द्वारा स्थान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

पंजीकरण तिथि दिनांक 18.11.206 से 23.11.2026 तक

नीलामी की तिथि 25.11.26 अपरान्ह 03.00 बजे स्थल-प्राधिकरण सभागार

दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउंडेशन के अन्तर्गत दशाश्वमेध घाट पर निर्मित प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में किड्स गेम (04 किड्स व्हकिल + 01 जंपिंग झूला) के संचालन हेतु रिक्त स्थान (100 वर्ग मीटर) को 11 माह की किरायेदारी पर नीलामी के माध्यम से पुनः आवंटित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण कार्यालय के हेल्प-डेस्क पटल से निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित पंजीकरण शुल्क (जो नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में होगा) के साथ आवेदन पत्र प्राधिकरण के हेल्प डेस्क पटल पर जमा कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट निदेशक दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउंडेशन वाराणसी के नाम से देय होगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर पंजीकृत व्यक्तियों के मध्य नीलामी प्राधिकरण के सभागार में होगा ।नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली की 25% धनराशि 02 कार्य दिवस में जमा करनी होगी एवं उच्चतम बोली की धनराशि के अतिरिक्त रू. 5,000.00 जमानत की धनराशि भी देय होगी।

नीलामी की स्वीकृति की सूचना के 01 माह के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करनी होगी।

उपरोक्तानुसार नीलामी की स्वीकृत धनराशि जमा करने के पश्चात किरायेदारी का एग्रीमेंट निष्पादन के उपरान्त किड्स गेम के संचालन हेतु स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। कब्जा पत्र जारी होने की तिथि से किड्स गेम का संचालन आरम्भ माना जाएगा। किसी भी नीलामी को चाहे वह उच्चतम बोली ही हो, उसे स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी में निहित होगा। अन्य शर्तो के सम्बन्ध में जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट www.vdavnsv.com तथा श्री दुर्गेश वर्मा, प्रबन्धक (DADF)के मोबा. इल नं. 8707466647 एवं श्री सुफ्यान अंसारी सहायक प्रबन्धक (DADF)के मोबाइल नं. 7860509762 पर प्राप्त की जा सकती है।

क्रमांक	नीलामी हेतु चयनित स्थल	11 माह की किरायेदारी हेतु न्यूनतम आरक्षित धनराशि	पंजीकरण धनराशि
1	दशाश्वमेध प्लाजा के भूतल पर स्थित ओपेन एरिया मे 100 वर्गमीटर स्थान	रू.8,86,000.00	रू.88,600.00

दशाश्वमेध क्षेत्र विकास फाउंडेशन के अंतर्गत दशाश्वमेध घाट पर निर्मित प्लाजा में भूतल पर स्थित ओपेन एरिया में किड्स गेम (04 किड्स + 01 जंपिग झूला) के संचालन हेतु रिक्त स्थान पर 100 वर्ग मीटर को 11 माह की किरायेदारी पर नीलामी की शर्तेः-

1. किड्स गेम संचालन हेतु निर्धारित 100 वर्गमीटर स्थल को स्थल चिन्हांकन के माध्यम से स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जाएगा।
2. किड्स गेम के संचालन हेतु स्थान 11 माह की किरायेदारी के लिए नीलामी की जायेगी।
3. नीलामी में उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली की 25% धनराशि 02 कार्य दिवस में जमा करनी होगी एवं उच्चतम बोली की धनराशि के अतिरिक्त रू. 5,000.00 जमानत की धनराशि भी देय होगी।
4. नीलामी की बोली उच्चतम होने के बाद यदि कोई व्यक्ति 25% धनराशि जमा नही करता है तो नियमानुसार पंजीकरण धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. नीलामी के स्वीकृति की सूचना के 01 माह के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में अवशेष धनराशि न जमा करने पर पंजीकरण शुल्क सहित जमा समस्त धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. नीलामी में उच्चतम बोली की धनराशि जमा करने के पश्चात एग्रीमेंट कराने के पश्चात का कब्जा दिया जाएगा।
7. नीलामी में आई बोली को स्वीकार करने का अधिकार उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, वाराणसी में निहित होगा। वह किसी भी बोली को चाहे वह उच्चतम ही हो अथवा अस्वीकार करने कारण बताये अस्वीकार कर सकते है, और इस सम्बन्ध में न्यायालय में प्रश्न उठाने का कोई अधिकार नहीं होगा।
8. निर्धारित संख्या में अधिक झूले लगाए जाने अथवा चिन्हित स्थल की सीमा से बाहर झूले /किड्स गेम स्थापित किए जाने की स्थिति में नियमानुसार उपयुक्त पेनाल्टी/अर्थदण्ड अधिरोपित किए जाने का प्रावधान किया जाएगा।
9. आवंटन अवधि समाप्त होने पर आंवटी द्वारा स्थल का कब्जा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अनुसार प्राधिकरण को वापस हस्तगत करना अनिवार्य होगा।

प्रभारी अधिकारी,
सम्पत्ति/नोडल अधिकारी (डी.ए.डी.एफ.)

पत्रांक-64/वि.प्रा./विज्ञापन/2026-27 दिनांक-07.11.2026

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बक्शा जौनपुर।

मोबाईल नं0-9454465267

प्रोक्योरमेन्ट/अल्प-कालिक निविदा

क्षेत्र पंचायत बक्शा जौनपुर द्वारा प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयो/ पन्द्रहवाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत जिला पंचायत राज अधिकारी जौनपुर के आदेश संख्या 6124/पं0-7/यो0स0/ वित्त आयोग/स्वीकृति/2026-27 दिनांक 25.09.2026 द्वारा जिलाधिकारी महोदय के स्तर से प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के कम में निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अल्प-कालिक निविदा आहुत की जाती है। निविदा से सम्बधित सम्पूर्ण विवरण, नियम व शर्ते कार्यालय में उपलब्ध पत्रावली में देखा जा सकता है। 1- निविदा हेतु क्षेत्र पंचाय बक्शा के पंजीकृत ठेकेदार /फर्म ही अधिकृत होगे। 2-निविदा आमंत्रण दिनांक 07.11.2026 से दिनांक 16.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक। 3-निविदा की टेक्निकल वीड खोलने की तिथि दिनांक 16.11.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक। 4-निविदा की फाइनेन्सियल बीड खोलने कि तिथि दिनांक 16.11.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक।

खण्ड विकाअधिकारी
बक्शा, जौनपुर।

प्रशासक/उपजिलाधिकारी
बदलापुर, जौनपुर।

पत्रांकः 893/लेखा/अल्प-कालिकनिविदा/ योजनान्तर्गत / 2026-27
दिनांक 7-11-2026

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। दाल मिलों की मांग बढ़ने से दलहनों में उड़द व चने के भाव 100/250 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। ग्राहकी कमजोर होने से खाद्य तेलों में चावल तेल की कीमतों में 100 रुपये की नरमी रही। दूसरी ओर बिकवाली कमजोर होने से अखाद्य तेलों की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। ग्राहकी निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से चीनी की कीमतों में स्थिरता रही। आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर के भाव पूर्व स्तर पर टिके रहे। किराना जिंसों में मांग बढ़ने से बड़ी इलायची के भाव 20 रुपये प्रति किलो बढ़ गए। हल्दी व धनिया भी पूछपरख बढ़ने से 200 रुपये तेज बोले गए।

अनाज-दाल

दाल मिलों की मांग बढ़ने तथा बिकवाली कमजोर होने से उड़द के भाव 100/150 रुपये बढ़कर रंगूनी उड़द एफएक्यू 9850/9900 रुपये तथा एसक्यू के भाव 10550/10560 रुपये तथा देसी माल के भाव 9300/9600 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से चना 250 रुपये बढ़कर 7700/7725 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दलहनों में तेजी का रुख होने तथा बिकवाली कमजोर होने से चना दाल के भाव 8500/8900 रुपये तथा उड़द दाल के



भाव 12100/13600 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। आटा मिलों की मांग निकलने तथा निचले स्तर पर बिकवाली कमजोर होने से गेहूं मिल डिलीवरी के भाव 2910/2915 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 2920/2925 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। बासमती चावल में भी ग्राहकी निकलने से मजबूती का रुख रहा।

तेल-तिलहन

वनस्पति घी व रिफाइंड वालों की मांग कमजोर होने तथा आवक बढ़ने से राइसब्रान ऑयल तेल के भाव 100 रुपये घटकर 12200 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि आवक कमजोर होने के कारण बिकवाली घटने से सरसों तेल के भाव 18200 रुपये व तिल तेल के भाव 20150 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। दूसरी ओर आयातकों की बिकवाली आने तथा मांग कमजोर होने से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल के भाव 200 रुपये घटकर 11000 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि औद्योगिक मांग निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से अरंडी तेल के भाव 17400/17500 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। राइसफैटी भी बिकवाली कमजोर होने से 10900/10950 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

गुड़-चीनी

2026-27 सीजन के दौरान देश में अभी तक चीनी का उत्पादन 12.45 लाख टन के लगभग हो चुका है। जो गत वर्ष की तुलना में अधिक है। उत्पादन अधिक होने के बावजूद हाजिर में माल की कमी के कारण मिलों द्वारा ऊंचे भाव बोले जाने से मिल डिलीवरी नई व पुरानी चीनी के भाव 5300/5900 रुपये तथा हाजिर में 6200/6400 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ के भाव 5400/5700 रुपये तथा ढैया के भाव 5600/5700 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। बिकवाली कमजोर होने से खांडसारी के भाव 6500/6700 रुपये तथा शक्कर के भाव 6100/6200 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

किराना-मेवे

किराना जिंसों में मांग बढ़ने से बड़ी इलायची 20 रुपये तेज होकर 1600/1650 रुपये प्रति किलो हो गए। स्टाकिस्टों की मांग बढ़ने से हल्दी 200 रुपये बढ़कर ईरोड गट्ठा 24000/24200 रुपये तथा सेलम फली के भाव 25100/30600 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। धनिया भी बिकवाली कमजोर होने से 200 रुपये बढ़कर बादामी 18200/18500 रुपये तथा ग्रीन मालों के भाव 19400/21500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। अन्य किराना जिंसों में छिटपुट मांग बनी रहने से मजबूती रही। जबकि मेवों में त्योहारी मांग समाप्त के कारण कारोबार ढिला रहा।

सर्राफा

विदेशों के तेज समाचार आने तथा बिकवाली कमजोर होने से सोने के भाव 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 1500 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव 4045 से बढ़कर 4070 डॉलर प्रति ओंस हो जाने के कारण बिकवाली कमजोर होने तथा त्योहारी मांग निकलने से सोना 600 रुपये बढ़कर किलोबार 145200 रुपये तथा स्टैंडर्ड 145900 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गया। विदेशों में चांदी के भाव 60 सेंट बढ़कर 5200 सेंट प्रति ओंस हो जाने से चांदी हाजिर 1500 रुपये बढ़कर 190500 रुपये प्रति किलो हो गई। चांदी सिक्का भी बिकवाली कमजोर होने से 2300/2400 रुपये प्रति नग पर मजबूत रहा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलिया

पत्रांकः- 1749/अ.अ./ग्रा.अ.त्र./निविदा/डॉ. अम्बेडकर योजना/2026-27 दिनांकः- 03.11.2026

अल्पकालीन मैनुअल निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बलिया, उ0प्र0 ग्रा0अ0वि0 में (A.B.C.D.) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से कार्य की लागत के अनुसार होने पर प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित करते है, निविदादाता (Bidder) किसी अथवा सभी कार्यो हेतु निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्र0 सं0	प्रस्ताओं का नाम	कार्य का नाम	लागत (जी0एस 0टी0 छोड़कर)	धरोहर राशि (लाख में) 2%	निविदा प्रपत्र का मुल्य रू0 /स्टेशनरी चार्ज/जी एसटी	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
डा0बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना वर्ष 2026–27									
1	मा0 रविशंकर सिंह (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत डफलपुरा विकास खण्ड सीयर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह	विकास भवन, बलिया।	परिमण्डल– आजमगढ़।	कलेक्ट्रेट–बलिया
2	मा0 रविशंकर सिंह (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत अमावँ विकास खण्ड सीयर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
3	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड सीयर के ग्राम शाहपुर टिटिहा में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
4	मा0 हंसू राम जी	ग्राम पंचायत कौवापुर में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
5	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड नगरा के ग्राम सभा कसौन्डर में स्थापित रविदास जी मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
6	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड नगरा के ग्राम सभा कौढ़ागालिब पट्टी के गाउपुर में अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
7	मा0 हंसू राम जी	विकास खण्ड नगरा के ग्राम सभा बरवारतीपट्टी में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
8	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्राम सभा सराय भारती में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
9	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्रामसभा नारायणपुर छिटनहरा में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
10	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्रामसभा कुकुरहा बिलकहर में राम्राट अशोक अम्बेडकर बौद्ध बिहार का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
11	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्राम पंचायत असनवार, विकास खण्ड बिलकहर मे स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
12	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्रामसभा मंगरौली बंकापुर में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
13	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत करछी नरायनपुर विकास खण्ड गड़वार अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
14	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	विकास खण्ड गड़वार के अम्बेडकर कालोनी में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
15	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	विकास खण्ड गड़वार के ग्राम पंचायत बलेजी में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
16	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	ग्राम पंचायत मिठवार विकास खण्ड गड़वार में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
17	मा0 संग्राम सिंह यादव जी	ग्राम पंचायत पकड़ी विकास खण्ड हनुमानगंज में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
18	मा0 दानिश अजाद अंसारी जी	विकास खण्ड सोहाव सहाबुद्दीपुर में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
19	मा0 दानिश अजाद अंसारी जी	विकास खण्ड सोहाव ग्राम चौरा में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
20	मा0 कैतकी सिंह जी/ मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू भैया)	नानिकपुर के किशुनपुर में अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
21	मा0 कैतकी सिंह जी	दिघेड़ा में संत शिरोमणि रविदास मंदिर जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
22	मा0 केतकी सिंह जी	सुखपुरा के मौजा बांसेराम में सन्त सिरोमणि रविदास मंदिर जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह	विकास भवन, बलिया।	परिमण्डल– आजमगढ़।	कलेक्ट्रेट–बलिया
23	मा0 केतकी सिंह जी	हरपुर लाला के छपरा में अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
24	मा0 केतकी सिंह जी	करम्मर में संत शिरोमणि रविदास मंदिर जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
25	मा0 दयाशंकर सिंह जी	रविदास मंदिर, हल्दी जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
26	मा0 दयाशंकर सिंह जी	पिपरपाती रविदास मंदिर अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
27	मा0 दयाशंकर सिंह जी	सेमरी रविदास मंदिर अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
28	मा0 दयाशंकर सिंह जी	आमडारी रविदास मंदिर अम्बेडकर स्थल जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
29	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू भैया)	कलेक्ट्रेट के पास बलिया नगर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
30	मा0 जयप्रकाश अंचल जी	नगर पंचायत बैरिया में स्थापित रविदास जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
31	मा0 जयप्रकाश अंचल जी	विकास खण्ड रेवती के ग्राम भैसहा में स्थापित रविदास जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
32	मा0 जयप्रकाश अंचल जी	विकास खण्ड रेवती के ग्राम जमघरवा में स्थापित रविदास जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
33	मा0 जयप्रकाश अंचल जी	विकास खण्ड मुरलीछपरा के ग्राम सभा इब्राहिमाबाद उपरवार में स्थापित रविदास जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
34	ब्लाक प्रमुख बैरिया	ग्राम सभा भीखाछपरा में रविदास जी एवं अम्बेडकर जी के मंदिर का जिर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
35	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत काजीपुर विकास खण्ड मनियर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
36	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम पंचायत बिजलीपुर विकास खण्ड मनियर अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
37	मा0 जियाउद्दीन रिजवी जी	ग्राम सभा बघुड़ी में रविदास जी ए अम्बेडकर जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
38	मा0 जियाउद्दीन रिजवी जी	ग्राम पंचायत कोथ में रविदास मंदिर जी एवं अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एव सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
39	मा0 जियाउद्दीन रिजवी जी	ग्राम सभा सिकिया में रविदास जी एवं अम्बेडकर जी के मन्दिर का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
40	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्राम सभा बरैवोडा मे स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
41	मा0 सनातन पाण्डेय जी	ग्राम सभा चिन्तामणिपुर मे स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
42	मा0 दानिश आजाद अंसारी	ग्राम सभा अतरौली में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जर्णोद्धार एव सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
43	मा0 सनातन पाण्डेय जी	ग्राम सभा सिकरिया कला में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
44	मा0 दानिश आजाद अंसारी जी	ग्राम सभा शाहबाजपुर में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
45	मा0 दयाशंकर सिंह जी	ग्राम सभा बंसतपुर में अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
46	मा0 दयाशंकर सिंह जी	ग्राम सभा सिंहघुर स्थापित संत रविदास एवं अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
47	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा नूरपुर में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
48	मा0 दयाशंकर सिंह जी	ग्रामसभा फलवरिया में स्थापित रविदास की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
49	मा0 दयाशंकर सिंह जी	शिवपुर बयासी नई बस्ती में स्थापित संत रविदास एवं अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
50	मा0 दयाशंकर सिंह जी	ग्राम सभा बन्धुचक में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
51	मा0 दयाशंकर सिंह जी	ग्रामसभा बहादुर में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
52	मा0 दयाशंकर सिंह जी	ग्राम सभा पाण्डेयपुर मिश्र में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
53	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा गोपालनगर में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
54	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा चौबे छपरा में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एव सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
55	मा0 नीरज शेखर जी	ग्राम सभा मून छपरा में स्थापित संत रविदास एवं अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
56	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा मुरलीछपरा हरिजन टोला में स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
57	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा लक्ष्मीपुर में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
58	मा0 श्रीमती केतकी सिंह	ग्राम सभा अहिराली पाण्डेय में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
59	मा0 श्रीमती केतकी सिंह	ग्राम सभा शाहपुर में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
60	मा0 श्रीमती केतकी सिंह	ग्राम सभा देवडीह में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
61	मा0 श्रीमती केतकी सिंह	ग्राम सभा महराजपुर में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
62	मा0 केतकी सिंह जी	ग्राम सभा पिडहरा में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.46	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
63	मा0 हंसू राम	ग्राम सभा चौरवां में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
64	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा मोहम्मदपुर में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
65	मा0 हंसू राम	ग्राम सभा डीहवा में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
66	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा कठौडा में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
67	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा नरहनी तुर्कवलिया में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.45	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
68	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू भैया)	ग्राम सभा मझवलिया में स्थापित संत रविदास जी की मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
69	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा जजौली में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			
70	मा0 रविशंकर सिंह जी (पप्पू)	ग्राम सभा करमौता में स्थापित अम्बेडकर जी के मूर्ति का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण का कार्य।	8.47	0.17	225+ 500+131 =856.00	दो माह			

2. दिनांक–10.11.2026 से दिनांक–12.11.2026 तक कालम सं0–6 मे अंकित धनराशि का नकद का भुगतान करके सं0–8, 9 एवं 10 अंकित स्थानों से निविदा प्रपत्र समय 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक खरीद जा सकता है।
3. कालम सं0–8 पर अंकित दिये गये स्थान पर दिनांक–13.11.2026 को समय 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदाये पेटी मे डाली जायेगी। तथा उसी कार्य दिवस दिनांक–13.11.2026 को समय 2.00 बजे निविदा कार्यालय में खोली जायेगा।
4. विस्तत शर्तो एवं नियमों हेतु प्रखण्ड बलिया कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

उ.प्र.:– 260717
दिनांकः– 06.11.2026

(आर.के. गोंड)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बलिया
वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

मधुबन में शिकायतों की झड़ी

मधुबन(मऊ)। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने तहसील मधुबन में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि 5 शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों की टीमें मौके पर भेजी गईं। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 56 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। इसके अतिरिक्त चकबंदी विभाग की 18, पुलिस विभाग की 7 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जनसुनवाई के दौरान एक ऐसा प्रकरण भी सामने आया, जिसमें शिकायतकर्ता खतौनी संशोधन के लिए बार-बार तहसील के चक्कर लगा रहा था। जिला.

87में 15का झटपट निबटारा

धिकारी ने प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर ही खतौनी में आवश्यक संशोधन कराया तथा संशोधित खतौनी शिकायतकर्ता को जनसुनवाई के दौरान ही उपलब्ध करा दी। जिलाधिकारी की इस त्वरित कारर्वाई से शिकायतकर्ता को तत्काल राहत मिली। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही अथवा उदासीनता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कारर्वाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी मधुबन दीपक कुमार सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिक. ारी उपस्थित रहे।



१४ खाद विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित

मऊ। जनपद में कतिपय उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरकों की बिक्री (ओवररेटिंग) किए जाने का मामला समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन के संज्ञान में आया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिक. ारी के निर्देश पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में संचालित उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर अधिका. रियों द्वारा किसान के भेष में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी की कारर्वाई की गई। निरीक्षण के दौरान निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरकों की बिक्री किए जाने के मामले में 14 उर्वरक विक्रेता दोषी पाए गए। इन सभी के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत प्रवर्तन संबंधी कारर्वाई करते हुए उनके उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निर्लंबित कर दिए गए हैं तथा उर्वरक बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मेला आज से

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कस्बे में दीपावली के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मां लक्ष्मी मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दीपावली के दूसरे दिन से शुरू होने वाला यह तीन दिवसीय मेला अपनी धार्मिक एवं ऐतिहासिक परंपरा के लिए विशेष पहचान रखता है।

जनता खा रही ठोकर,जनप्रतिनिधि काट रहे जेल और कोर्ट का चक्कर-शक्ति सिंह



मऊ। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शक्ति सिंह ने कहा कि मऊ जनता त्रस्त है और यहां का विधायक कोर्ट और जेल का चक्कर काटता दिख रहा है। 35वर्षों के विकास को लेकर जन प्रतिनिधियों से सवाल किया जायेगा। उद्योग और पलायन,टेक्सटाइल हब,व्यापारियों में असुरक्षा,स्वास्थ्य से खिलवाड़ ,नारकीय जलजमाव,इण्डस्ट्रियल कारीडोर क्यों नहीं जैसे सवालों को लेकर उन्होंने स्वाभिमान और नव निर्माण का संकल्प व्यक्त किया।

डा.अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर के वार्ड नं.2 कमालचक में भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार विधायक मुहम्मदाबाद गोहना एवं विशिष्ट अतिथि रामप्रत. ाप यादव चेयरमैन नगर पंचायत चिरैयाकोट मऊ तथा जयप्रताप यादव प्रधान मनाजीत व डा. सोचन भारती ने दीपदान व पंचशील पाठ के साथ किया। संचालन अशोक कुमार अश्क चिरैयाकोटी एडवोकेट ने किया। उसके बाद बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति कमालचक के सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए जयप्रताप यादव ने कहा कि बाबा साहब ने सबको बराबरी का अधिकार दिया है। समाज में सभी लोग एक समान है। ऊंच-नीच की बात करने वाले कुत्सित मान. सिकता के लोग हैं। उन्हें समाज से

विधायक और चेयरमैन की रही मौजूदगी

कोई मतलब नहीं। चेयरमैन रामप्रत. ाप यादव ने कहा कि हम सभी को डा.अंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षों से सीख लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह नगरवासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। नगर का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने अंबेडकर पार्क के सुंदरीकरण कराने का भी आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा इसलिए स्थापित की जाती है कि हमारी आने वाली पीढ़ी बाबा साहब के संघर्षों और उनके सामाजिक योगदान को लोग जानें और याद रखें तथा समाज में एकजुटता बनी रहे। इस दौरान मिशन गायक किशोर कुमार पगला, श्वेता आदि ने अपने गीतों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ओमप्रकाश, रामानंद,डा.इंद्रदेव राम,मनोज दी ग्रेट, श्यामलाल, डा. प्रेमचंद प्रधान,राजेश भारती, बृजेश,उमेश,मन्नू, संजय,बैजू यादव, प्रकाश, पंकज,गोरख,राजन, रामजन्म, ज्ञान, इंद्रासन आदि सैकड़ों लोगों सहित अनेक महिलाओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांज. लि अर्पित किया।



पार्वती महिला पीजी कालेज में डांडिया

दोहरीघाट (मऊ)। कस्बे में पार्वती महिला पीजी कालेज के प्रांगण में आयोजित डांडिया महोत्सव में छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर जब छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में डांडिया खेला तो पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की आरती और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद छात्राओं ने ,आयो रे शुभ दिन आयो रे,नगाड़ा संग ढोल बाजे,घाघरों घाघरों ,राम आयेगें पर ग्रुप डांस, सोलो डांडिया और गरबा नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। लाल-पीले लहंगे और चनिया-चोली में सजी छात्राएं सबका मन मोह रही थी। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित



करते हुए प्राचार्या डा. रंजना द्विवेदी ने कहा मेरी प्यारी छात्राओं, दिवाली सिर्फ दीप जलाने का पर्व नहीं है, ये अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का पर्व है। एक दीया ज्ञान का जलाओ, जो तुम्हें जीवन में आगे बढ़ाए। एक दीया संस्कार का जलाओ, जो तुम्हें अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान सिखाए। उन्होंने आगे कहा कि इस दीपावली पर आपके घर में लक्ष्मी जी के साथ-साथ सरस्वती जी का भी वास हो। धन के साथ ज्ञान भी आए, तभी जीवन सार्थक होगा। उन्होंने छात्राओं से पटाखों से नहीं, बल्कि अपनों के साथ मुस्कुराकर दिवाली मनाने की अपील की।अंत में प्रबंधक डा बिपिन बिहारी द्विवेदी ने सभी गुरूजनों व कर्मचारियों को दिवाली का उपहार देकर शुभकामनायें दी । श्रेष्ठ डांडिया प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं, प्रबंध समिति के सदस्य छात्राएं उपस्थित रहीं।

कृति ने पहले ही प्रयास में पास की सीए फाउंडेशन परीक्षा

मऊ। सदर ब्लाक के प्रधान ग्राम भवनाथपुर के मनीष सिंह की पुत्री कृति सिंह बिसेन ने पहले ही प्रयास में सीए फाउंडेशन परीक्षा पास कर घर -परिवार का नाम रोशन किया है।



मुहम्मदाबाद में चार मामले निबटे

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। तहसील परिसर में शनिवार को खंड विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर 58 प्रार्थना पत्रों में से चार मामले का निस्तारण मौके पर किया

धारदार हथियार से हमला,एफआईआर

मऊ । रामपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर के ब्रजभूषण पटेल पुत्र रामनिवास का आरोप है कि गांव का नंदलाल पटेल पुत्र श्रीराम पटेल जो दबंग एवं सर्कस किस्म का व्यक्ति है । 6 नवम्बर की सुबह आठ बजे मैं अपने खेत पर गया था। जहाँ नंदलाल गाली गुप्ता देते हुए मुझ पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया । इस मामले में रामपुर पुलिस ने घायल व्यक्ति की तहरीर पर नंदलाल के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

आनन्द का दो पदों पर चयन

रतनपुरा (मऊ)। सीमित संसाधनों और खेती-किसानी की पृष्ठभूमि में पले-बढ़े 28 वर्षीय आनंद मौर्य ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर दो प्रतिष्ठित केंद्रीय सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आनंद का चयन परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) में सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। वहीं, उनका चयन मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के अंतर्गत एनबीसीसी में जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) के पद पर भी हुआ है। इस परीक्षा में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल कर अपनी मेधा का परिचय दिया है। इसके साथ ही सहायक वैज्ञानिक पद पर ओबीसी श्रेणी में भी उन्होंने प्रथम रैंक प्राप्त किया है।

छठ पूजा की वेदी बनाने गया इकलौता बेटा कर्मनाशा में डूबा

सेवराई, गाजीपुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के गहमर थाना अंतर्गत देवल गांव स्थित बाबा कीनाराम कर्मनाशा नदी घाट पर शनिवार की सुबह छठ पूजा की तैयारी के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। पूजा की वेदी बनाने के लिए दोस्तो के साथ घटवारी में मंदिर के पास कर्मनाशा नदी में बने बाबा कीनाराम घाट पर गया 15 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू करा दी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था।प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह ओमसिंह अपने दोस्तों के साथ कर्मनाशा नदी घाट पर छठ पूजा के लिए वेदी बनाने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में चला गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह पानी में डूब चुका था। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल गहमर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों की मौजूदगी में क्षेत्रीय गोताखोरों की मदद से नदी में किशोर की तलाश शुरू की गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता और अन्य परिजनों का दुख देखकर ग्रामीण भी गमगीन हैं।ओमसिंह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। ऐसे में परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस संबंध में गहमर थाना निरीक्षक नंद कुमार तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में किशोर की तलाश कराई जा रही है।

सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

जखनिया (गाजीपुर)। स्थानीय बाजार में सब्जी विक्रेता पर बीयर की बोतल फोड़कर जानलेवा हमला करने के आरोपित को भुड़कुड़ा कोतवाली पुलिस ने शनिवार की सुबह पनिकसा मोड़ के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा।गौरतलब है कि जखनिया बाजार में बीते दिनों सब्जी विक्रेता विजय कुशवाहा पुत्र नरसिंह कुशवाहा, निवासी मंझनपुर महुआबारी पर मामूली विवाद के दौरान बीयर बार की बोतल फोडकर विजय कुशवाहा पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर द्वारा जानकारी मिलने पर से भुड़कुड़ा कोतवाली के एसएसआइ बृजेश कुमार गुप्ता ने हमराहियों के साथ पनिकसा मोड से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल प्रभारी धर्मेंद्र पांडे ने बताया कि अन्य बदमाशों को भी चिन्हित कर लिया गया है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भरत मिलाप लीला से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा

दिलदारनगर (गाजीपुर)। क्षेत्र के उसियां गांव में शनिवार शाम राघवेंद्र रामलीला समिति की ओर से भरत मिलाप लीला से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें घोड़े पर सवार होकर राम और लक्ष्मण के साथ हनुमान तथा बंदरी सेना के कलाकार शामिल हुए। हाथों में गदा लिए बंदरी सेना के कलाकारों ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके बाद शोभायात्रा रामलीला मैदान पहुंची, जहां रात में भरत मिलाप लीला का मंचन किया जाये गा। समिति के अध्यक्ष अच्छेलाल राय ने बताया कि हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी शोभायात्रा निकाला गया जिसमें राम, लक्ष्मण और बंदरी सेना के साथ घोड़ा पर सवार होकर गांव में भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंचा।

ट्रेलर-कार की टक्कर में कार चालक की मौत

भांवरकोल(गाजीपुर)। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 337 के पास कार और बालू लदी ट्रेलर के आपस में टकरा जाने से कार चालक बिहार के औरंगाबाद जनपद की गोविंदपुर (आशियाना मोड़ पटना) निवासी ऋषभ आनंद (29) की गंभीर रूप से चोट लगने के कारण मौत हो गई। कार में कुल चार लोग सवार होकर पूर्वांचल वे के रास्ते बिहार के पटना जा रहे थे, जैसे ही उनकी कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 337 के समीप टोल प्लाजा के पास पहुंची कि विपरीत दिशा से बालू लदा ट्रेलर असावधानी के कारण गलत लेन में जाकर कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर होने के बाद ट्रेलर चालक मौके पर ही ट्रेलर छोड़कर भागने में सफल हो गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस कार का चालक बिहार के औरंगाबाद के गोविंदपुर निवासी ऋषभ आनंद (29) तथा बिहार के ही वैशाली जिला में लालगंज के थाना करथहां के चंदावार निवासी पुष्कर कुमार तथा भागलपुर जिले के कहलगांव निवासी रविराज के अलावा झारखंड के दुमका जिले के बासुकीनाथ निवासी प्रफुल्ल कुमार सवार थे। इस सड़क दुर्घटना में कार का चालक ऋषभ आनंद और उसका साथी पुष्कर कुमार गंभीर रूप से चोटिल हो गए। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि ऋषभ के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिजवा दिया गया है।

विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

मरदह (गाजीपुर)। बिरनो थाना क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र बिरनो अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चंपारण पट्टी में बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के किचन को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर विद्यालय के किचन के दरवाजे की घुंडी और ताला तोड़कर अंदर रखे गैस सिलेंडर, दो भगोना तथा चावल चोरी कर ले गए। वहीं विद्यालय परिसर के बाहर कुछ बर्तन फेंके हुए मिले। शनिवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामनिवास यादव, ग्राम प्रधान रामलखन राम सहित गांव के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद प्रधानाध्यापक ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

डीएम ने दीपावली, छठ पूजा और भैया दूज की दी शुभकामनाएं



गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपदवासियों को दीपावली, छठ पूजा एवं भैया दूज के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि रोशनी और खुशियों का यह पर्व जिले के प्रत्येक परिवार के जीवन में नई उमंग, खुशहाली और सकारात्मकता लेकर आए। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि सभी त्योहारों को आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाएं। पर्वों के दौरान एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए

त्योहारों को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील

सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत बनाएं। उन्होंने दीपावली पर पटाखों का इस्तेमाल पूरी सावधानी और निर्धारित मानकों के अनुसार करने की सलाह दी। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा का ध्यान रखने तथा किसी भी तरह की लापरवाही से बचने की अपील की। वहीं छठ पूजा के दौरान घाटों एवं जलाशयों पर साफ-सफाई बनाए रखने और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा। अंत में जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से त्योहारों की खुशियां सभी के साथ साझा करने तथा गाजीपुर की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक सौहार्द की समृद्ध परंपरा को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

बभनौली गांव के पास लहूलुहान हालत में मिला युवक

खानपुर (गाजीपुर)। खानपुर थाना क्षेत्र के बभनौली गांव के पास शनिवार की सुबह एक 27 वर्षीय युवक लहूलुहान हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक की पहचान औड़िहार खुर्द पकवाइनार गांव निवासी विपुल यादव के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची खानपुर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उसे भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, विपुल यादव शुक्रवार की शाम करीब सात बजे अपने घर से निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। शनिवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीण टहलने निकले तो बभनौली गांव के पास एक पंपिंग सेट के नजदीक उन्हें लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। युवक की हालत देखकर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना खानपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिधौना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भिजवाया। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक किन परिस्थितियों में घायल हुआ और वह अपने घर से करीब दस किलोमीटर दूर कैसे पहुंचा।

भरत मिलाप लीला से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा

दिलदारनगर (गाजीपुर)। क्षेत्र के उसियां गांव में शनिवार शाम राघवेंद्र रामलीला समिति की ओर से भरत मिलाप लीला से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें घोड़े पर सवार होकर राम और लक्ष्मण के साथ हनुमान तथा बंदरी सेना के कलाकार शामिल हुए। हाथों में गदा लिए बंदरी सेना के कलाकारों ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके बाद शोभायात्रा रामलीला मैदान पहुंची, जहां रात में भरत मिलाप लीला का मंचन किया जाये गा। समिति के अध्यक्ष अच्छेलाल राय ने बताया कि हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी शोभायात्रा निकाला गया जिसमें राम, लक्ष्मण और बंदरी सेना के साथ घोड़ा पर सवार होकर गांव में भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंचा।

आज ही मनायी जायेगी दीपावली

गाजीपुर। प्रकाश और उल्लास का महापर्व दीपावली इस वर्ष 8 नवंबर, रविवार को मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखने वाला यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। दीपावली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में पूजन करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। पर्व को लेकर घरों की साफ-सफाई, सजावट और पूजन की तैयारियां की जा रही हैं। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष कार्तिक अमावस्या तिथि 8 नवंबर को सुबह 11 बजकर 27 मिनट से प्रारंभ होकर 9 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट तक रहेगी। प्रदोष काल में अमावस्या तिथि की उपस्थिति को देखते हुए दीपावली का मुख्य पर्व आज 8 नवंबर को ही मनाया जाएगा। दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा के लिए प्रदोष काल को विशेष शुभ माना गया है। पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी और सजावट की तैयारियों का माहौल बना हुआ है।

पिता-पुत्र से मारपीट, चार नामजद सहित अज्ञात पर मुकदमा

मरदह (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र के भैंसही नदी पुल के पास शुक्रवार की रात मऊ से निमंत्रण कर लौट रहे पिता-पुत्र पर बाइक सवारों ने हमला कर दिया। बसवारी निवासी लालबहादुर राम अपने पुत्र अमरजीत कुमार के साथ घर लौट रहे थे। आरोप है कि पुल के दक्षिण तरफ शेषनाथ, भीम कुमार, कमलेश कुमार, राजेंद्र कुमार सहित कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें घेरकर लाठी-डंडे व हॉकी से मारपीट की। हमले में लालबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनका पुत्र किसी तरह भागकर बचा। पुलिस ने चार नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्पाती बंदर के हाथ लगा नारियल

दिलदारनगर (गाजीपुर)। नगर में इन दिनों बंदरों का उत्पात चरम पर है. कब किसी राहगीर को काट लें या उनके खाने पिने का सामान झपट्टा मार ले उड़ें ये तो आम बात है. शनिवार की अहले सुबह एक ऐसा नजारा देखने को रेलवे फाटक शिव मंदिर के पास मिला जो लोगों के बीच कौतुहल का विषय बन गया , जब एक उत्पाती बंदर फुटपाथ पर फल व्यवसाय करने वाले के ठेले से नारियल ले भागा और आम के पेड़ के डाल पर बैठ बड़े इत्मीनान से नारियल का छिलका अपने पैने दांतो से नोंचने लगा इसे देख लोगों की भीड़ जमा हो गई. जब बंदर नारियल के छिलके को नोच डाला तब जब बारी आई कठोर छिलके की लाख जतन किया जब कठोर छिलका नहीं हटा तो भन्नाये बंदर ने अपने आधे घंटे का प्रयास विफल जाता देख नारियल को फेंक चलता बना।

धनतेरस पर बच्चों ने दिखायी रचनात्मक प्रतिभा

बाराचवर (गाजीपुर)। डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में धनतेरस का त्योहार हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी और आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली सजावट को प्रतियोगिता के रूप में भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान रंगोलियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक और संवेदनशील विषयों को भी प्रदर्शित किया गया। विशेष रूप से जबलपुर में मां-बेटे के साथ हुए दर्दनाक हादसे का चित्रण रंगोली के माध्यम से कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर हर्ष राय ने समस्त क्षेत्रवासियों, जनपदवासियों एवं देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश और आपसी प्रेम का पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर नगरवासियों ने दीप प्रज्वलित कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया था। इस अवसर पर डायरेक्टर हर्ष राय ने विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को दीपावली के उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय परिसर में त्योहार का उल्लास और उत्साह देखने को मिला।

शुभ दिवाली
SNK
SNK
SNK
SNK
SNK
PAN MASALA
0% Nicotine, 0% Tobacco
0% NICOTINE 0%TOBACCO
CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH. NOT FOR MINORS.

बारिश ने लगायी भारत की नैया पार

वर्षा बाधित दूसरे एकदिनी में न्यूजीलैण्ड को डीएलएस के सहारे चार रन से हराया, गुरनूर बराड ने झटके चार विकेट



वेलिंगटन (एजेन्सियां) गुरनूर बराड (४-३०) की अगुवाई में गेंदबाजों ने जब अपनी करामाती गेंदबाजी से न्यूजीलैण्ड को १३५ रन पर समेट दिया था तो लगा था कि भारत यह मैच आसानी से जीत जायेगा लेकिन कीवी गेंदबाजों को भी इस पिच से मदद मिली और उन्होंने भी शक्तिशाली भारतीय बल्लेबाजी को ध्वस्त कर उसका स्कोर २६ ओवर में सात विकेट पर ११३ रन कर जीत की उम्मीद जगा ली लेकिन तभी इंद्र देव का खेल शुरू हो गया और मैच आगे नहीं हो सका जिससे बारिश ने भारत की नैया पार लगा दी और उसे दूसरे एकदिनी मुकाबले में शनिवार को डकवर्थ लुईस पद्धति से चार रन से जीत मिल गयी। स जीत के साथ` पांच मैचों की श्रृंखला में मेहमान टीम २-० से आगे हो गयी। जब बारिश के कारण खेल खत्म किया गया उस समय भारत को डीएलएस नियम के तहत १०९ रन बनाने थे और उसके ११३ रन थे। लगातार बारिश की बाधा के बीच ओवरों में कटौती के बीच १३५ रन के लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शुरुआत के चार ओवर में ही १७ रन के स्कोर पर उसने अपने दो दिग्गज बल्लेबाजों को खो दिया। भारत को पहला झटका शुभमन गिल के रुप लगा जो जैकब डफी के शिकार हुए। गिल खाता भी नहीं खोल पाये। पिछले मैच में अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले विराट कोहली का भी इस बार बल्ला नहीं चला और वे एक चौके की मदद से केवल सात रन बना कर डफी की गेंद पर विल यंग को कैच थमा बैठे । कोहली भले ही सात रन ही बना पाये लेकिन इस दौरान उन्होंने आस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग के न्यूजीलैण्ड के खिलाफ बनाये गये १९७१ रन के रेकार्ड को पीछे छोड़ दिया। शुरुआत में असहज दिख रहे रोहित शर्मा धीरे-धीरे लय में आने लगे। उन्होंने पारी का नौवा ओवर लेकर आये काइल जैमीसन की गेंद पर शानदार छक्का जड़ा। इसी ओवर में एक और बड़ा शाट खेलने के चक्कर में बाहर जाती गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर हैरी निकोल्स के हाथों में चली गयी जिससे रोहित की २८ गेंदों में दो चौके, दो छक्के की मदद से खेली गयी २३ रन की पारी का अन्त हो गया। रोहित ने दो छक्के के साथ पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी द्वारा न्यूजीलैण्ड के खिलाफ लगाये गये ५० छक्के के रेकार्ड को तोड़ दिया। अक्षर पटेल भी सात रन बना कर पवेलियन लौट गये। इसके बाद पारी संभालने आये कप्तान श्रेयस अय्यर ने कुछ अच्छे शाट खेले लेकिन २०वें ओवर में ८६ रन के स्कोर पर वह भी काइल जेमीसन की शार्ट आफ लेंथ गेंद पर टाम लाथम को कैच थमा बैठे। श्रेयस ने ४६ गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से ३० रनों की पारी खेली। इसी समय बारिश के कारण खेल रोक दिया गया। इसके बाद जब खेल फिर शुरू हुआ तो भारत को नमन धीर (१२) के रुप में १०८ रन पर छठां झटका लगा जो जैकफ डफी के शिकार हुए। अंशुल कंबोज (एक) को जैमीसन ने चलता किया। एक छोर संभाले केएल राहुल जब ३८ गेंद पर दो चौके, दो छक्के की मदद से २६ रन पर थे और भारत का स्कोर २६ ओवर में सात विकेट पर ११३ रन था और भारत १२६ गेंद में २२ रन की जरुरत थी तभी तेज एक बार फिर तेज बारिश शुरू हो गयी जिसके बाद खेल नहीं हो सका और भारत को डीएलएस नियम के तहत चार रन से विजेता घोषित कर दिया गया। डफी और जैमीसन ने ३५-३५ रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले गिल ने टास जीतकर गेंदबाजी का सही फैसला लिया। बारिश और मौसम को देखते हुए मैच प्रति टीम ४७ ओवर का कर दिया गया था। औकिब नबी ने सबसे पहले टिम सीफर्ट (शून्य) का विकेट लिया। मिडविकेट पर खड़े अंशुल कम्बोज ने सामने की ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा और नबी को उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट दिलाया। विल यंग ने १७ गेंद में छह रन बनाये और वह जूझते ही नजर आये। औकिब नबी की आफ स्टंप पर पड़ती गेंद पर बल्ला अड़ाकर वह विकेट के पीछे केएल राहुल को कैच देकर लौटे। हेनरी निकोल्स २६ गेंद में ११ रन बनाकर नौवें ओवर में अंशुल कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हुए। पावरप्ले के भीतर न्यूजीलैण्ड के तीन विकेट २९ रन पर निकल चुके थे। पावरप्ले के बाद गुरनूर बराड ने अपनी गेंदों की उछाल से बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने एक ही ओवर में सटीक शार्टपिच गेंदों पर टाम लैथम और ग्लेन फिलिप्स के विकेट चटकाये। लैथम (सात) ने बाहर की ओर जाती गेंद पर नमन धीर को कैच दिया जबकि फिलिप्स (शून्य) का कैच कम्बोज ने लपका। डेरिल मिचेल ने १०४ गेंद पर पांच चौके, दो छक्के की मदद से ५५ रन बनाये। भारतीय कप्तान गिल ने मिचेल को एक जीवनदान भी दिया था जिसका फायदा उठाकर उन्होंने मिचेल सेंटनेर (३८ गेंद में ३१ रन) के साथ ९० गेंद में ५९ रन की साझेदारी की । मिचेल को अक्षर पटेल ने कम्बोज के हाथों लपकवाकर पवेलियन भेजा। इस साझेदारी के टूटने के साथ ही न्यूजीलैण्ड की पारी ढह गयी और पूरी टीम ४१ ओवर में १३४ रन पर सिमट गयी। प्लेयर आफ द मैच गुरनूर के अलावा औकिब नबी, अंशुल कंबोज और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट आपस में बांटे।





आदर्श की जीत में चमके शशि



वाराणसी। प्लेयर अफ द मैच शशि यादव (पांच विकेट, 39 रन) के हरफनमौला खेल के बदौलत आदर्श क्रिकेट क्लब ने यहां जाल्हूपुर स्थित जार्डन क्रिकेट मैदान में खेली जा रही बाबू तैलंग सीनियर जिला क्रिकेट लीग में शनिवार को शिवपुर क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से पराजित कर दिया। शिवपुर ने पहले खेलते हुए यशस्वी मिश्र ५४ और अमन यादव ५३ रन के सहारे ३२.४ ओवर में १६१ रन बनाये। जवाब में आदर्श क्रिकेट क्लब ने ३२.५ ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। एक समय आदर्श के ११६ रन पर सात विकेट गिर गये थे। लेकिन इसके बाद शशि ने आशीष यादव अजेय ११ के साथ मिलकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।



दिग्गज अलविदा नहीं कहते, इतिहास बन जाते हैं

शमी के संन्यास पर बोले दिग्गज



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय क्रिकेट टीमके अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमीके टेस्ट क्रिकेटसे संन्यास लेनेका एलान के बाद पूर्व क्रिकेटरोंसे लेकर आईपीएल फ्रेंचाइजी तक ने शानदार टेस्ट करियरको याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बंगाल के पूर्व कप्तान मनोज तिवारी ने शमी के साथ बिताये दिनों को याद करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा भले ही अब लाल गेंद उनके हाथों में नहीं होगी, लेकिन उनकी तूफानी गेंदबाजी की यादें हमेशा क्रिकेट प्रेमियोंके दिलों में रहेंगी। कुछ दिग्गज अलविदा नहीं कहते, बल्कि इतिहास बन जाते हैं। वह दिल से एक योद्धा हैं। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में आपकी कमी खलेगी दोस्त। शानदार करियर के लिए बधाई। जल्द ही नीली जर्सी में फिर मुलाकात होगी। वहीं पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा शानदार करियर के लिए बधाई भाई। अजिंक्य रहाणे ने भी शमी को शुभकामनाएं देते हुए उनके करियर की सराहना की। इरफान पठान ने शमी की गेंदबाजी की सबसे खास खूबियों में से एक यानी गेंद को पिच पर पड़ने के बाद देर से मूव कराने की क्षमता की तारीफ की। उन्होंने लिखा आपके शानदार रेड बाल करियर के लिए बहुत-बहुत बधाई। लाल गेंद से आपकी देर से मिलने वाली मूवमेंट को काफी मिस किया जायेगा। बीसीसीआईने शमी की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा भारतीय तेज गेंदबाजी के एक दौर को परिभाषित करने के लिये धन्यवाद, टेस्ट कैप २७९। पूर्व कप्तान और कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अभी शमी के भीतर टेस्ट क्रिकेट बाकी था। उन्होंने कहा शानदार कैरियर। मैं खुशकिस्मत था कि उस समय टीमका कोच था। विश्व क्रिकेटमें उनके जैसा सीम गेंदबाज नहीं है। शास्त्रीने कहा उन्हें संन्यास लेते देखना दुखद है। मेरा मानना है कि अभी वह ३०-४० विकेट और ले सकते थे। दक्षिण अफ्रीकाके पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मार्कलने कहा कि जब वह भारतीय टीमसे गेंदबाजी कोचके तौर पर जुड़े तो शुरूआती दिनों में टीम की सोच और भारतीय भाषा को समझने में मोहम्मद शमीकी मौजूदगी से उन्हें काफी मदद मिली। शमीकी पूर्व आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाएंट्सने भी उनके टेस्ट करियर को याद किया। पंजाब किंग्स ने लिखा लाला, आपकी शानदार सीम पोजिशन और लाल गेंदसे किये गये जादूको हम मिस करेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स ने भी शमी के टेस्ट करियर के आंकड़ों को साझा करते हुए उन्हें याद किया। फ्रेंचाइजी ने लिखा ६४ मैच, १२२ पारियां और २२९ विकेट। जब भी गेंद आपके हाथ में आई, आपने अपना सब कुछ झोंक दिया। और ज्यादातर मौकों पर आपने हमें जश्न मनाने का मौका दिया। सफेद जर्सी में इन यादगार लम्हों के लिए शुक्रिया शमी।



यशस्वी का शतक, भारत ए मजबूत

न्यूजीलैण्ड के साथ अनौपचारिक टेस्ट

लिंकन (एजेन्सियां)। यशस्वी जायसवाल के लागार दूसरे शतक और साई सुदर्शन के अर्द्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए की गयी १२७ गेंद में १७५ रन की शतकीय साझेरी के दम पर भारत 'ए' ने शनिवार से शुरू हुए तीसरे अनऔपचारिक टेस्ट के पहले दिन दो विकेट पर २२७ रन बना कर न्यूजीलैण्ड 'ए' के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्टंप के समय सुदर्शन ७७ (२०५ गेंद) और कप्तान ध्रुव जुरैल १२ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पहले दिन सिर्फ ६९.३ ओवर का खेल हुआ। इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाला, जिस वजह से मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो पाया। न्यूजीलैण्ड ए ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था जो उसी पर भारी पड़ गया। यशस्वी और साई सुदर्शन की टीम इंडिया की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर धुलाई की। इस जोड़ी को तोड़ने के लिए न्यूज़ीलैण्ड ए के कप्तान ने अपने सभी गेंदबाजों को अपनाया लेकिन कोई भी इनके बल्ले को भेद नहीं पा रहा था और दोनों आराम से स्कोर बोर्ड पर रन बढ़ाते जा रहे थे। जायसवाल ने आफ स्पिनर डीन फाक्सक्राफ्ट की गेंद पर ४४वें ओवर में स्वीप शाट खेलकर अपना शतक पूरा किया लेकिन इसके कुछ देर बाद ही वह फर्न्स की गेंद पर मिडआफ में कैच देकर आउट हो गये। हालांकि जब वे ५४ रन पर थे तो उन्हें जीवनदान मिला था जो मेजबान टीम के लिए महंगा साबित हुआ। यशस्वी ने १३८ गेंद में १६ चौके और दो छक्के की मदद से १०२ रन बनाये। उन्होंने इससे पहले वाले टेस्ट में १५५ रन की पारी खेली थी। देवदत्त पडिक्कल बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल १५ रन बना कर पवेलियन लौट गये। इसके बाद कप्तान ध्रुव जुरैल आये और उन्होंने सुदर्शन के साथ तीसरे विकेट के लिए अब तक १८ रन जोड़ दिए हैं।

उत्तर प्रदेश चैम्पियन

वाराणसी। वाराणसी के अभिनव कुमार राय, मोहम्मद औसफ अली खान और पंकज कुमार की तिकड़ी की बदौलत उत्तर प्रदेश की टीम ने बलिया में खेली गयी ७०वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता के बालकों के अंडर-१७ वर्ग का खिताब जीत लिया। झारखंड दूसरे और पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही। पूरे टूर्नामेंट के दौरान विकास इंटर कालेज में अध्ययन रत इन तीनों छात्रों ने उत्तर प्रदेश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबालर शम्सी रजा से प्रशिक्षण ले रहे औसफ अली लेफ्ट हाफ, पंकज कुमार राइट विंग और अभिनव लेफ्ट हाफ पोजिशनसे खेलते हैं। सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेशने पंजाब को हराया था। प्रदेश के चैंपियन बनने पर विकास एजुकेशनल ग्रुप के चेयर मैन डाक्टर ए.के. सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक वारणसी मंडल दिनेश कुमार सिंह और मंडलीय क्रिड़ा सचिव राजेश कुमार ने बधाई दी।





समस्त जनपदवासियों को

शुभ दीपावली

गोवर्धन पूजा, भैया दूज और डाला छठ

की हार्दिक शुभकामनाएं





फूलवन्ती कुमारी

अध्यक्ष,

नगर पंचायत डाला बाजार सोनभद्र

निवेदक–नितेश कुमार

From the house of TIRANGA

Sacred
DEDICATED TO GOD

सेकरेड
यथा नाम तथा गुणः

शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यम् धनसंपदा। शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योति नमोऽस्तुते॥

निरंगा
अगरबत्ती
देश की खुशबू

शुभ

लाभ





तीन भारतीय खुशबूओं में

AN ISO 9001:2008
CERTIFIED CO.

FOR ANY QUERY WHATSAPP 6389 004433

सेकरेड
देश का अपना
डिटर्जेंट पाउडर एंव केक

सफाई 111 शुद्धता
सुगन्ध
हर गृहिणी की पसन्द...